kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-291 | मंगलवार, 25 नवम्बर 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12




कड़ी मेहनत, टीम प्रयास और पक्के इरादे का एक शानदार उदाहरण'' बताते हुए कहा, ''हर खिलाड़ी एक चैंपियन है!'' और भरोसा जताया कि टीम की यह कामयाबी आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देगी। यह वाकई एक ऐतिहासिक खेल कामयाबी है। नरेंद्र मोदी


डीके शिवकुमार ने मुख्यमंत्री परिवर्तन को लेकर मांगा लिखित आश्वासन 11

अस्सी गंगा क्षेत्र में पिछले 20 वर्षों में 125 गंभीर दुर्घटनाए दर्ज 12


# श्रीराम मंदिर के शिखर पर आज फहरेगा धर्म ध्वज


## मोदी अयोध्या में राममंदिर में ध्वजारोहण कर मंदिर निर्माण कार्य पूर्ण होने की घोषणा करेंगे

एजेंसी

अयोध्या। रामनगरी अयोध्या में ध्वजारोहण महोत्सव का उल्लास चरम पर पहुंच गया। ध्वजारोहण समारोह के मुख्य अतिथि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 नवम्बर विवाह पंचमी को उपवास रखेंगे। सुबह दस बजे राम मंदिर पहुंच कर अनुष्ठान में शामिल होंगे और फिर निर्धारित मुहूर्त में राम मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण करेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राममंदिर ध्वजारोहण समारोह में रामविवाह के पावन अवसर पर मंगलवार को अयोध्या के महर्षि बाल्मिकी अंतराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर विशेष विमान से उतरेंगे और रामनगरी अयोध्या में ध्वजारोहण के साथ श्री मोदी राममंदिर निर्माण के पूर्ण होने की घोषणा करेंगे। श्री मोदी यहां साढ़े चार घंटे रहेंगे।

इसके बाद श्री मोदी अपराह्न एक बज कर 55 मिनट पर यहां से दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी के कर कमलों से राममंदिर के शिखर पर 11 बज कर 55 मिनट पर ध्वजारोहण होगा और इसी ध्वजारोहण के साथ श्री मोदी राममंदिर निर्माण के पूर्ण होने



की घोषणा करेंगे। जिसके साक्षी 6000 से अधिक आमंत्रित अतिथि, निर्माण कार्य में लगे 1200 से अधिक इंजीनियर एवं सहयोगी कर्मचारी और व्यवस्था में लगे 600 से अधिक स्वयंसेवक के साथ 1000 से अधिक सुरक्षाकर्मी बनेंगे।

प्रधानमंत्री का विमान अयोध्या एयरपोर्ट पर नौ बज कर 35 मिनट पर उतरेगा। उनका महर्षि बाल्मिकी अंतराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह, प्रदेश महामंत्री संजय राय और भाजपा के स्थानीय जनप्रतिनिधियों नेताओं के साथ प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही करेंगे उनके साथ प्रदेश के दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक भी मौजूद रहेंगे। एयरपोर्ट से सेना के विशेष हेलिकाप्टर से प्रधानमंत्री अयोध्या में राममंदिर के समीप स्थित कामता प्रसाद सुंदर लाल साकेत महाविद्यालय परिसर में बने हेलीपैड पर उतरेंगे। जहां उनका स्वागत प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ भाजपा के स्थानीय नेता करेंगे। नौ बज कर 50 मिनट पर पीएम मोदी का काफिला राममंदिर के लिए रामपथ से प्रस्थान करेगा जहां रामपथ के दोनों तरफ मौजूद अयोध्या के संत धर्माचार्य बटुक पुरोहित व्यापारी महिलाएं और भाजपा के कार्यकर्ता प्रधानमंत्री का तिरंगा भगवा ध्वज शंखनाद स्वस्ति वाचन और पुष्पवर्षा से अभिनन्दन करेंगे। प्रधानमंत्री का काफिला राममंदिर 11 जगतगुरू ● शेष पेज 11 पर

### योगी ने ध्वजारोहण स्थल और मोदी के आगमन मार्ग की तैयारियों का लिया जायजा

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को राममंदिर ध्वजारोहण समारोह स्थल और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन मार्ग का निरीक्षण किया।
योग ने इस दौरान ध्वजारोहण की व्यवस्था देख रहे राममंदिर के प्रबंधक गोपाल राव से पूरी जानकारी ली। ध्वजारोहण स्थल का निरीक्षण करने के बाद मुख्यमंत्री ने मंदिर के मुख्य प्रवेश स्थल के बगल बने मंच पर पहुंचे, जहां से श्री मोदी राममंदिर ध्वजारोहण समारोह में आमंत्रित अतिथियो से संवाद करेंगे। मंच की व्यवस्था की पूरी जानकारी लेने के बाद मुख्यमंत्री ने राममंदिर के पूरे परिसर का निरीक्षण किया।
इसके बाद सप्तऋषि मंदिर भी पहुंचे, जहां श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में प्रवेश करने के बाद सीधे सप्तऋषि मंदिर जायेंगे । इसके साथ- साथ मां शबरी, निषादराज और अहिल्या का दर्शन कर समरसता का संदेश देगे। योगी ने राममंदिर में रामलला का दर्शन पूजन अर्चन किया और दर्शन करने आए श्रद्धालुओं से भी संवाद किया।
राममंदिर पहुंचने से पहले मुख्यमंत्री ने प्रशासनिक एवं एयरपोर्ट के अधिकारियों से व्यवस्था एवं कल के मौसम की जानकारी ली। महर्षि बाल्मिकी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट अयोध्या से सीएम का काफिला साकेत महाविद्यालय हेलीपैड पहुंचा। वहां प्रशासन के साथ सुरक्षा व्यवस्था और आवागमन की जानकारी ली। राममंदिर के मुख्यमंत्री हनुमान गढ़ी मंदिर जाकर हनुमंत लला का दर्शन किया।

### सात हजार सुरक्षा कर्मियों के घेरे में रहेगी सुरक्षा, एटीएस, एनएसजी कमाण्डो भी तैनात

अयोध्या। श्रीराम मंदिर में धर्म ध्वज स्थापना समारोह के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में लगे एसपीजी के अलावा करीब सात हजार पुलिस कर्मी सुरक्षा व्यवस्था के लिए मुस्तैद किए गए हैं। राममंदिर के आसपास का पूरा इलाका अभेद्य किले में बदल दिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी सोमवार को तैयारियों के निरीक्षण के दौरान आईजी और एसपी से सुरक्षा व्यवस्था के हर बारीक बिन्दु पर चर्चा की। आईजी प्रवीण कुमार ने उन्हें बताया कि किस तरह से कई विशेष इकाइयों की ड्यूटियां भी लगाई गई है। छतों पर फोर्स के अलावा हर प्रवेश व निकास द्वार पर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था है। इसके अलावा माइंस टीम, बीडीएस यूनिट, एक्स-रे स्कैनिंग मशीन, सीसीटीवी मॉड्यूल, हाई रिस्पॉन्स वैन, पेट्रोलिंग यूनिट और एम्बुलेंस यूनिट भी तैनात कर दी गई है। विशेष जांच के लिए हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्शन डिवाइस, वाहन माउंटेड स्कैनर तथा बैगेज एक्सरे स्कैनर का प्रावधान सुनिश्चित की गई है। बाहरी जिलों से भी काफी संख्या में एसपी, एएसपी, सीओ और इंस्पेक्टर बुलाए गए हैं। इनकी तैनाती ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### देवेश मिश्र नगर विकास विभाग में बने संयुक्त सचिव

**लखनऊ।** सचिवालय प्रशासन ने सोमवार को पदोन्नति पाने वाले पांच संयुक्त सचिवों को तैनाती दे दी है। देवेश मिश्र को कार्मिक से नगर विकास विभाग में संयुक्त सचिव बनाया गया है। विजय कुमार मिश्रा को राजनैतिक पेंशन से सचिवालय प्रशासन, सूर्य प्रकाश मिश्र को कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग में ही बनाए रखा गया है। सत्येंद्र कुमार श्रीवास्तव को माध्यमिक से आयुष और रजनीकांत पांडेय को समाज कल्याण से उद्यान विभाग में संयुक्त सचिव बनाया गया है।

### भदोही में रंगाई संयंत्र के टैंक में दम घुटने से तीन श्रमिकों की मौत, एक की हालत गंभीर

**भदोही।** उत्तर प्रदेश के भदोही जिला में औराई थाना क्षेत्र के उगापुर स्थित एक रंगाई संयंत्र के टैंक में जहरीली गैस रिसाव के कारण सोमवार को अपराह्न में तीन श्रमिकों की दम घुटने से मौत हो गयी। एक श्रमिकों को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।
पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र के उगापुर स्थित सूर्या कारपेट कंपनी के डाइंग प्लांट के टैंक में सोमवार को दम घुटने से तीन श्रमिकों की मौत हो गयी, जबकि एक श्रमिकों को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।
प्राप्त जानकारी के अनुसार रामसूरत यादव (55) , शीतला प्रसाद (58) र, शिवम दुबे (35) और मध्य प्रदेश के सीधी निवासी राजकिशोर तिवारी (50) एक कालीन कंपनी का रंगाई अनुभाग में काम करते थे। चारों सोमवार को टैंक के अंदर रसायन भरने वाली मशीन को ठीक कर रहे थे।

## जस्टिस सूर्यकांत ने ली उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की शपथ

एजेंसी



नयी दिल्ली। न्यायाधीश सूर्यकांत ने आज उच्चतम न्यायालय के 53वें मुख्य न्यायाधीश की शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें मुख्य न्यायाधीश के पद की शपथ दिलायी। उन्होंने हिंदी में शपथ ली और शपथ ग्रहण के बाद पूर्ववर्ती मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई से गले मिलकर उनका गर्मजोशी से अभिवादन किया।उनका कार्यकाल नौ फ़रवरी 2027 तक होगा। न्यायमूर्ति बी. आर. गवई 23 नवंबर को सेवानिवृत हुए हैं।

इस बार का शपथ ग्रहण समारोह इस दृष्टि से भी ऐतिहासिक रहा क्योंकि इसमें छह देशों-भूटान, केन्या, मलेशिया, मॉरीशस, नेपाल और श्रीलंका के मुख्य न्यायाधीश और सुप्रीम कोर्ट के जज शामिल हुए। यह पहली बार है कि भारतीय मुख्य न्यायाधीश के शपथ ग्रहण समारोह में इतना बड़ा विदेशी न्यायिक प्रतिनिधिमंडल शामिल हुआ। शपथ ग्रहण समारोह में उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह ● शेष पेज 11 पर

## राजनीतिक दलों को मिले नकद चंदे से संबंधित याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस जारी किया

एजेंसी



नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को केंद्र और अन्य से उस याचिका पर जवाब मांगा जिसमें राजनीतिक दलों को 2,000 रुपये से कम का 'गुमनाम' नकद चंदा लेने की अनुमति देने वाले आयकर अधिनियम के प्रावधान की वैधता को चुनौती दी गई है।

याचिका में कहा गया है कि पारदर्शिता की यह कमी चुनाव प्रक्रिया की शुचिता को कमजोर करती है, क्योंकि यह मतदाताओं को दानकर्ता और उनके उद्देश्य समेत राजनीतिक वित्तपोषण के स्रोत के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी से वंचित करती है, जिससे वे वोट डालते समय तर्कसंगत, ● शेष पेज 11 पर

### भारतीय सिनेमा जगत गहरे शोक में डूबा

# 'ही-मैन' धर्मेंद्र नहीं रहे

एजेंसी

मुंबई। बॉलीवुड से एक बेहद दुखद और मन को झकझोर देने वाली खबर सामने आई है। हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के दिग्गज अभिनेता और 'ही-मैन' के नाम से मशहूर धर्मेंद्र का 89 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। उनकी इस दुनिया से विदाई ने न सिर्फ उनके परिवार, बल्कि पूरे देश और भारतीय सिनेमा को गहरे शोक में डुबो दिया है।

बीते कुछ समय से धर्मेंद्र की सेहत लगातार गिर रही थी और वह बढ़ती उम्र से जुड़ी कई समस्याओं से जूझ रहे थे। कुछ दिन पहले उन्हें मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उनकी हालत बिगड़ने पर परिवार लगातार उनके साथ था। बाद में उन्हें घर ले जाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा था। धर्मेंद्र का अंतिम संस्कार पवन हंस श्मशान घाट पर किया जा



रहा है। उनका पूरा नाम धर्मेंद्र केवल कृष्ण देओल था और उनका जन्म 8 दिसंबर, 1935 को पंजाब के नसरानी गांव में हुआ था। एक छोटे-से गांव से निकलकर भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े सितारों में शामिल होने तक का उनका सफर किसी किंवदंती से कम नहीं रहा।

धर्मेंद्र के निधन की खबर फैलते ही फिल्म इंडस्ट्री में मातम छा गया। उनके चाहने वाले, साथी कलाकार और दोस्त इस खबर पर विश्वास नहीं कर पा रहे हैं। सोशल मीडिया पर हजारों पोस्ट उनके नाम से भरे पड़े हैं, फैंस, सेलेब्रिटीज और फिल्मकार उन्हें श्रद्धांजलि दे रहे हैं। सभी के संदेशों में एक ही बात है, धर्मेंद्र का जाना एक युग का अंत है। उनकी मुस्कुराती तस्वीरें, उनकी भारी-भरकम आवाज, उनका करिश्मा और सादगी, सब अब केवल यादों में रह जाएंगे। कई लोग मानने को तैयार ही नहीं कि बॉलीवुड का 'ही-मैन' अब इस दुनिया में नहीं है।

धर्मेंद्र के देहांत की खबर से दुखी काजोल ने इंस्टाग्राम पर अपनी भावनाएँ साझा करते हुए लिखा, ''एक नेक और महान आत्मा हमें छोड़कर चली गई। दुनिया आज पहले से कहीं ज़्यादा खाली महसूस हो रही है ऐसा लगता है कि हम अपने सबसे अच्छे लोगों को खोते जा रहे हैं। धरम जी हमेशा दयालु, स्नेही और प्यारे रहे। उनकी कमी हमेशा खलेगी। फिल्म निर्माता और निर्देशक करण जौहर ने सोशल ● शेष पेज 11 पर




# जिलाधिकारी ने अग्रसेन इंटर कॉलेज सहित कई बूथों का किया निरीक्षण

**विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान फॉर्म डिजिटाइजेशन में तेजी लाने के निर्देश**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने सोमवार को मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत उन बूथों का निरीक्षण किया, जहाँ फॉर्म वितरण, संग्रहण और डिजिटाइजेशन की प्रगति धीमी पाई गई। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बीएलओ व संबंधित अधिकारियों से फार्म डिजिटाइजेशन में हो रही देरी के कारणों की जानकारी ली और कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

उन्होंने अग्रसेन इंटर कॉलेज समेत अन्य चयनित बूथों पर पहुंचकर मतदाता फॉर्म के वितरण, संग्रहण और डिजिटाइजेशन की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि बीएलओ के सहयोग के लिए आवश्यकतानुसार अतिरिक्त कर्मचारी लगाए जाएँ, ताकि हर पात्र मतदाता तक फॉर्म पहुँच सके और डिजिटाइजेशन समय पर पूर्ण हो।जिलाधिकारी ने कहा कि फार्मों का डिजिटाइजेशन वर्तमान में प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों से बूथवार मतदाता संख्या के सापेक्ष वितरित, संग्रहित और डिजिटाइज हुए फॉर्मों की जानकारी प्राप्त करते हुए कार्य की गति बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे शीघ्रता से अपने फॉर्म बीएलओ को उपलब्ध कराएँ।डीएम ने निर्देश दिया कि घर-घर संपर्क अभियान को और प्रभावी बनाया जाए तथा फॉर्म भरवाने व डिजिटाइजेशन के कार्य में तेजी लाई जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थित लोगों से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना और फॉर्म भरने की प्रक्रिया से अवगत कराया।इस दौरान जॉइंट मजिस्ट्रेट अनिमेष वर्मा, उप जिलाधिकारी सदर अभिषेक सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# महान अभिनेता धर्मेंद्र के निधन पर भावुक हुए रवि किशन,कहा 'वे मुझे बीबा मुंडा कहते थे'

**हिंदी सिनेमा का एक युग समाप्त , धर्मेंद्र जी के स्वर्गवास पर रवि किशन ने दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। भारतीय सिनेमा ने आज अपना एक चमकता हुआ सितारा खो दिया। हिंदी फिल्मों के दिग्गज और करोड़ों दर्शकों के प्रिय कलाकार वरिष्ठ अभिनेता धर्मेंद्र देओल जी का 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन की खबर फैलते ही न सिर्फ फिल्मी दुनिया बल्कि पूरे देश में शोक की लहर दौड़ गई।

धर्मेंद्र जी को लोग प्यार से ही-मैन, धरम पाजी और सरलता के प्रतीक के तौर पर जानते थे।धर्मेंद्र जी के इस दुखद निधन पर गोरखपुर सांसद और अभिनेता रवि किशन शुक्ला ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि धर्मेंद्र जी का



संवाद शैली और व्यक्तित्व अनुपम थे। रवि किशन भावुक होते हुए बोले कि यह सिर्फ उद्योग की हानि नहीं बल्कि उनका निजी नुकसान भी है। उन्होंने जाना भारतीय फिल्म जगत के लिए ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए एक ऐतिहासिक और भावनात्मक क्षति है।रवि किशन ने कहा, धर्मेंद्र जी सिर्फ एक महान अभिनेता नहीं थे, बल्कि एक जीवन दर्शन थे। छह दशकों से भी अधिक के उनके फिल्मी सफर ने न सिर्फ हिंदी फिल्मों को नई दिशा दी बल्कि कलाकारों की नई पीढ़ी को प्रेरित किया। उनकी अदाकारी, बताया कि धर्मेंद्र जी उन्हें हमेशा अपने परिवार की तरह मानते थे और स्नेह से बीबा मुंडा कहकर बुलाते थे। रवि किशन ने कहा, "उनकी मुस्कान, उनका स्नेह, और प्यार से मेरा नाम पुकारने की उनकी पहचान३ ये सब मेरी स्मृतियों में हमेशा जीवित रहेगा। मैंने सिर्फ एक अभिनेता नहीं खोया, मैंने पिता समान व्यक्तित्व खोया है। धर्मेंद्र जी का करियर भारतीय फिल्मों के इतिहास में मील का पत्थर माना जाता है। शोलथभ, धरमवीर, सत्यकाम, शोले, फूल और पत्थर, चुपके चुपके जैसी अनगिनत फिल्मों में उन्होंने अपनी कला से दर्शकों का दिल जीता। उनकी लोकप्रियता और सादगी ने उन्हें हर वर्ग के लोगों के दिल के बेहद करीब बना दिया।रवि किशन ने कहा, हर युग में कुछ कलाकार होते हैं जो केवल पर्दे पर नहीं रहते बल्कि लोगों के दिलों में जगह बना लेते हैं। धर्मेंद्र जी ऐसे ही कलाकार थे। उन्होंने सिर्फ मनोरंजन नहीं किया—उन्होंने पीढ़ियाँ गढ़ीं, प्रेरणाएँ दीं और भारतीय भावनाओं को पर्दे पर जीवंत रखा। अंत में रवि किशन ने देश और फिल्म प्रेमियों की ओर से दिवंगत आत्मा के प्रति श्रद्धांजलि व्यक्त करते हुए कहा, धरम पाजी, आप हमेशा ज़िंदा रहेंगे। अपनी फिल्मों में, अपनी सादगी में, अपने अंदाज़ में और हम सबके दिलों में। ईश्वर आपकी आत्मा को शांति प्रदान करे।

### माघ मेला 2026 : तैयारी तेज, इस बार 800 हेक्टेयर में बसेगा मेला

**प्रयागराज।** संगम की रेती पर 3 जनवरी से शुरू होने वाले माघ मेले की तैयारियां जोरशोर से जारी हैं। वर्ष 2024 की तुलना में इस बार माघ मेला अधिक विस्तृत क्षेत्र में बसने जा रहा है। पिछले वर्ष मेला लगभग 768 हेक्टेयर में आयोजित हुआ था, जबकि इस बार इसे बढ़ाकर करीब 800 हेक्टेयर कर दिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेला क्षेत्र विस्तार की घोषणा की है। मेले को सात सेक्टरों में विभाजित किया जाएगा। प्रशासन के अनुसार इस बार 12 से 15 करोड़ श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना है। वहीं, 20 से 25 लाख कल्पवासियों के संगम तट पर कल्पवास करने की उम्मीद जताई गई है। सुरक्षा, स्वच्छता और यातायात प्रबंधन को लेकर विभागों को दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

### 'रोजगार दो, सामाजिक न्याय दो' यात्रा संगम पहुंची, गंगा तट पर की पूजा

**प्रयागराज।** आम आदमी पार्टी की 'रोजगार दो, सामाजिक न्याय दो' यात्रा रविवार को संगम पहुंची, जहां गंगा तट पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। यह यात्रा सांसद संजय सिंह की अगुवाई में 12 नवंबर को अयोध्या से शुरू हुई थी और लगातार विभिन्न जिलों में जनसमर्थन जुटाती हुई प्रयागराज पहुंची है। यात्रा के दौरान युवाओं को रोजगार, न्याय और भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन की मांगों को प्रमुखता से उठाया जा रहा है। संगम तट पर कार्यक्रम के बाद यात्रा आगे बढ़कर पत्थर गिरजाघर पहुंची, जहां जनसभा आयोजित होगी और अभियान का समापन किया जाएगा। पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में यात्रा को लेकर उत्साह देखने को मिला।

### कमिश्नर ने की जनसुनवाई, फरियादियों की समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन

**प्रयागराज।** मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने सोमवार को जनसुनवाई कर मंडल के विभिन्न जनपदों से आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई के दौरान भूमि विवाद, राजस्व, शैक्षणिक एवं सामाजिक योजनाओं से संबंधित शिकायतें अधिक सामने आईं। कमिश्नर ने संबंधित अधिकारियों को सभी मामलों की गंभीरता से जांच कर समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता जन समस्याओं का त्वरित समाधान है, इसलिए लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कमिश्नर ने आश्वस्त किया कि प्रत्येक शिकायत पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, जिससे आमजन को राहत मिल सके। मौके पर विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### पुलिस कमिश्नर ने सुनी जन समस्याएँ, कार्रवाई का दिया भरोसा

**प्रयागराज।** पुलिस कमिश्नर जोगेंद्र कुमार ने पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों की शिकायतें सुनीं। अधिकतर मामले आपराधिक गतिविधियों, विवाद, साइबर ठगी और महिला सुरक्षा से संबंधित रहे। पुलिस कमिश्नर ने प्रत्येक शिकायत पर तत्परता से कार्रवाई के निर्देश दिए और कहा कि अपराध नियंत्रण व पीड़ितों को न्याय दिलाना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने थाना स्तर पर जनसुनवाई को अधिक प्रभावी बनाने के भी निर्देश दिए, ताकि आम जनता को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उपस्थित लोगों ने अपनी समस्याएँ रखते हुए त्वरित समाधान की उम्मीद व्यक्त की।

### टोंस नदी किनारे अवैध बालू खनन पर बड़ी कार्रवाई, रास्ते खुदवाए गए

**प्रयागराज।** खीरी थाना क्षेत्र के धूधूआ पिपराव में टोंस नदी किनारे अवैध बालू खनन की शिकायत पर पुलिस ने कड़ा एक्शन लिया है। सोमवार को एसीपी कौंधियारा अब्दुस सलाम सिद्दीकी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने क्षेत्र में छापेमारी कर अवैध खनन और परिवहन में प्रयुक्त होने वाले रास्तों को जेसीबी से खुदवाकर बंद कराया। साथ ही नदी किनारे इकट्ठा की गई अवैध बालू को भी जेसीबी से वापस नदी में डलवाया गया। पुलिस अधिकारियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि टोंस नदी क्षेत्र में अवैध खनन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। क्षेत्र में गश्त बढ़ाई गई है और खनन माफिया पर नज़र रखी जा रही है। स्थानीय लोगों ने इस कार्रवाई का स्वागत करते हुए पुलिस से ऐसे अभियान लगातार जारी रखने की मांग की है।

### डंपर-कार की भिड़ंत में युवक की मौत, चालक फरार

**प्रयागराज।** यमुनानगर मेजा थाना क्षेत्र के जगेपुर में सोमवार को डंपर और कार की आमने-सामने की टक्कर में कार सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान करछना बीरपुर निवासी विजय यादव के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार युवक मिर्ज़ापुर से प्रयागराज की ओर जा रहा था कि तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उसकी कार में जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। डंपर चालक मौके से फरार बताया गया है। पुलिस वाहन को कब्जे में लेकर दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

### आप की यात्रा संगम पहुंची, संजय सिंह ने की गंगा पूजा, जनसभा आज

**प्रयागराज।** आम आदमी पार्टी की 'रोजगार दो, सामाजिक न्याय दो' यात्रा सोमवार को संगम तट पहुंची। यात्रा का नेतृत्व कर रहे राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ मां गंगा की विधिवत पूजा-अर्चना की। युवाओं को रोजगार, सामाजिक न्याय, भ्रष्टाचार मुक्त शासन और समान अधिकारों की मांगों को लेकर 12 नवंबर को अयोध्या से निकली यह यात्रा कई जिलों से होकर प्रयागराज पहुंची है। पार्टी नेताओं ने बताया कि यात्रा का उद्देश्य जनता की आवाज उठाना और सरकार की नीतियों की खामियों को उजागर करना है। संगम में धार्मिक अनुष्ठान के बाद यात्रा पत्थर गिरजाघर पहुंची, जहां आज जनसभा आयोजित होगी और अभियान के समापन की घोषणा की जाएगी। पार्टी कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला।

### डीसीपी गंगानगर ने जनसुनवाई में सुनी समस्याएँ, त्वरित निस्तारण के निर्देश

**प्रयागराज।** सोमवार को पुलिस उपायुक्त गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत और एसीपी थरवई ने पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित की। जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों ने अपने-अपने मामले रखे जिनमें अधिकांश शिकायतें मारपीट, विवाद, धोखाधड़ी और महिला उत्पीड़न से संबंधित रहीं। डीसीपी ने संबंधित थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक शिकायत का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने पीड़ितों को भरोसा दिलाया कि पुलिस उनके साथ है और न्याय दिलाया जाएगा। जनसुनवाई से लोगों को तत्काल राहत और संतोष मिला। इस दौरान पुलिस कर्मियों को संवेदनशीलता के साथ जनता की समस्याओं का समाधान करने के भी निर्देश दिए गए।

### रेलवे स्टेशन रोड पर ट्रांसफार्मर में आग, बड़ा हादसा टला

**प्रयागराज।** सोमवार सुबह खुर्शीदबाग मेन गेट रेलवे स्टेशन रोड पर ट्रांसफार्मर में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। आग लगने से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और आसपास के दुकानदार सुरक्षा के मद्देनजर दुकानें छोड़कर बाहर निकल आए। सूचना मिलने पर दमकल विभाग की गाड़ियाँ मौके पर पहुंचीं और समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। प्राथमिक जांच में ट्रांसफार्मर के ओवरलोड या तकनीकी खराबी के चलते आग लगने की आशंका जताई जा रही है। राहत की बात रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। बिजली विभाग के अधिकारियों ने क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मर की मरम्मत कर आपूर्ति बहाल करने की बात कही।

# नगर को विधायक निधि से मिला दो सड़क, हुआ भूमि पूजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरावं, प्रयागराज। सोमवार को नगर पंचायत कोरांव मे विधायक निधि से बहादुर शाह नगर एवं चमनगंज वार्ड में इंटरलॉकिंग सड़क का उद्घाटन एवं बहादुर शाह नगर में इंटरलॉकिंग सड़क का भूमिपूजन विधायक राजमणि कोल द्वारा किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत कोराव अध्यक्ष ओम प्रकाश केशरी, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि मेजा गंगा मिश्रा पूर्व ब्लाक प्रमुख अब्यक्त राम मिश्र ,सभासद चुलबुल पाण्डेय , निशांत केशरी , विजय जयसवाल , राम कृष्ण केशरी , संजय पटेल , बबुआन द्विवेदी , करुणेंद्र श्रीवास्तव, सुमित पांडेय रेवती पाल , सच्चिदानंद तिवारी , सुरेन्द्र सिंह पटेल व अन्य लोग उपस्थित रहे।

# एसआईआर फीडिंग में पिपराइच विधानसभा के दो बीएलओ शतप्रतिशत कार्य पूर्ण करने वाले हुए सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। जिले में चल रहे एसआईआर फीडिंग अभियान को सफल बनाने के लिए प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में जिलाधिकारी दीपक मीणा ने स्पष्ट निर्देश दिया था कि जिन विधानसभा के दस बीएलओ द्वारा अपने बूथों पर शतप्रतिशत गणना प्रपत्रों की फीडिंग का कार्य पहले पूरा किया जाएगा, उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा।

सोमवार को पिपराइच विधानसभा से दो बीएलओ ने अपने कार्यों को न सिर्फ समय से पहले पूरा किया, बल्कि पिपराइच विधानसभा के लिए मिसाल भी पेश की। दोनों बीएलओ को जिलाधिकारी ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।*बैठक में डीएम का स्पष्ट संदेश–जो पहले दस बीएलओ करेगा 100% कार्य, वही पायेगा सम्मान**कुछ दिन पूर्व हुई समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी दीपक मीणा ने कहा था कि–*"निर्वाचन कार्य जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। बीएलओ को दिए गए



दायित्व अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। जो बीएलओ अपने हिस्से के सभी गणना प्रपत्रों की फीडिंग 100% पूर्ण कर देंगे, उन्हें सम्मानित किया जाएगा।"इसी निर्देश के बाद बीएलओ में नई ऊर्जा आई और इसका परिणाम पिपराइच विधानसभा में सबसे पहले दिखा। ईआरओ/अपर एसडीएम सदर सुदीप तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि अभिषेक सिंह (भाग संख्या 101)अश्वनी सिंह (भाग संख्या 283)ने अपने-अपने बूथों पर सभी गणना प्रपत्रों की फीडिंग 100% पूरी कर दी है। दोनों ने समयबद्धता और गुणवत्तापूर्ण कार्य का उदाहरण प्रस्तुत किया।जिलाधिकारी दीपक मीणा ने दोनों बीएलओ को बुलाकर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया और कहा कि ऐसे कर्मठ कर्मचारी प्रशासन की प्रतिष्ठा बढ़ाते हैं।डीएम दीपक मीणा ने कहा–दोनों बीएलओ द्वारा समय से और पूरी निष्ठा के साथ काम पूरा करना सराहनीय है। निर्वाचन प्रक्रिया अत्यंत संवेदनशील होती है। सभी बीएलओ इसी तरह मेहनत और जिम्मेदारी से अपने कार्य पूरे करें।उन्होंने निर्देश दिया कि शेष विधानसभा क्षेत्रों में भी बीएलओ तेजी दिखाएं और निर्धारित समय सीमा के भीतर एसआईआर फीडिंग को पूरा करें। नए मतदाताओं के नाम दर्ज करनागलतियों का सुधारमृतक या स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाना विधानसभा स्तर पर सटीक आंकड़ा तैयार करना पिपराइच के दोनों बीएलओ द्वारा इस कार्य को समय से पूरा करना जिला प्रशासन के लिए एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

# एसके पब्लिक स्कूल में हुआ यातायात सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम

**बच्चों ने ट्रैफिक लाइट बनकर दी संकेतों की जानकारी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर । एसके पब्लिक स्कूल में यातायात सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि ट्रैफिक सीओ संजय कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। साथ ही ट्रैफिक सीओ ने स्कूल के बच्चों द्वारा बनाए गए यातायात मॉडल, पोस्टर, चार्ट एवं प्रस्तुतीकरण का अवलोकन किया।

इस दौरान यातायात विषयक क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई और प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कार दिया गया। इसके अलावा जिन छात्रों के पोस्टर और विचार उत्कृष्ट रहे, उन्हें भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान नर्सरी और केजी के छोटे बच्चों ने ट्रैफिक लाइट बनकर उसके संकेत के बारे में रोचक तरीके से जानकारी दी। वहीं, स्कूली बच्चों ने अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए सड़क सुरक्षा को दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में बच्चों को संबोधित करते हुए यातायात प्रभारी विनय कुमार पांडे ने कहा कि सड़क पर सुरक्षित चलना और दूसरों को भी सुरक्षित रखना यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बच्चों से कहा कि वह अपने अभिभावकों तथा रिश्तेदारों से यातायात नियमों का पालन अवश्य करवाएं और दूसरों को भी यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक करें। कार्यक्रम से पूर्व ट्रैफिक सीओ और ट्रैफिक इंस्पेक्टर को शाल एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अध्यापिका शिप्रा सिंह और यूसरा खान ने किया तथा अंत में आभार प्रधानाचार्य सौरभ कुमार शर्मा ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में निगोही थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह, प्रगति दीक्षित, तबस्सुम खान, कंचन सिंह, वर्तिका सक्सेना, तोशिना दीक्षित, प्रिय सक्सेना,उरूज़ शारिक, तालिब खान, कपिल सिंह आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# पाली गांव में पिकअप वाहन पेड़ से टकराया एक युवक गंभीर रूप से घायल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के पाली गांव के पास शनिवार सुबह करीब 7 बजे एक पिकअप वाहन सड़क किनारे लगे नीम के पेड़ से टकरा गया। हादसा इतना भीषण था कि वाहन के गेट लॉक हो गए और उसमें सवार लोग अंदर ही फँस गए।स्थानीय ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद वाहन में फँसे लोगों को बाहर निकाला। हादसे में ड्राइवर के बगल की सीट पर बैठे संतराम (18 वर्ष), पुत्र सुरेश कुमार, निवासी–त्रिलोकपुर लोनी कटरा, जनपद बाराबंकी गंभीर रूप से घायल हो गए।घायल संतराम को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज ले जाया गया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।जानकारी के अनुसार पिकअप वाहन हैदरगढ़ की ओर से टेंट का सामान लेकर एक शादी समारोह में जा रहा था, तभी यह दुर्घटना पाली गांव के पास हुई।

# शहर में आज बंद रहेगी मांस मछली और शराब की दुकानें

कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। नगर निगम, वाराणसी द्वारा श्री साधु टी0एल0 वासवानी जी के जन्म दिवस दिनांक-25 नवम्बर को नगर क्षेत्र में सभी मीट मुर्गा की दुकानों को बन्द करने का आदेश निर्गत किया गया है।

विभिन्न हिन्दू पर्वों/ त्यौहारों पर आम जनमानस को कोई भी असुविधा न हो ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर शराब, मदिरा व मीट के व्यापारिक प्रतिष्ठान/ दुकानों को ऐसे पर्वो पर पूर्णयता बन्द कराये जाने का प्राविधान व निर्देश दिये जाते रहते है। इसी क्रम में शासनादेश दिनांक 22.11.2025 के क्रम में श्री साधु टी0एल0 वासवानी जी का जन्म दिवस दिनांक 25 नवम्बर, 2025 को अभय दिवस अथवा अहिंसा दिवस के रूप मे पूर्व की भांति इस वर्ष भी मनाया जायेगा। पशु कल्याण

**25 नवम्बर, 2025 को अभय दिवस अथवा अहिंसा दिवस के रूप मे पूर्व की भांति इस वर्ष भी मनाया जायेगा**

अधिकारी डा0 संतोष पाल के द्वारा जारी आदेश के अनुसार श्री साधु टी0एल0 वासवानी जी के जन्म दिवस दिनांक 25 नवम्बर, 2025 को अभय दिवस अथवा अहिंसा दिवस के रूप में मनाये जाने के दृष्टिगत नगर निगम वाराणसी सीमान्तर्गत स्थित पशुबध पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगा। समस्त मीट/मुर्गा / मछली की दुकानें बंद रहेगी इसका उल्लंघन किये जाने पर में नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जायेगी।

# एसआईआर को लेकर डीएम पंहुची महराजगंज तहसील, की व्यवस्थाओं की समीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। जिले में चल रही एसआईआर संबंधी तैयारियों और प्रशासनिक व्यवस्थाओं को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी हर्षिता माथुर बुधवार को महराजगंज तहसील सभागार पहुँचीं। यहाँ उन्होंने तहसील एवं ब्लॉक स्तर के सभी संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की, जिसमें एसआईआर से जुड़े सभी बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के दौरान डीएम ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सरकारी कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही को किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्रक्रियाओं को समय से पूर्ण करें तथा फील्ड में की जा रही गतिविधियों पर पैनी नजर बनाए रखें। उन्होंने यह भी जोर दिया कि प्रत्येक जिम्मेदार अधिकारी अपनी भूमिका का ईमानदारी से निर्वहन करें और एसआईआर को लेकर सौंपे गए कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करें।



समीक्षा बैठक के बाद डीएम हर्षिता माथुर विभिन्न बूथों पर पहुंचीं और वहाँ की वास्तविक व्यवस्थाओं का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने आवश्यक अभिलेखों, कर्मचारी उपस्थिति, साफ-सफाई, उपकरणों तथा अन्य व्यवस्थाओं की बारीकी से जाँच की। इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों से आवश्यक जानकारी ली और कमियों को तुरंत दूर करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण का सिलसिला यहीं नहीं रुका। डीएम हर्षिता माथुर सीधे कुबना और पाली गाँव के दौरे पर भी पहुँचीं। यहाँ उन्होंने जमीनी हालात का अवलोकन किया तथा ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं को भी जाना। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि गाँव स्तर पर चल रही योजनाओं और व्यवस्थाओं में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी स्तर पर अनियमितता या लापरवाही पाई गई, तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, चाहे वह कोई भी पदाधिकारी क्यों न हो। जिला प्रशासन की प्राथमिकता जनहित में बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करना है और इसमें किसी भी प्रकार की ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी।

### जिलाधिकारी का संदेश

अंत में डीएम हर्षिता माथुर ने कहा कि जिला प्रशासन पूरी तत्परता के साथ एसआईआर से जुड़ी कार्यवाहियों पर नजर रख रहा है। सभी अधिकारी और कर्मचारी अपने कर्तव्यों के प्रति जिम्मेदार रहें और समय-समय पर फील्ड निरीक्षण करके कार्यों की प्रगति सुनिश्चित करें।

# प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना मे उत्तर प्रदेश का स्ट्राईक रेट सबसे बेहतर

**उत्तर प्रदेश मे प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना का क्रियान्वयन देश मे सबसे तेज गति से हो रहा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के मार्गदर्शन व उनके कुशल नेतृत्व मे खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन (पीएम एफएमई) योजना का क्रियान्वयन बेहतरीन तरीके से किया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश मे प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना का क्रियान्वयन देश मे सबसे तेज गति से हो रहा।आवेदनो/ प्रस्तावों की स्वीकृति एवरेज टाइम मात्र 100 दिन है।स्वीकृत प्रस्तावो के स्ट्राइक रेट 98 प्रतिशत साथ उत्तर प्रदेश देश मे शीर्ष स्थान पर है।खाद्य प्रसंस्करण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में आवंटित धनराशि रू0 311.71 करोड़ के सापेक्ष रू0 252.89 करोड़ धनराशि व्यय की जा चुकी है तथा तृतीय किश्त हेतु खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय भारत सरकार को बजट की मांग हेतु पत्र प्रषित किया जा चुका है।प्रदेश में विभिन्न बैंकों के द्वारा पीएम एफएमई योजना के अन्तर्गत 2000 करोड़ से अधिक टर्म लोन स्वीकृत किया गया है।अपर मुख्य सचिव उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग श्री बी एल मीणा ने बताया किपीएम एफएमई योजना के अन्तर्गत इस वर्ष स्वीकृत प्रस्ताव सर्वाधिक हैं, जिनका स्ट्राइक रेट 98 प्रतिशत है जो कि प्रथम स्थान पर है।एवरेज टाइम 100 दिन, एवरेज टर्म लोन 10 लाख एवं एवरेज अनुदान धनराशि रू. 04 लाख प्रति इकाई स्वीकृत है, जो देश में सर्वोत्तम है। उद्योग लगवाने के लिए प्रत्येक जनपद में 1000 जनपदीय रिसोर्स पर्सन (डी.आर.पी.) की तैनाती जनपदों के मुख्य विकास अधिकारियों द्वारा की गयी है। एक इकाई की स्थापना कराने में इन्हें धनराशि रू. 20000 की धनराशि उपलब्ध करायी जाती है।

## फिल्म शोले के वीरू ने दुनिया को कहा अलविदा, नम आँखों से कपिल देव अग्रवाल ने व्यक्त किया गहरा शोक

लखनऊ। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने लोकप्रिय फिल्म अभिनेता धर्मेंद्र के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि धर्मेंद्र भारतीय सिनेमा के एक महान व्यक्तित्व थे, जिनका जाना कला और फिल्म जगत की अपूरणीय क्षति है। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रभु श्री राम से प्रार्थना करते हुए कहा कि ईश्वर शोकाकुल परिजनों और उनके असंख्य प्रशंसकों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। उन्होंने कहा कि धर्मेंद्र ने अपनी सादगी, अभिनय प्रतिभा और सामाजिक संवेदनाओं से करोड़ों लोगों के दिलों में अमर स्थान बनाया है। भारतीय फिल्म उद्योग उनके योगदान को सदैव याद रखेगा। इस अवसर पर उन्होंर शौकाकुल परिवार को इस दुख को सहन करने का साहस प्रदान करने की भी कामना की साथ ही फिल्मजागत मे उनके योगदान को भी सराहा।

## धूमधाम से मना पत्रकार का जन्मदिवस



सरोजनी नगर, लखनऊ। सरोजिनी नगर में कई मीडिया संस्थानों में कार्य कर चुके पत्रकार संतोष उपाध्याय का जन्मदिवस सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। वरिष्ठ समाजसेवी संजय सिंह चौहान द्वारा उनके कॉम्पलेक्स में मौजूद मीडिया कार्यालय पर पत्रकार का जन्मदिवस केक काटकर मनाया गया। आयोजन में मौजूद पत्रकार दिनेश सिंह चौहान, आनंद सिंह चौहान, रामराज, विशाल चौधरी, आशीष मिश्रा विशाल कनौजिया, संदीप पांडे, कैलाश, दिनेश यादव, रामनरेश गुप्ता,आशुतोष चतुर्वेदी सैनिक मोहम्मद शरीफ, रविंद्र सिंह चौहान, शकील अहमद, शैलेंद्र कुमार, धर्मेंद्र तिवारी ने पत्रकार को केक खिलाकर व माला पहनाकर उनके उत्तम स्वास्थ की कामना की।

## चिनहट पुलिस के हत्थे चढ़ा शातिर चोर



लखनऊ। चिनहट पुलिस ने घरों का ताला तोड़ चोरी कि घटनाओं को अंजाम देने वाले अभियुक्त को चिनहट पुलिस ने किया गिरफ्तार।क्ष्ण् पूर्वी शशांक सिंह के निर्देश पर काम कर रही चिनहट इंस्पेक्टर दिनेश मिश्रा की चिनहट पुलिस टीम के उप निरीक्षक मनोज कुमार सिंह, उप निरीक्षक रितेश भदौरिया व हेड कांस्टेबल सुशील कुमार ने चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले अभियुक्त राज गौतम को किया गिरफ्तार।लगातार क्षेत्र में घूम-घूम कर कई चोरियों की घटनाओं का अंजाम देने वाले अभियुक्त राज गौतम को फुसलौना गांव के पास से धर दबोचा जिसके पास से 5550 रु नगद भी हुए बरामद।

## उत्तर प्रदेश मे प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना का क्रियान्वयन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य के मार्गदर्शन व उनके कुशल नेतृत्व मे खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन (पीएम एफएमई) योजना का क्रियान्वयन बेहतरीन तरीके से किया जा रहा है।उत्तर प्रदेश मे प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना का क्रियान्वयन देश मे सबसे तेज गति से हो रहा।आवेदनो/ प्रस्तावों की स्वीकृति एवरेज टाइम मात्र 100 दिन हैस्वीकृत प्रस्तावो के स्ट्राइक रेट 98 प्रतिशत साथ उत्तर प्रदेश देश मे शीर्ष स्थान पर है।खाद्य प्रसंस्करण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में आवंटित धनराशि रू0 311.71 करोड़ के सापेक्ष रू0 252.89 करोड़ धनराशि व्यय की जा चुकी है तथा तृतीय किश्त हेतु खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय भारत सरकार को बजट की मांग हेतु पत्र प्रषित किया जा चुका है।प्रदेश में विभिन्न बैंकों के द्वारा पीएम एफएमई योजना के अन्तर्गत 2000 करोड़ से अधिक टर्म लोन स्वीकृत किया गया है।अपर मुख्य सचिव उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग श्री बी एल मीणा ने बताया किपीएम एफएमई योजना के अन्तर्गत इस वर्ष स्वीकृत प्रस्ताव सर्वाधिक हैं, जिनका स्ट्राइक रेट 98 प्रतिशत है जो कि प्रथम स्थान पर है।

## लखनऊ में कई इमारतो और स्कूल भवनो को बम से उड़ाने की धमकी भरा मिला पत्र

लखनऊ । उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में सोमवार को कई प्रतिष्ठित इमारतों और स्कूल भवनों को उड़ाने की धमकीभरा एक पत्र मिली है। इसके बाद पुलिस ?कमिश्नरेट लखनऊ ने सभी इमारतों और प्रतिष्ठानों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।अपर पुलिस उपायुक्त मध्य (एडीसीपी) जितेंद्र दुबे ने बताया कि शहर के कई प्रतिष्ठान और इमारतों को 24 घंटे के भीतर बम से उड़ाने की धमकी भरा पत्र लूलू माल में मिला है। हालांकि इसमें किसी भी संगठन और व्यक्ति का नाम नहीं लिखा है। फिलहाल सुरक्षा की दृष्टि से सभी इमारत और प्रतिष्ठान समेत रेलवे स्टेशन, बस अड्डे पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। साथ ही धमकी देने वालों की तलाश में सर्विलांस साइबर सेल को लगाया गया है। पुलिस ने जनता से भी यह अपील की है कि अफवाहों पर ध्यान न दें, यदि कहीं कोई संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।धमकी मिलने के बाद एडीसीपी सेंट्रल जितेंद्र दुबे एसीपी हजरतगंज विकास जायसवाल और इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने पुलिस फोर्स औरडॉग स्क्वायड, बम निरोधक दस्ता के साथ चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस ने विधानसभा सहित कई जगहों पर डॉग स्क्वॉड, बीडीएस के साथ चेकिंग की, लेकिन कही भी कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है।

# निगोहां में बोरे में बंद अज्ञात युवक का शव मिलने से हड़कंप

**बोरे के अन्दर गिट्टी और मौरंग भरी हुई थी, हत्या की ओर इशारा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां, लखनऊ । निगोहां थाना क्षेत्र के गौतम खेड़ा गांव में सोमवार सुबह सनसनी फैल गई, जब बांक नाले में बोरे में बंद एक अज्ञात युवक का शव मिला। राहगीरों ने नाले में शव देखकर तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना पर थाना प्रभारी अनुज तिवारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को नाले से बाहर निकलवाया।

शव की हालत बेहद संदिग्ध थी—पूरा धड़ बोरे में बंद था, जबकि हाथ बाहर दिखाई दे रहे थे। बोरे में मौरंग और गिट्टी भी भरी मिली, जिससे आशंका गहरी है कि हत्या के बाद शव को छुपाने के इरादे से नाले में फेंका गया। मृतक की उम्र लगभग 38 वर्ष बताई जा रही है। उसके शरीर पर लाल शर्ट, काला लोवर और इनर था। लोवर की जेब से बीड़ी और दो रुपये के दो सिक्के मिले हैं , पुलिस ने शिनाख्त के लिए आसपास के गांवों, ग्रामीणों और ग्राम प्रधानों से जानकारी जुटाई, लेकिन मृतक की पहचान नहीं हो सकी। शव को पोस्टमार्टम हाउस में सुरक्षित रखवाया गया है। साथ ही अन्य जिलों की पुलिस से भी शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि परिस्थितियां साफ तौर पर हत्या की ओर इशारा कर रही हैं। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

# प्रत्येक उपभोक्ता को बिना भेदभाव के सुरक्षित, सुचारु और निर्बाध बिजली उपलब्ध कराई जाए: ए के शर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा ने आज अपने आवास पर आयोजित जनसुनवाई के दौरान विद्युत विभाग एवं नगर विकास विभाग से संबंधित विभिन्न समस्याओं और शिकायतों को विस्तार से सुना। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में नागरिकों ने अपनी समस्याएं मंत्री श्री शर्मा के समक्ष रखीं।

मंत्री श्री शर्मा ने बिजली से जुड़ी शिकायतों जैसे अनियमित आपूर्ति, जर्जर तार, ट्रांसफॉर्मर क्षमता वृद्धि, बिलिंग संबंधी दिक्कतों तथा कनेक्शन संबंधित समस्याओं पर गंभीरता से सुनवाई की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक उपभोक्ता को बिना भेदभाव के सुरक्षित, सुचारु और निर्बाध बिजली उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने विशेष रूप से निर्देशित किया कि जिन क्षेत्रों से बार-बार शिकायतें मिल रही हैं, वहां अभियान चलाकर समस्याओं का स्थायी समाधान कराया जाए। जनसुनवाई के दौरान नागरिकों ने सफाई व्यवस्था, सड़क-मरम्मत, पेयजल आपूर्ति, नालियों की सफाई, स्ट्रीट लाइट सुधार, तथा नगर सुविधाओं के रख-रखाव से संबंधित मुद्दे रखे। मंत्री श्री शर्मा ने इन सभी शिकायतों पर नगर विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।श्री शर्मा ने कहा कि शासन कि प्राथमिकता जनता की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान है। आम लोगों से प्राप्त प्रत्येक शिकायत विभागों के लिए मार्गदर्शक का कार्य करती है। उन्होंने आश्वस्त किया कि जनसुनवाई में उठाए गए सभी मुद्दों को प्राथमिकता पर निस्तारित किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का फॉलो-अप सुनिश्चित करें और जनता को समय पर समाधान की जानकारी दें। उन्होंने कहा कि पारदर्शी, जवाबदेह और संवेदनशील प्रशासन ही सुशासन की पहचान है।

# मोहनलालगंज में दिनदहाड़े छात्रा की निर्मम हत्या करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**नशे की लत का पता चलते ही छात्रा ने तोड़ा था रिश्ता**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




मोहनलालगंज, लखनऊ। मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के धर्मावत खेड़ा गांव में बीएससी प्रथम सेमेस्टर की छात्रा प्रियांशी रावत की रविवार को दिनदहाड़े हुई निर्मम हत्या ने क्षेत्र को दहला दिया था। घटना के बाद फरार चल रहे आरोपी आलोक रावत को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

आरोपी के पास से खून से सना चाकू और भागने में इस्तेमाल की गई बुलेट मोटरसाइकिल बरामद हुई है।परिजनों और पुलिस के मुताबिक धर्मावत खेड़ा निवासी पूनम रावत की 20 वर्षीय बेटी प्रियांशी बीएससी प्रथम सेमेस्टर की छात्रा थी। रविवार दोपहर करीब साढ़े 11 बजे जब उसकी मां पूनम किसी जरूरी काम से बाहर गई थीं, घर पर प्रियांशी और उसकी छोटी बहन महक मौजूद थीं। तभी बीबीडी क्षेत्र के लोनापुर गांव निवासी आलोक रावत अचानक उनके घर जा धमका।घर में मौजूद दोनों बहनों ने आरोपी को भीतर आने से रोकने की कोशिश की, लेकिन बेख़ौफ़ आलोक जबरन अंदर घुस आया। देखते ही देखते उसने प्रियांशी पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिया। गंभीर रूप से घायल प्रियांशी मौके पर ही दम तोड़ गई, जबकि आरोपी वारदात को अंजाम देकर बुलेट पर फरार हो गया।घटना की जानकारी मिलते ही इंस्पेक्टर मोहनलालगंज दिलेश सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम सक्रिय हुई। डीसीपी दक्षिणी निपुण अग्रवाल की क्राइम टीम ने संयुक्त अभियान चलाकर सोमवार को आरोपी आलोक को धर दबोचा।रिश्ता तय था,लेकिन नशे की लत जानकर छात्रा ने कर दिया था इंकार.....मृतका की मां पूनम रावत ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि करीब दो वर्ष पहले प्रियांशी और आलोक का रिश्ता तय हुआ था। इसी दौरान प्रियांशी को पता चला कि आलोक नशे की लत में डूबा रहता है। यह जानकर छात्रा ने साफ-साफ कह दिया था कि वह ऐसे युवक से शादी नहीं करेगी।बताया जा रहा है कि यही बात आलोक को नागवार गुज़री और बदले की नीयत से वह रविवार को प्रियांशी के घर पहुंचा और उसकी निर्मम हत्या कर दी।पुलिस ने आरोपी को जेल भेजते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना से गांव और आसपास के क्षेत्रों में गम और रोष का माहौल बना हुआ है।

## लखनऊ भाजपा सरकार में मां गंगा व गौमाता के नाम पर चल रहा लूट: अखिलेश

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में उत्तर प्रदेश में लूट चल रही है। भ्रष्टाचार बेलगाम है। हर विभाग और हर काम में भ्रष्टाचार है। भाजपा ने पूरे शासन तंत्र को नष्ट कर दिया है। जल-जीवन-मिशन से लेकर पुलिस विभाग तक हर जगह बिना कमीशनखोरी के काम नहीं हो रहा है। भाजपा सरकार मां गंगा और गौमाता के नाम पर लूट का खेल लगातार खेलती आ रही है। गौमाता' के नाम पर भाजपाई भ्रष्टाचार उतना ही निंदनीय है जितना 'मां गंगा' के नाम पर भाजपा वालों की अरबों की घपलेबाजी। अखिलेश ने सोमवार को बयान में कहा कि भ्रष्टाचार का भंडाफोड़ करने वालों पर ही मुकदमा ठोंक कर भाजपा सरकार उल्टा चोर कोतवाल को डांटे वाली कहावत को चरितार्थ कर रही है। भाजपा के भ्रष्टाचारियों ने गरीबों के बजट से लेकर पवित्र धार्मिक स्थलों तक को नहीं छोड़ा है। अयोध्या और काशी में जमीनों की बड़े पैमाने पर लूट हुई है।

# छोटा इमामबाड़ा को अतिक्रमणमुक्त कराने के मामले में उच्च न्यायालय ने नगर निगम से मांगी रिपोर्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**याचिका में संरक्षित स्मारकों की सुरक्षा समेत इन्हें अतिक्रमण से बचाने का आग्रह किया गया है।**

**न्यायालय ने जिला प्रशासन समेत स्थानीय प्राधिकारियों को आदेश दिया था कि हुसैनाबाद स्थित छोटा इमामबाड़ा के प्रवेश द्वारों को अतिक्रमणकर्ताओं से मुक्त कराएं।**

लखनऊ । उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने यहां के छोटा इमामबाड़ा को अतिक्रमणमुक्त कराने के मामले में नगर निगम से उसके द्वारा की गयी कारवाई की रिपोर्ट मांगी है । साथ ही भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग(एएसआई) से भी छोटा इमामबाड़ा के प्रवेश द्वारों को संरक्षित करने की जानकारी मांगी है।

न्यायालय इस मामले की अगली सुनवाई जनवरी में तय की है।न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने सोमवार को यह आदेश सैयद मोहम्मद हैदर रिजवी की वर्ष 2013 में दाखिल जनहित याचिका पर दिया। पहले, न्यायालय ने इस मामले में राज्य सरकार और नगर निगम को शहर के संरक्षित स्मारकों की हिफाजत और अतिक्रमण मुक्त करने का आदेश दिया था। साथ ही दोनों से पूछा था कि लखनऊ और आस पास के संरक्षित स्मारकों की हिफाजत तथा अतिक्रमण मुक्त करने को क्या कदम उठाए हैं ? न्यायालय ने मामले में राज्य सरकार और नगर निगम से जवाबी हलफ़नामा भी मांगा था।

याचिका में संरक्षित स्मारकों की सुरक्षा समेत इन्हें अतिक्रमण से बचाने का आग्रह किया गया है। सुनवाई के दौरान एएसआई के वकील ने न्यायालय को बताया था कि छोटा इमामबाड़ा समेत संरक्षित स्मारकों की मरम्मत का काम प्रगति पर है। ऐसे में संरक्षित स्मारकों का रखरखाव न किए जाने की याचिकाकर्ता की आशंका निर्मूल है। हालांकि, वकील ने माना था कि छोटा इमामबाड़ा के कुछ हिस्सों पर तत्काल ध्यान देने की जरूरत है। इसमें पश्चिमी गेट और कुछ दीवारों की मरम्मत किए जाने की आवश्यकता बताई थी। उन्होंने कहा था कि इन्हें जब तक पूरी तरह मरम्मत नहीं किया जाता तब तक इनके ढहने की स्थित में जनहानि हो सकती है।उस दौरान न्यायालय कहा था कि ऐसे में यह मामला, एएसआई समेत संबंधित ट्रस्ट के तत्काल गौर करने लायक है।

न्यायालय ने जिला प्रशासन समेत स्थानीय प्राधिकारियों को आदेश दिया था कि हुसैनाबाद स्थित छोटा इमामबाड़ा के प्रवेश द्वारों को अतिक्रमणकर्ताओं से मुक्त कराएं। गौरतलब है कि न्यायालय ने इसी साल सात जनवरी को शहर के संरक्षित स्मारकों की हिफाजत और अतिक्रमण मुक्त करने के मामले में जिला प्रशासन समेत स्थानीय प्राधिकारियों को आदेश दिया था कि हुसैनाबाद स्थित छोटा इमामबाड़ा के प्रवेश द्वारों को अतिक्रमणकर्ताओं से मुक्त कराएं। न्यायालय ने एएसआई को छोटा इमामबाड़ा की मरम्मत काम का अनुमानित ब्योरा भी पेश करने का आदेश दिया था।

# रोजगार मूलक योजनाओं को नई गति दे रही है योगी सरकार : मंत्री राकेश सचान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । योगी सरकार के खादी एवं ग्रामोद्योग, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, रेशम उद्योग, हथकरघा तथा वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान ने सोमवार को खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड मुख्यालय, लखनऊ में विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में संचालित रोजगारपरक योजनाओं से लाभार्थियों की आय में निरंतर वृद्धि सुनिश्चित की जा रही है तथा उद्यमिता को गति देने के लिए व्यापक रणनीति पर कार्य हो रहा है।मंत्री सचान ने सोमवार को विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल देते हुए कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त प्रत्येक लाभार्थी तक टूलकिट समय पर पहुँचाई जाए तथा प्रशिक्षण की गुणवत्ता का नियमित मूल्यांकन किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि जनप्रतिनिधियों की सहभागिता से योजना को और अधिक प्रभावी बनाया जाए ताकि अधिकाधिक पारम्परिक शिल्पियों को लाभ मिल सके।खादी कम्बल वितरण की समीक्षा के दौरान मंत्री ने कम्बलों की गुणवत्ता, खरीद प्रक्रिया और वितरण प्रणाली और बेहतर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कहा कि सभी जिलाधिकारी को निर्देश जारी किए जाएं कि सरकारी वितरण में दिए जाने वाले कम्बल निर्धारित हैंडलूम मानकों के अनुरूप हों और वितरण के समय सघन मॉनिटरिंग की जाए। बिना मानकों के कम्बल सप्लाई करने वाली संस्थाओं के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही उन्होंने खादी के कम्बलों को आधुनिक मांग और परिवेश के अनुरूप रूपांतरित करने तथा जनपदों में बड़े स्तर पर वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।उन्होंने विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना एवं मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना को अधिक आकर्षक बनाने के प्रस्ताव शासन स्तर पर शीघ्र स्वीकृत कराए जाएं, जिससे उद्यमियों की रुचि और बढ़ सके। इसके साथ ही मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के लक्ष्यों में प्रदेश खादी बोर्ड को 20 प्रतिशत तक लक्ष्य प्रदान किए जाने के प्रस्ताव को शासन को भेजने के निर्देश दिए गए।

# खादी महोत्सव में 25 नवम्बर को खरीदार-विक्रेता सम्मेलन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । योगी सरकार द्वारा आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के संकल्प के अनुरूप उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, लखनऊ द्वारा केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, गोमती नगर, लखनऊ में 21 नवम्बर से 30 नवम्बर, 2025 तक 10 दिवसीय ''खादी महोत्सव-2025'' का आयोजन किया जा रहा है।

महोत्सव के दौरान प्रतिदिन खादी प्रेमियों की बढ़ती हुई भीड़ देखी जा रही है और अब तक प्रदर्शनी में लगभग 27.34 लाख रुपए की बिक्री दर्ज की जा चुकी है।महोत्सव में क्षेत्रीय श्री गांधी आश्रम, बाराबंकी के स्टाल पर ऊनी, सूती-खादी उत्पादों की भारी बिक्री हो रही है। ग्रामोदय संस्थान, सीतापुर के स्टॉल पर भी बड़ी संख्या में लोग पहुँचकर अपनी पसंद के उत्पाद खरीद रहे हैं। खादी एवं रेशम के परिधान, अचार-मुरब्बा, हर्बल उत्पाद, जड़ी-बूटी आदि के स्टालों पर उपभोक्ताओं की उत्साहपूर्ण भीड़ देखने को मिल रही है, जिससे उद्यमियों को अच्छा आर्थिक लाभ प्राप्त हो रहा है।बोर्ड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी शिशिर ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की स्वदेशी उत्पादों के संवर्धन की नीति के अनुरूप खादी उत्पादों को आधुनिकता से जोड़कर विकसित किया जा रहा है। आज युवा पीढ़ी में खादी परिधानों की मांग तेजी से बढ़ रही है। महोत्सव का उद्देश्य खादी एवं ग्रामोद्योगी उत्पादों को बड़े बाजार से जोड़ना और अधिक से अधिक बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना है।उन्होंने बताया कि खादी एवं ग्रामोद्योगी इकाइयों के उत्पादों की बिकी को और प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से कल 25 नवम्बर, 2025 को पूर्वाह्न 11:30 बजे ''खरीदार-विक्रेता सम्मेलन'' का आयोजन किया जाएगा। इसमें खादी उत्पादक संस्थाओं, उद्यमियों के साथ-साथ एन0बी0आर0आई0, सी-मैप के वैज्ञानिक, फैशन इंस्टीट्यूट के फैकल्टी सदस्य तथा फ्लिपकार्ट ई-कामर्स प्लेटफॉर्म के प्रतिनिधि भी भाग लेंगे। यह सम्मेलन खादी उद्योग को राष्ट्रीय और वैश्विक बाज़ार से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।इसके अतिरिक्त प्रतिदिन आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्थानीय कलाकारों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मनोरंजन किया। आज कलाकार अर्पित शुक्ला द्वारा गिटार पर प्रस्तुत सुरीली धुनों और आकर्षक गायकी ने दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया।

# जब आधार मजबूत होगा तभी देश का भविष्य भी मजबूत होगा: आनंदीबेन पटेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में राजभवन, लखनऊ में असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य एवं उनकी शिक्षा सलाहकार टीम के साथ महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई बैठक में असम राज्यपाल सचिवालय के अधिकारियों द्वारा एक विस्तृत प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया, जिसमें असम राज्य में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे विविध कार्यों एवं नवाचारों की विस्तार से जानकारी दी गई।

विश्वविद्यालयों की गुणवत्ता सुधार, पारदर्शिता, जवाबदेही और उत्कृष्टता के लिए लगातार नियमित बैठकों, समीक्षा सत्रों तथा व्यापक निगरानी प्रणाली के माध्यम से कार्य किया गया लखनऊ, विशेष संवाददाता यूपी की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा है कि 'केजी से पीजी' की अवधारणा पर कार्य करते हुए आंगनबाड़ी केंद्रों को सशक्त बनाना उनकी प्राथमिकताओं में रहा है, क्योंकि उनका मानना है कि जब आधार मजबूत होगा, तभी देश का भविष्य भी मजबूत होगा।इसी उद्देश्य से विश्वविद्यालयों को निर्देश दिया गया है कि वे पाँच-पाँच गाँव गोद लेकर वहाँ की आंगनबाड़ी, स्कूलों और ग्राम पंचायतों में जाकर कार्य करें, सरकारी योजनाओं का लाभ लाभार्थियों को दिलाने में उनका सहयोग करें, महिला सशक्तिकरण से जुड़ी गतिविधियों को बढ़ावा दें। इसके लिए जिला प्रशासन और स्वयं सहायता समूहों के साथ मिलकर समन्वित प्रयास करें। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में सोमवार को राजभवन लखनऊ में असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य एवं उनकी शिक्षा सलाहकार टीम के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इस बैठक का उद्देश्य उत्तर प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों में राज्यपाल की प्रेरणा, मार्गदर्शन और सतत निगरानी के फलस्वरूप हो रहे व्यापक सुधारों, नवाचारों तथा उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों को साझा करना था।

# स्टांप शुल्क वृद्धि के विरोध में बिसवां बार एसोसिएशन ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

## अधिवक्ताओं ने जमीनों पर बढ़ाए गए स्टांप शुल्क को कम करने की प्रमुख मांग उठाई

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बिसवां / सीतापुर । जिलाधिकारी सीतापुर द्वारा जमीनों के मूल्यांकन सूची में बड़े पैमाने पर किए गए बदलाव और किसानों द्वारा क्रय-विक्रय की जाने वाली जमीनों पर स्टांप शुल्क बढ़ाए जाने के विरोध में बिसवां बार एसोसिएशन ने कड़ा रुख अपनाया है। सोमवार को बार संघ अध्यक्ष एडवोकेट दिनेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी बिसवां शिखा शुक्ला को सौंपा है।

ज्ञापन के माध्यम से अधिवक्ताओं ने जमीनों पर बढ़ाए गए स्टांप शुल्क को कम करने की प्रमुख मांग उठाई है। बार एसोसिएशन ने कहा कि बिसवां तहसील का अधिकांश हिस्सा गंजरी क्षेत्र में आता है, जो प्रत्येक वर्ष बाढ़ से प्रभावित रहता है। यहां के किसान पूरी तरह कृषि पर निर्भर हैं और समय-समय पर अपने जीवनयापन के लिए उन्हें जमीनों का क्रय-विक्रय करना पड़ता है। अधिवक्ताओं ने चेताया कि स्टांप शुल्क में की गई भारी वृद्धि से किसानों के सामने गंभीर संकट खड़ा हो जाएगा। बढ़े हुए शुल्क की वजह से किसान अपनी भूमि का क्रय-विक्रय और नामांकन कराने में सक्षम नहीं हो पाएंगे, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति और अधिक कमजोर हो जाएगी। बिसवां बार एसोसिएशन बिसवां ने जिलाधिकारी से मांग की है कि किसानों की स्थिति को देखते हुए स्टांप शुल्क में तत्काल कमी की जाए।उपजिलाधिकारी बिसवा को ज्ञापन देने वालों में वरिष्ठ अधिवक्ता ब्रजेश गुप्ता,आर एन सिंह,राज किशोर यादव, अशोक वर्मा,पुत्ती लाल वर्मा,सूर्य प्रसाद यादव,नीरज कुमार श्रीवास्तव,इंतिखाब आलम सिद्दीकी,संतोष कठेरिया,मनोज गुप्ता,अरुण श्रीवास्तव, अनमोल मौर्या, इंद्रपाल वर्मा, जितेन्द्र मिश्रा, विपिन कुमार यादव, राम किशोर वर्मा,अश्विनी श्रीवास्तव, शिशुपाल यादव, प्रमोद यादव,सत्यम त्रिवेद्वी, प्रदीप कुमार गौतम,सुनील वर्मा,आनन्द मिश्रा, प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, रेनू राजपूत,कीर्ति शुक्ला सहित सभी अधिवक्ता गण प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।स्टांप शुल्क वृद्धि के विरोध में बिसवां बार एसोसिएशन ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन।बिसवां/सीतापुर। जिलाधिकारी सीतापुर द्वारा जमीनों के मूल्यांकन सूची में बड़े पैमाने पर किए गए बदलाव और किसानों द्वारा क्रयऽविक्रय की जाने वाली जमीनों पर स्टांप शुल्क बढ़ाए जाने के विरोध में बिसवां बार एसोसिएशन ने कड़ा रुख अपनाया है। सोमवार को बार संघ अध्यक्ष एडवोकेट दिनेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी बिसवां शिखा शुक्ला को सौंपा है।ज्ञापन के माध्यम से अधिवक्ताओं ने जमीनों पर बढ़ाए गए स्टांप शुल्क को कम करने की प्रमुख मांग उठाई है। बार एसोसिएशन ने कहा कि बिसवां तहसील का अधिकांश हिस्सा गंजरी क्षेत्र में आता है, जो प्रत्येक वर्ष बाढ़ से प्रभावित रहता है। यहां के किसान पूरी तरह कृषि पर निर्भर हैं और समय-समय पर अपने जीवनयापन के लिए उन्हें जमीनों का क्रय-विक्रय करना पड़ता है।अधिवक्ताओं ने चेताया कि स्टांप शुल्क में की गई भारी वृद्धि से किसानों के सामने गंभीर संकट खड़ा हो जाएगा।

# टिकरा टीकर में बड़ा घोटाला उजागर: कार्रवाई से बचते दिख रहे जिम्मेदार, सवालों से भागे एडीओ पंचायत

## नंबर ब्लैक लिस्ट ,पंचायत घोटाला खुला ,विकास की रकम से हुआ 'परिवार विकास'

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

महोली, सीतापुर। ग्राम पंचायत टिकरा टीकर में वित्तीय अनियमितताओं का मामला गंभीर होता जा रहा है। आरोप है कि ग्राम प्रधान और सचिव की मिलीभगत से ग्राम विकास कार्यों के लिए जारी धनराशि को प्रधान के पति और देवर के नाम अनियमित रूप से निकाल लिया गया।सूत्रों के मुताबिक वर्ष 2024 में नाली निर्माण, वाटर कूलर, इंटरलॉकिंग, फॉल्स सीलिंग सहित अन्य विकास कार्यों के नाम पर जारी की गई राशि में से लगभग 9 लाख रुपये सीधे प्रधान परिवार के खातों में पहुंच गए।प्रधान के पति अनिल पुत्र मूलचंद्र को लगभग 7 लाख, जबकि देवर वरुण को लगभग 2 लाख रुपये का भुगतान किया गया।




### सवाल पूछने पर एडीओ पंचायत ने पत्रकार का नंबर किया ब्लैकलिस्ट

भ्रष्टाचार के इन मामलों पर जब पत्रकारों ने एडीओ पंचायत से जवाब मांगा, तो उन्होंने पहले ॒कारण बताओ नोटिसॱ जारी करने की बात कही।लेकिन जब दोबारा भुगतान की वैधता और कार्रवाई की समयसीमा पर सवाल उठे, तो एडीओ पंचायत ने फोन नंबर ब्लैकलिस्ट कर दिया और जवाब देने से बचते रहे।

### विकास की जगह परिजनों का 'विकास'

ग्रामवासियों का कहना है कि पंचायत में विकास कार्य कागजों पर चल रहे हैं, जबकि जमीन पर कुछ नजर नहीं आता।स्थानीय लोगों के अनुसार–> ॒जो धन गांव के विकास में लगना चाहिए था, वह सीधे प्रधान परिवार की जेब में चला गया।ॱव्यवस्था की भूमिका संदिग्धमामला जिलाधिकारी के संज्ञान में लाया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई न होने से पूरी व्यवस्था की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं।लोग पूछ रहे हैं कि स्पष्ट अनियमितताओं के बावजूद कार्रवाई क्यों नही हो रही है।कार्रवाई कब जिम्मेदार कौन ग्राम पंचायतों में इस तरह की अनियमितताओं का खुलासा पहले भी हुआ है, लेकिन अधिकतर मामले फाइलों में दबे रह जाते हैं।टिकरा टीकर घोटाले में भी अब तक कार्रवाई न होने से ग्रामीणों में रोष है और लोग सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

### क्या बोले जिम्मेदार

इस संबंध में जब पंचायत सचिव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि कार्यवाही एडीओ पंचायत कर रहे है।जब एडीओ पंचायत से बात की गई तो उन्होंने बताया कि आज नोटिस जारी की गई है, और लगभग 15 दिन का समय लगेगा।

# दवा प्रतिनिधियों का नई श्रम संहिताओं के विरोध में प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



शाहजहांपुर । उत्तर प्रदेश मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन ने नई श्रम संहिताओं के विरोध में प्रदर्शन किया और प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा।नई श्रम संहिताओं के विरोध में उत्तर प्रदेश मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन के तमाम पदाधिकारी व सदस्य प्रातः 10 बजे शहीद उद्यान टाउनहॉल में एकत्रित हुए और काला रिबन बांधकर केंद्र सरकार द्वारा 21 नवंबर को लागू की गई श्रम संहिताओं के खिलाफ विरोध दर्ज कराया।

इसके बाद सभी लोग कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई चार नई श्रम संहिताएं श्रमिक अधिकारों को कमजोर करने वाली हैं और पूंजीपतियों को खुली छूट देने का कार्य करती हैं। नई संहिताओं के कारण स्थाई नौकरियों की सुरक्षा खत्म होगी तथा फिक्स टर्म रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। इससे स्थाई नौकरियां खत्म होंगी। 12 घंटे की शिफ्ट की अनुमति, 20 से 40 श्रमिकों वाले प्रतिष्ठानों को सुरक्षा कानूनों से बाहर करने और सामूहिक सौदेबाजी की प्रक्रिया को सीमित करने जैसे प्रावधान श्रमिकों के हितों पर प्रतिकूल असर डालेंगे। इसके अलावा दुर्घटनाओं और स्वास्थ्य जोखिम बढ़ेंगे। कहा कि इन कानूनों से हड़ताल के अधिकार को सीमित किया गया है, कार्य के घंटे बढ़ाए गए हैं। इससे सामाजिक सुरक्षा कमजोर पड़ जाएगी। ज्ञापन में सेल्स प्रमोशन एम्प्लॉइज एक्ट पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ने की बात कही गई, जिसके तहत नियुक्ति पत्र, वेतन वृद्धि और छुट्टियों जैसे प्रावधान खत्म होने की आशंका जताई गई। ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष हिमांशु मिश्रा, सचिव चुन्नू लाल तिवारी, प्रदेश सह सचिव असित मिश्रा, कोषाध्यक्ष विकास तिवारी, प्रदेश कार्यकारिणी के पूर्व अध्यक्ष मुरारी दीक्षित, जितेंद्र सिंह, मोहम्मद आरिफ, मोहित तिवारी, अविरल त्रिवेदी, अतुल शर्मा, राहुल सारस्वत, संदीप यादव, अजीत सिंह, राघवेन्द्र सिंह यादव आदि दवा प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# मुठभेड़ में गौकशी के 3 वांछित गिरफ्तार, 2 के पैर में लगी गोली

## तमंचा, कारतूस समेत गोकशी के उपकरण बरामद

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

शाहजहांपुर। थाना खुटार पुलिस टीम ने गोवध अधिनियम के मुकदमे में वांछित तीन अभियुक्त को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से पुलिस टीम ने तमंचा- कारतूस समेत गोकशी करने के उपकरण बरामद किए हैं। वहीं मुठभेड़ के दौरान दो अभियुक्तों के पैर में गोली लगी है।दरअसल, बीती 09 नवंबर की रात थाना खुटार क्षेत्र के गांव बेला और तुलापुर के बीच सूखी नहर पर एक गोवंशीय पशु को मार दिया गया था।

मौके से पशु का सिर, खाल आदि अवशेष बरामद हुए थे। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर गांव जादौंपुर कलां के मुजीबुर्रहमान को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया था। जबकि उसके अन्य साथी मौके से भाग गए थे। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में थी, इसी दौरान बीती रात पुलिस टीम को



मुखबिर से सूचना मिली कि बुझिया बरकलीगंज की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते पर कुछ लोग खड़े हैं और गोवंशीय पशु के वध की तैयारी में हैं। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, तो पुलिस टीम को देखकर गोकशों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की और तीन गोकशों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए अभियुक्त जनपद पीलीभीत के थाना पूरनपुर क्षेत्र के रहने वाले भूरे खां पुत्र नवाब खां, जफर पुत्र बजरूल्ला और जावेद उर्फ कारिया पुत्र शाकिर हैं। मुठभेड़ के दौरान भूरे खां और जफर के पैर में गोली लगी है। पुलिस के अनुसार, पकड़े गए अभियुक्तों पर जनपद पीलीभीत के थाना सेहरामऊ उत्तरी, थाना माधौटाडा, थाना दिउरिया, जनपद खीरी के थाना मोहम्मदी और शाहजहांपुर के थाना खुटार में गोवध अधिनियम, चोरी, लूट, हत्या का प्रयास, शस्त्र अधिनियम और गैंगस्टर एक्ट जैसे दर्जनों अपराधिक मामले दर्ज हैं। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना खुटार के प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र कुमार रावत के साथ उपनिरीक्षक अनुज चौधरी, विवेक सिंह, सोहनलाल, हेड कांस्टेबल विद्यासागर, अमित दुबे, कांस्टेबल सिकंदर सिंह, सनी कुमार, अरविंद कुमार आदि मौजूद रहे।

# मैगलगंज में मतदाता सूची सुधार अभियान पर जोर, एसडीएम ने मौके का लिया जायजा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




मैगलगंज, खीरी। संविलियन विद्यालय मैगलगंज में चल रहे ट्टऱ्ट (Special Integrated Revision) अभियान के तहत लगाए गए बूथ कैंप में सोमवार को उपजिलाधिकारी मितौली मधुसूदन गुप्ता ने पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान परिसर में सभी उख्र्ग, सुपरवाइज़र और संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

एसडीएम ने बूथ कैंप के संचालन, मतदाता विवरण, गणना प्रपत्रों की उपलब्धता और मतदाताओं को दी जा रही सुविधा का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि ट्टऱ्ट अभियान 4 दिसंबर तक लगातार जारी रहेगा, और लक्ष्य यह है कि सभी पात्र मतदाताओं के गणना प्रपत्र समय–सीमा के भीतर पूर्ण रूप से भरे जाएँ।उपजिलाधिकारी ने उपस्थित मतदाताओं को जागरूक करते हुए कहा कि हर व्यक्ति अपने गणना प्रपत्र अवश्य भरवाए, क्योंकि यह मतदाता सूची में सही विवरण दर्ज कराने की अनिवार्य प्रक्रिया है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे स्वयं ही नहीं, बल्कि अपने आस-पड़ोस के लोगों को भी प्रोत्साहित करें कि 4 दिसंबर से पहले अपने उख्र्ग की सहायता से प्रपत्र अवश्य भर दें।कैंप में पहुंचे ग्रामीणों व शिक्षकों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना की और समय से प्रपत्र भरकर जागरूक नागरिक होने का संदेश दिया।ट्टऱ्ट अभियान के प्रति जनता में उत्साह और प्रशासन की सक्रियता दोनों ही इस कार्य को समय पर पूरा करने के लिए महत्वपूर्ण साबित हो रहे हैं।

# शारदा बैराज पर युवक ने नदी में लगाई छलांग, स्थानीय लोगों ने बचाई जान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखीमपुर खीरी। शारदा बैराज मंगलवार को एक बड़ी घटना का गवाह बना, जब अचानक 18 वर्षीय युवक आदित्य वर्मा ने बैराज के ऊपर से नदी में छलांग लगा दी। घटना इतनी अचानक हुई कि कुछ क्षणों के लिए वहां मौजूद भीड़ में अफरा-तफरी मच गई।लेकिन मौके पर मौजूद स्थानीय युवकों ने बिना देर किए नदी में कूदकर साहसिक रेस्क्यू अभियान चलाया और गहरे पानी में डूबते युवक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। उनकी त्वरित कार्रवाई ने एक बड़ी त्रासदी होने से रोक दी।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत बैराज पर पहुंची और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने युवक से पूछताछ भी की है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि उसने नदी में छलांग किन परिस्थितियों में लगाई।स्थानीय लोगों का कहना है कि शारदा बैराज पर सुरक्षा व्यवस्था बेहद कमजोर है और ऐसी घटनाएँ सुरक्षा बढ़ाने की मांग को और मजबूत करती हैं। यदि मौके पर स्थानीय लोग मौजूद न होते, तो मामला बेहद गंभीर हो सकता था।फिलहाल युवक की स्थिति सामान्य है और पुलिस घटना की पड़ताल में जुटी हुई है।

## 13 दिसंबर को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत, उठाएं लाभ, विभिन्न वादों के होगा निस्तारण

लखीमपुर-खीरी। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली तथा उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश पर जिले में 13 दिसंबर (द्वितीय शनिवार) को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह लोक अदालत जनपद न्यायालय लखीमपुर-खीरी के साथ सभी तहसीलों में एक साथ आयोजित होगी।जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिव कुमार सिंह के निर्देशानुसार तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वहीं अपर जिला जज/नोडल अधिकारी अभिषेक कुमार श्रीवास्तव एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अपर जिला जज/सचिव वीरेन्द्र नाथ पाण्डेय ने बताया कि इस लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निस्तारण का लक्ष्य रखा गया है।अपर जिला जज/सचिव वीरेन्द्र नाथ पाण्डेय ने बताया कि लोक अदालत का उद्देश्य तेज, सरल और कम खर्च में न्याय उपलब्ध कराना है, इसलिए वादकारियों के लिए यह एक महत्वपूर्ण अवसर है। समस्त वादकारियों से अनुरोध किया कि 13 दिसंबर 2025 को अपने-अपने वादों का निस्तारण कराकर इस जनहितकारी पहल को सफल बनाने में सहयोग करें।*किन वादों का होगा निस्तारण*लोक अदालत में यातायात और लघु आपराधिक प्रकरण, नगर पालिका से जुड़े विवाद,बैंक वाद (धारा 138 परकाम्य लिखित अधिनियम), विद्युत एवं जल विवाद, विशेषकर चोरी संबंधी मामले, राजस्व वाद, पारिवारिक एवं व्यवहारिक मामले, उत्तराधिकार व अन्य समझौतापरक वाद मामलों को प्राथमिकता के साथ सुना जाएगा।

## मदरसा नूरुलहुदा में हुआ कवि सम्मेलन व मुशायरा–इक़बाल हुसैन उर्फ फूल मियां को मिला फख्र–ए–हिंदुस्तान अवार्ड



शाहजहांपुर। लखनऊ की साहित्यिक संस्था फख्र-ए- हिंदुस्तान के तत्वावधान में मदरसा नूरुलहुदा बिजलीपुरा में कवि सम्मेलन और मुशायरे का आयोजन किया गया। जिसमें शाहजहांपुर और आसपास के क्षेत्रों से आए कवियों व शायरों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।कार्यक्रम फख्र-ए- हिंदुस्तान के जिला कार्यक्रम समन्वयक सैयद शारिक अक्स और इशरत सगीर के संयोजन में हुए इस कार्यक्रम में मदरसा नूरुलहुदा के प्रधानाचार्य इकबाल हुसैन उर्फ फूल मियां को उनकी उत्कृष्ट साहित्यिक सेवाओं के लिए फख्र-ए-हिंदुस्तान के संस्थापक आरिफ अलवी और सचिव देशराज देसाई ने फख्र-ए-हिंदुस्तान अवार्ड देकर सम्मानित किया।कवि सम्मेलन और मुशायरे की अध्यक्षता शायर असगर यासिर ने की, जबकि कवि ज्ञानेन्द्र मोहन 'ज्ञान' और शायर हामिद खिजर विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल रहे। इस दौरान शायर असगर यासिर ने सुनाया ॒समंदरों के सफ़र का तो इक बहाना था, किसी तरह भी उसे साथ छोड़ जाना था। कवि ज्ञानेंद्र मोहन 'ज्ञान' ने टूटते पारिवारिक रिश्तों पर पेश किया- सच में झुलस के रह गया किरदार बाप का,जब बोलने का छिन गया अधिकार बाप का। शायर हामीद खिजर ने तरन्नुम में पढ़ी गई ग़ज़लों से सबका दिल जीत लिया। कार्यक्रम का संचालन इशरत सगीर ने किया तथा फख्र-ए-हिंदुस्तान के फाउंडर आरिफ़ अलवी ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सैयद शारिक़, संदीप राठौर, विमल यादव, इजहार, कामरान, साजिद, मुख़्तार, ममनून, हाफिज ज़ाहेद, जहूर आदि मौजूद रहे।

## व्यवहारिक प्रशिक्षण पूर्ण होने पर नवांगतुक पुलिस उपाधीक्षक को लगाए रैंक प्रतीक



शाहजहांपुर। जनपद में नवांगतुक प्रशिक्षणाधीन पुलिस उपाधीक्षक शुभम वर्मा का व्यवहारिक प्रशिक्षण पूर्ण होने पर पुलिस कार्यालय में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने शिवम वर्मा को रैंक प्रतीक (स्टार) लगाए और उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए पुलिस सेवा में उत्कृष्ट कार्य की प्रेरणा प्रदान की।एसपी ने कहा कि निष्ठा, अनुशासन और कर्तव्यपरायणता ही पुलिस सेवा की पहचान है। हमें पूर्ण विश्वास है कि क्षेत्राधिकारी शुभम वर्मा भविष्य में भी अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी और पूर्ण समर्पण के साथ करेंगे। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हें आगामी दायित्वों, नेतृत्व क्षमता, जनसेवा भावना, पुलिसिंग की मूल भावना– संवेदनशीलता, त्वरितता और पारदर्शिता – को हमेशा सर्वोपरी रखने की प्रेरणा दी।

# खमरिया रोड पर बड़ा हादसा,बाइक सवार युवक की मौत

## महिला गंभीर रूप से घायल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



खमरिया खीरी। थाना खमरिया क्षेत्र में सोमवार को एक भीषण सड़क दुर्घटना ने पूरे इलाके को दहला दिया। यूपी 40 बी वाई एच 1043 नंबर की मोटरसाइकिल पर सवार दो लोग खमरिया रोड पर जा रहे थे, तभी अचानक हुए हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उसके साथ बैठी महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।

घटना के बाद मौजूद लोगों ने तुरंत एंबुलेंस को सूचना दी, जिसके बाद घायल महिला को नकहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहाँ उसकी हालत नाज़ुक बताई जा रही है। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और वाहन के नंबर के आधार पर घटना के कारणों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई, जिससे दोनों लोग सड़क पर जा गिरे। तेज रफ्तार और सड़क पर सावधानी न बरतने को हादसे का मुख्य कारण माना जा रहा है।पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, वहीं घायल महिला का इलाज जारी है। स्थानीय प्रशासन ने लोगों से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने और सावधानी बरतने की अपील की है, ताकि ऐसे हादसों पर रोक लगाई जा सके।यह दुर्घटना लखीमपुर खीरी जिले में बढ़ती सड़क सुरक्षा समस्याओं का एक और गंभीर उदाहरण है, जो यातायात नियमों के प्रति जागरूकता की आवश्यकता को मजबूती से रेखांकित करता है।

# यूपीएमएसआरए नई श्रम संहिताओं के खिलाफ सड़कों पर, तीन दिन का काला दिवस शुरू

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखीमपुर खीरी । केंद्र सरकार द्वारा लागू की जा रही नई श्रम संहिताओं के विरोध में यूपी मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेज़ेंटेटिव एसोसिएशन यूपीएम एस आरए ने प्रदेशभर में अपना आंदोलन तेज कर दिया है। संगठन ने श्रम संहिता को ''मजदूर-विरोधी और अधिकारों का हनन करने वाली नीति'' बताते हुए 24 से 26 नवंबर तक 'काला दिवस' मनाने का फैसला लिया है।

एसोसिएशन का कहना है कि नई श्रम संहिताओं के लागू होने से लाखों कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा, नौकरी की स्थिरता और कार्य परिस्थितियों पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा। कई प्रावधान ऐसे हैं, जिनसे काम के घंटे बढ़ने, ठेका प्रथा मज़बूत होने और श्रमिकों की आवाज़ कमजोर होने का खतरा है।लखीमपुर खीरी में सेल्स प्रमोशन कर्मचारी आज से क्रमिक विरोध प्रदर्शन शुरू कर रहे हैं। कर्मचारी काले बैज लगाकर, हाथों में




विरोध के संदेश वाली तख्तियाँ लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन करेंगे। इसी दौरान श्रमिकों की समस्याओं और नई संहिताओं के विरोध के बिंदुओं को शामिल करते हुए एक विस्तृत ज्ञापन तैयार किया जा रहा है, जिसे औपचारिक रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेजा जाएगा।ठघ्ख्रट्टइ के जिला पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार यदि संवाद स्थापित कर श्रमिक हितों की रक्षा करने वाले प्रावधानों पर विचार नहीं करती है, तो संगठन आगे राज्यव्यापी आंदोलन, धरना-प्रदर्शन और चरणबद्ध विरोध की दिशा में कदम उठाएगा।जिले में श्रमिक संगठनों के बीच नई श्रम संहिताओं को लेकर व्यापक नाराज़गी देखी जा रही है। कई कर्मचारी संगठनों ने भी ठघ्ख्रट्टइ के समर्थन में एकजुट होने का संकेत दिया है।

# मन्दाकिनी साहित्य मंच ने आयोजित किया विशाल कवि सम्मेलन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। रविवार रात उसावा में प्रियंका अनिल सिंह चौहान के आवास पर मंदाकिनी साहित्य मंच के तत्वावधान में विराट कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अनिल सिंह चौहान एवं मुख्य अतिथि शेर सिंह शेर जी ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन ओज के वरिष्ठ कवि कमलकांत तिवारी ने किया। मां वाणी की वंदना पढ़कर महेश अग्निमुख ने कार्यक्रम को गति प्रदान की। बदायूं से पधारे श्रेष्ठ गीतकार डॉक्टर अरविंद धवल ने पढ़ा-राम नहीं दिखते भैया में सीता दिखे ना भाभी में, ताला तोड़ रहे हैं हम विश्वास नहीं है चाबी में,पश्चिम की आंधी में उड़कर आज यहां आ पहुंचे हैं,हम कस्तूरी ढूंढ रहे हैं अब कुत्तों की नाभी में।

उसहैत के श्रेष्ठ छंदकार नन्दकिशोर पाठक ने पढ़ा-इस देश में हीपुनर्जन्म मांगते रसखान, इकबाल का सारे जहां से प्यारा हिंदुस्तान, अब्दुल हमीद जैसे वीर जान दे गए, अशफाक उल्ला खान के सपने नए-नए। महेश चंद्र मिश्रा अग्निमुख ने पढ़ा- है बहुत ही अंधेरा मेरे देश में, कर सकूं मैं उजाले से सारा वतन। जगपाल जग ने पढ़ा-मैंने मुश्किलें हालत में खुद को संवारा है, मैं कैसे भुलाऊं आपने किस्तों में मारा है। मशहूर शायर अब्दुल वहाब आजाद ने पढ़ा-चुनौती आंधियों को दे रहा है, मेरे आंगन में जो बूढ़ा शजर है। बदायूं से पधारे अचिन मासूम ने कहा-चढ़ता सूरज हूं एक दिन उतर जाऊंगा, तुम जो छू लोगे तो मैंनिखर जाऊंगा।

विवेक अज्ञानी ने पढ़ा-पाठ जब आचरण का पढ़ते हैं हम, शख्सियत अपनी असली छुपाते हैं हम। ओज के सशक्त हस्ताक्षर कमलकांत तिवारी ने पढ़ा- कह दो भारत की संसद से और सियासत दारों से, जंग नहीं जीती जाती है जंग लगे हथियारों से। अमित वर्मा अंबर ने पढ़ा- भाव से भावना का वरण हो गया हृदय के सब दुखों का छरण हो गया मन में जब-जब जगी स्वर्ण मृग की ललक जग में तब तब ही सीता हरण हो गया। आदेश कुमार सिंह ने पढ़ा-आज देश में फिर बलिदानों वाली बेला आई है, भूषण जैन की बड़ाई में फिर से टेर लगाई है। संतोष कुमार सिंह ने पढ़ा- जिस वसुधा पर मानव बनकर आते रहते हैं महाकाल, जिस वसा पर पैदा होते संग जैसे योद्धा कराल। रामानंद मिश्रा ने पढ़ा-साहित्य मंच मंदाकिनी ले आया पंखुड़ियां, मैं उसमें से चुन लाया अंजुलि भर पंखुड़ियां। कवियित्री रश्मि रति यादव ने कहा- न किसी हुक्मरान दौलत को सलाम करती हूं, न तख्तो ताज न शोहरत को सलाम करती हूं। मुशीर अहमद मुशीर ने पढ़ा-दिल में है एक आवाज और है एक ही नारा, हम हैं तिरंगे के तिरंगा है हमारा। इसके अलावा मंदाकिनी साहित्य मंच के संस्थापक कवि शेर सिंह शेर, कवियत्री मनी सिंह गौर तथा सुरेश कुमार यादव ने भी काव्य पाठ किया। कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा जिसमें श्रोताओं ने भरपूर तालियों से कवियों का उत्साह वर्धन किया। अंत में नगर पंचायत उसावां के नगर पंचायत अध्यक्ष प्रियंका अनिल सिंह चौहान ने सभी कवियों एवं पत्रकारों को मोमेंटो व पटका, माला पहनाकर सम्मानित किया।

# साइन ब्लास्टर ने 80 रनों से जीता अपना दूसरा मैच, विशाल राजपूत बने मैन आफ द मैच

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा आयोजित जीएस हीरो प्रीमियर लीग टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट का तीसरा मैच खेला गया एस के मैदान पर प्रातः 9:30 बजे से साइन ब्लास्टर रॉयल चैलेंजर के मध्य खेला गया साइन ब्लास्टर के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले खेलते हुए जिसमें 6 ओवर में तेजी से रन बनाते हुए खड़ा किया निर्धारित 20 ओवर खेलते हुए तीन विकेट के नुकसान पर 161 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया जिसमें सर्वाधिक रन ओपनर बल्लेबाज हर्षित शंखधार ने 67 रन 51 गेंद में 10 चौके के साथ बनाए कप्तान विशाल ने तेजी से 36 रन बनाए लाज पटेल ने 17 गेंद में 26 रन ठोके रॉयल चैलेंजर्स के सफल गेंदबाजों में एक-एक विकेट कृष्णा रितिक और हिमांशु यादव ने चटकाए और कमजोर गेंदबाजी देखी गई लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल चैलेंजर की टीम 79 रनों पर आउट हो गई 15 ओवर के खेलों में खराब बल्लेबाजी की रही जिसमें आयुष यादव ने 17 रन दक्ष मिश्रा ने 10 रनों का योगदान दिया साइन ब्लास्टर के सबसे सफल गेंदबाज कप्तान विशाल राजपूत रहे जिन्होंने दो ओवर में सात रन देकर चार विकेट झटके सानिध्य यादव दो विकेट निखिल यादव दो विकेट अमन को एक विकेट मिला इस कारण साइन ब्लास्टर ने अपना दूसरा मैच 80 रनों से विजय प्राप्त की मैन ऑफ प्लेयर विशाल राजपूत को घोषित किया गया आज के मैच का उद्घाटन क्रिकेट कोच संतोष शर्मा ने किया और कहा खिलाड़ी एक दूसरे की खिचाई ना करें तालमेल से खेल कर क्रिकेट का आनंद प्राप्त करें मैच की अंपायरिंग वसीम उल हसन बख्तर हुसैन और स्कोरिंग निष्कर्ष शर्मा कमेंटेटर सिद्धार्थ अधाना ने की इस मौके पर एमपी सिंह अमरीश गोयल राहुल पटेल हरबंस संत मनोज सिकवार रविंद्र मोहन सक्सेना और अध्यक्ष दीपक सक्सेना भी उपस्थित रहे सचिव संतोष शर्मा ने बताया कल 9:00 बजे से बजरंग ब्लास्टर बनाम सुपर किंग के बीच एस के मैदान पर मैच खेला जाएगा

## सभासद की अनदेखी के कारण काफी लंबे समय से सड़क में गड्ढे

चंदौसी कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर पालिका क्षेत्र के मोहल्ला महाजन में काफी लंबे समय से सड़क जर्जर हालत में है। सभासद ने कई बार बोर्ड की मीटिंग में प्रस्तावित करने की कोशिश की है लेकिन सड़क का प्रस्ताव पास नहीं हो सका। स्थिति यह है कि जर्जर सड़क पर लोगों को भारी परेशानी हो रही है निकलने में, क्योंकि सड़क में जगह-जगह गहरे गड्ढे बने हुए हैं। जिससे आम राहगीरों को भी चोटिल होने का खतरा बना हुआ है। महाजन मोहल्ले के सभासद को लगभग दो वर्ष हो चुके हैं लेकिन सभासद ने आज तक इस सड़क का पुनः निर्माण नहीं कराया है। गड्ढे होने से मोहल्ला महाजन की निवासी आए दिन चोटिल हो रहे हैं सभासद से जब शिकायत की जाती है तो कहते हैं कि प्रस्ताव पास हो रहा है। जर्जर सड़क होने से स्थानीय निवासियों को कई गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ता है, जिनमें मुख्य रूप से शामिल हैं । दुर्घटनाओं का खतरा: सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे और उखड़ी गिट्टियों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। दोपहिया वाहन चालक अक्सर गिरकर चोटिल हो जाते हैं।

## उर्दू साहित्य परिषद का हुआ पुर्नगठन,अध्यक्ष बनी फरजाना

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय बदायूं में सत्र 2025- 26 के लिए उर्दू साहित्य परिषद की कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया। उर्दू विभाग के असिस्टेंट प्रोफ़ेसर डॉ जुनैद आलम के निर्देशन में चुनाव अधिकारी डॉ राकेश कुमार जायसवाल द्वारा संपन्न कराए गए चुनाव में एमए प्रथम सेमेस्टर के की छात्रा फरजाना ने सर्वाधिक मत प्राप्त कर अध्यक्ष निर्वाचित हुई। उपाध्यक्ष के दो पदों पर नबीला और राबिया निर्वाचित हुई। वहीं महामंत्री पद पर एमए तृतीय सेमेस्टर की ज़ेबा ने सर्वाधिक मत प्राप्त कर विजय प्राप्त किया। संयुक्त सचिव पद नीलोफर और कहकशां को मिला। सभी निर्वाचित पदाधिकारीयों को प्राचार्य डॉ अनिल कुमार ने पद एवम कर्तव्य की शपथ दिलाई। इस अवसर पर डॉ हुकुम सिंह, डॉ प्रेमचन्द चौधरी , डॉ दिलीप कुमार वर्मा, डॉ ज्योति विश्नोई आदि उपस्थित रहे।

## ग्राम कुलचौरा के पास तेज रफ़्तार पिकअप ने ऑटो को मारी टक्कर

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। सोमवार को दोपहर में बदायूँ-फरुखाबाद रोड पर ग्राम कुलचौरा के पास एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने ऑटो में टक्कर मारते हुए उसे रौंद दिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही 112 पुलिस के सिपाही कपिल अत्री और मंडी चौकी के सिपाही लवलेश तुरंत मौके पर पहुंचे। दोनों पुलिसकर्मियों ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को ऑटो से बाहर निकालकर जिला अस्पताल भिजवाया, जहां उनका इलाज जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पिकअप वाहन तेज रफ्तार में था, जिससे हादसा हुआ। पुलिस ने पिकअप को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है।घटना से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। फिलहाल घायलों की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।

## रोडवेज प्रशासन की लापरवाही से यात्रियों की बढ़ी मुश्किलें

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। रोडवेज बसों के संचालन में प्रशासनिक लापरवाही और चालक- परिचालक की मनमानी के कारण यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। निर्धारित समय पर बसें न चलने से लोग घंटों बस स्टैंड पर खड़े इंतजार करने को मजबूर होते हैं। इससे बुजुर्ग, महिलाएँ व छात्र सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। यात्रियों का कहना है कि कई रूटों पर बसें देर से आती हैं, जबकि कुछ चालक बिना जानकारी दिए ही बीच रास्ते वाहन रोक कर खड़े हो जाते हैं। वहीं परिचालकों द्वारा यात्रियों से अभद्रता की शिकायतें भी अक्सर सुनने में आती रहती हैं। इसके बावजूद विभाग कार्रवाई करने के बजाय मौन बना हुआ है। ताज़ा मामला रोडवेज बस स्टैंड बदायूँ पर खड़ी बस संख्या यू पी 78 डी ऐन 8910 (बदायूँ-फरुखाबाद) का हैं। यात्रियों का आरोप हैं कि उक्त बस के चलने के इंतजार में 2 घंटे से बस में बैठे हुए हैं लेकिन न तो कोई चालक और न ही परिचालक बस के पास आया। जब पूछताछ केंद्र पर उन्होंने जानकारी की तो ''अभी चल रही हैं, अभी चल रही हैं'' कहकर टरकाया जाता रहा जब कैन्विज टाइम्स के रिपोर्टर द्वारा समयपाल उगेंद्र सिंह से इस लापरवाही के बाबत पूछताछ की गयी तो उन्होंने कुछ भी स्पस्ट कहने के बजाय गोलमोल जवाब दे दिया फिर किसी और चालक परिचालक को बुलाकर बस को बमुश्किल शाम 4:40 बजे रवाना किया गया। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि रोडवेज प्रशासन बस संचालन व्यवस्था में सुधार करे, समय सारिणी का पालन सुनिश्चित करे और मनमानी करने वाले चालकों-परिचालकों पर कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

## पीरियड अवेयरनेस वर्कशॉप का सफलतापूर्वक आयोजन

संभल कैनविज टाइम्स संवाददाता। 24-11-2025 को आज होपयूनिटी हेल्पिंग वेलफ़ेयर फाउंडेशन की जिला सम्भल चंदौसी टीम द्वारा डॉ. बी. आर. अम्बेडकर स्कूल ग्राम पथरा चंदोसी में छात्राओं के लिए पीरियड अवेयरनेस वर्कशॉप का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती आशा गोस्वामी के कर-कमलों द्वारा किया गया। स्कूल की प्रबंधक ममता रानी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए मासिक धर्म से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान कीं और उन्हें जागरूक किया। सम्भल जिला कोऑर्डिनेटर स्वीटी सिंह एवं रेखा गौतम ने भी छात्राओं को आवश्यक मार्गदर्शन दिया और स्वच्छता, स्वास्थ्य तथा आत्म-सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला। होपयूनिटी हेल्पिंग वेलफ़ेयर फाउंडेशन की डायरेक्टर डॉ. कृष्णा सिंह ने छात्राओं को पीरियड हेल्थ और हाइजीन से जुड़ी विस्तृत जानकारी प्रदान की तथा इस विषय पर खुलकर बात करने और स्वयं को जागरूक रखने के लिए प्रेरित किया। बाद में छात्राओं को सैनेट्री पैड भी वितरित किए गए। इस दौरान क्षमता, सुशीला, सीमा अग्रवाल,योगेश,आभा रानी,रेशमा, दुर्गेशनंदिनी, आरती सिंह, राजकुमारी रंजीत कौर, काजल आदि उपस्थित रहे।

## एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने दूसरे दिन भी फूंका सदर विधायक का पुतला

फर्रुखाबाद। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) मोहम्मदाबाद इकाई के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को फर्रुखाबाद सदर विधायक सुनील दत्त द्विवेदी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि विधायक ने शराब के नशे में पूर्णकालिक कार्यकर्ताओं और संगठन से जुड़े लोगों को फोन पर अपमानजनक शब्द कहे तथा गाली-गलौज की। इसी कथित प्रकरण को लेकर एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने नगर में विधायक का पुतला दहन कर अपना आक्रोश व्यक्त किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने सदर विधायक के खिलाफ नारेबाजी भी की और कथित तौर पर संगठन मंत्री सुनील सिंह राणा के साथ फोन पर की गई अभद्रता की कड़ी निंदा की। एबीवीपी मोहम्मदाबाद इकाई ने आरोपों की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि संगठन के कार्यकर्ताओं का अपमान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कार्यकर्ताओं का कहना है कि फोन पर की गई अभद्र टिप्पणी से संगठन के युवा कार्यकर्ता बेहद आक्रोशित हैं।

## छेड़खानी की शिकायत पर कार्रवाई न होने से आहत विवाहिता ने दी जान

बांदा। उत्तर प्रदेश में बांदा जिले के कालिंजर थाना क्षेत्र स्थित एक गांव में विवाहिता ने सोमवार को जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। छेड़खानी की घटना में पुलिस की ओर से कार्रवाई न होने से आहत होकर महिला ने यह कदम उठाया हैं इस मामले में सीओ नरैनी कृष्णकांत त्रिपाठी ने बताया कि गांव की रहने वाली एक विवाहिता के परिजनों के मुताबिक, एक माह पहले उसके साथ छेड़खानी की घटना हुई थी। महिला ने गांव के ही एक युवक के खिलाफ थाना में शिकायत दर्ज करायी, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई करने के बजाए मामले को टालती रही। न्याय न मिलने की पीड़ा और लगातार अपमान की भावना से व्यथित होकर विवाहिता ने सोमवार सुबह जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी।

# मुस्लिम नाबालिग छात्रों द्वारा हिन्दू छात्राओं को पानी में पेशाब मिलाकर पिलाने का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। मामला उसहैत थाना क्षेत्र के अंतर्गत जनपद बदायूं के कस्बा उसहैत के चमेली देवी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का बताया जाता हैं। स्कूल में गैर समुदाय के छात्रों द्वारा छात्राओं को पानी की बोतल में पेशाब मिला कर पिलाने का आरोप लगाया गया है। छात्राओं ने बताया कि जब वे धूप में बैठने के लिए कक्ष से बाहर जाती थीं, तो छात्र उनकी पानी की बोतल में पानी भरने के बहाने पेशाब मिला लाते थे। शनिवार को कुछ छात्राओं ने उन्हें ऐसा करते देख लिया। तब जाकर यह मामला मामला खुला। पीड़ित छात्राओं ने स्कूल प्रबंधन और प्रधानाचार्य से मामले की शिकायत की। उनके अभिभावकों ने प्रधानाचार्य से मामले में जानकारी ली, जिसके बाद आनन फानन में छह छात्रों के नाम काटने की कार्रवाई की गई। सूचना पाकर विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और करणी सेना से जुड़े हिंदू संगठन के लोगों ने भी कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा काटा और प्रदर्शन किया। पत्रकारों द्वारा उक्त प्रकरण जब पुलिस कप्तान के समक्ष उठाया गया तो तेज तर्रार और सख्त कार्यवाही के लिए विख्यात एसएसपी डॉ ब्रजेश कुमार सिंह ने मामले में पुलिस के स्तर से जांच करवा कर दोषियों पर सख्त कार्यवाही अमल में लाये जाने की बात कही है। जब कैन्विज टाइम्स के रिपोर्टर ने डीआईओएस लाल जी यादव से इस सम्बन्ध जानकारी चाही, तो उन्होंने जाँच हेतु तीन सदस्यों की टीम गठित किये जाने की बात कही । इसमें जी आई सी बदायूँ के प्रिंसिपल गुलनवाज आलम, जी ज़ी आई सी बदायूँ की प्रिंसिपल अल्पना कुमार तथा राजकीय हाई स्कूल खूनक की प्रिंसिपल नूतन शामिल रहेंगी । यह कमेटी इस प्रकरण की शीघ्र जाँच कर आख्या जिला विद्यालय निरीक्षक को उपलब्ध करवाएगी ।

# काशी तमिल संगमम : पोस्टर प्रतियोगिता में रचा रंगों का अनोखा संगम

एजेंसी

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के वाराणसी में होने वाले काशी तमिल संगमम54 के तहत सोमवार को दृश्य कला संकाय, काशी हिंदू विश्वविद्यालय में एक पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में काशी और तमिलनाडु की सांस्कृतिक विरासत को एक सूत्र में पिरोने का अनोखा प्रयास देखने को मिला। ्ल्यूनिटी विथ डायवर्सिटी (अनेकता में एकता)ङ्क थीम पर आधारित प्रतियोगिता में 150 से अधिक छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी कल्पनाओं को आकर्षक रंगों से उकेरा। इस प्रतियोगिता में महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, जीवन दीप स्कूल, सनबीम समूह तथा बीएचयू के विभिन्न संकायों के छात्र शामिल हुए। छात्रों ने काशी और दक्षिण भारत की विविध परंपराओं, पद्धतियों, वेशभूषा, लोक-संस्कृति और जीवन-पद्धति को आधार बनाते हुए सुंदर पेंटिंग्स तैयार कीं। गीत-संगीत के माहौल में विद्यार्थी अपनी कल्पनाओं को कैनवास पर उकेरते रहे।

आयोजन स्थल पर अनेकता में एकता का नजारा दिखा। छात्रों की कलाकृतियों में काशी के घाट संस्कृति, मंदिरों की भव्यता, दक्षिण भारत के नृत्य रूपों, लोककला, स्थापत्य और आध्यात्मिकता की झलक साफ नजर आई। कहीं गंगा आरती का दृश्य उकेरा गया, तो कहीं भरतनाट्यम नृत्य की सजीव आकृतियाँ थीं। किसी पोस्टर में कांचीपुरम की परंपरा दिखाई दी तो किसी में काशी की अलौकिक आध्यात्मिकता। इन पेंटिंग्स ने दर्शाया कि सांस्कृतिक भिन्नताओं के बावजूद भारत एक है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में नोडल अधिकारी

### प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा, कल्पनाओं को आकर्षक रंगों से अभिव्यक्त किया

प्रोफ़ेसर अंचल श्रीवास्तव, संयोजक प्रोफ़ेसर मनीष अरोड़ा, प्रोफ़ेसर ज्ञानेंद्र कुमार कनौजिया तथा सहायक प्रोफ़ेसर कृष्णा सिंह का विशेष योगदान रहा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र अत्यंत उत्साहित नजर आए। कई छात्रों ने बताया कि यह मंच उन्हें अपनी संस्कृति को नए दृष्टिकोण से समझने और प्रस्तुत करने का अवसर देता है। आयोजन के दौरान यह घोषणा भी की गई कि सर्वश्रेष्ठ पोस्टर बनाने वाले छात्रों को तमिल संगमम54 के मुख्य मंच पर सम्मानित किया जाएगा। इससे छात्रों में प्रतियोगिता को लेकर उत्साह और बढ़ गया।

## कन्नौज में सामूहिक विवाह समारोह - परिणय सूत्र में बंधे 243 जोड़े

कन्नौज । उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत आज पी.एस.एम. कॉलेज, कन्नौज का प्रांगण उल्लास, मंगलध्वनि और शुभकामनाओं से गूंज उठा। उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण तथा पार्टी जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया की उपस्थिति में आयोजित समारोह में कुल 243 जोड़ों ने वैवाहिक जीवन में प्रवेश किया। इनमें 7 जोड़े मुस्लिम समुदाय के थे । इस अवसर पर समाज कल्याण राज्य मंत्री असीम अरुण ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि ्विवाह केवल दो व्यक्तियों का नहीं, बल्कि दो परिवारों का सुंदर मिलन है। सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि हर युवा स्वयं के पैरों पर खड़ा हो, उनके हुनर व शिक्षा का सही दिशा में उपयोग हो और परिवार खुशहाल जीवन जी सके। स्वरोजगार एवं आजीविका बढ़ाने हेतु योगी सरकार अनेक लाभकारी योजनाएं संचालित कर रही है। जिला समाज कल्याण अधिकारी वेद प्रकाश मिश्रा ने बताया कि योजना के अंतर्गत प्रति जोड़ा ?1,00,000 की धनराशि व्यय की जाती है।

# एक भी न बन पाएं फर्जी या घुसपैठिया मतदाता : प्रकाश पाल

एजेंसी

कानपुर। उत्तर प्रदेश के कानपुर जनपद में भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय मुख्यालय में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बी.एल. संतोष निर्देशों के अनुपालन में सोमवार को गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लेकर क्षेत्रीय टोली के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने की। यह जानकारी सोमवार को भाजपा क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी ने दी।

कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने बताया कि भाजपा के सभी सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, ब्लॉक प्रमुख, नगर निगम के पार्षद, नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के जनप्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्रों में मतदाता हेल्प डेस्क स्थापित करेंगे। इन हेल्प डेस्कों के माध्यम से प्रत्येक




मतदाता को न्यूमरेशन फॉर्म भरवाने में हर संभव मदद की जाएगी। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने जोर देते हुए कहा कि एक भी फर्जी या घुसपैठिया मतदाता न बन पाए, इसके लिए पार्टी के कार्यकर्ता पूरी सतर्कता रखें। हेल्प डेस्क पर वर्ष 2003 की मतदाता सूची सहित आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध रहेंगे ताकि पुनरीक्षण कार्य में पारदर्शिता बनी रहे।

उन्होंने निर्देश दिए कि सभी वरिष्ठ बूथ एवं प्रवासी कार्यकर्ता अपने-अपने बूथों पर प्रतिदिन की रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। साथ ही प्रत्येक मतदाता को चिन्हित करते हुए बीएलओ का पूरा सहयोग किया जाए। भाजपा का संकल्प है कि 2025 की मतदाता सूची में प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम दर्ज हो तथा किसी भी प्रकार की त्रुटि न रह जाए। क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी ने बताया कि मलिन बस्तियों में विशेष रूप से जनप्रतिनिधियों के माध्यम से हेल्प डेस्क स्थापित की जाएंगी, जिससे वहां के निवासियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और हर पात्र मतदाता का नाम सूची में सम्मिलित हो सके। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि क्षेत्रीय कार्यालय में बनाए गए वार रूम में आईटी टीम के कार्यकर्ता प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से शाम पांच बजे तक मौजूद रहेंगे। यह टीम तकनीकी सहायता प्रदान करते हुए सभी 17 जिलों में चल रहे गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान की सतत मॉनिटरिंग एवं सहयोग सुनिश्चित करेगी। इस मौके पर वीरेंद्र तिवारी, जय प्रकाश कुशवाहा, आलोक शुक्ला,जितेंद्र सचान, पवन पांडे,ऋषभ शुक्ला, सचिन गौड़, रामू चंदेल आदि मौजूद रहे।

## डीएम ने कानून व्यवस्था को देखते हुए पुलिस बल के साथ किया पैदल गश्त

संभल (बहजोई) । आज जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई के द्वारा 24 नवंबर 2024 को संभल में हुई हिंसा के एक वर्ष होने जनपद में कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस बल के साथ पैदल गश्त की गयी। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस बल के साथ चौधरी सराय संभल से पैदल गश्त करते हुए शंकर चौराहा एवं एजेंटी चौराहा, चमन सराय, आर्य समाज रोड, खग्गू सराय, तेल मंडी संभल, अजमल मदरसा तथा एकता चौकी एवं कोतवाली सम्भल होते हुए सत्यव्रत चौकी पहुंचे। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने इंटीग्रेटेड कमांड एण्ड कंट्रोल सेन्टर में सम्भल में प्रमुख स्थानों एवं चौराहों पर ऑपरेशन त्रिनेत्र के अन्तर्गत लगाये गये सीसीटीवी कैमरों को चेक किया एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि संभल में कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहे किसी प्रकार की लापरवाही संज्ञान में ना आए इसको प्रत्येक दशा में देख लें।

# बूथ स्तर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष ने एसआईआर को लेकर की वार्ता

वाराणसी। भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि ने सोमवार को नियमित बैठकों से अलग बूथ स्तर पर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एस.आई.आर ) को लेकर डीठोरी महाल अर्दली बाजार के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर वार्ता की।

भाजपा के बनाए शक्ति केंद्र के अंतर्गत बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक, बीएलए टू कार्यकर्ताओं को महानगर अध्यक्ष ने कहा शक्ति केंद्र हमारी महत्वपूर्ण इकाई है। एक शक्ति केंद्र पर तीन पदाधिकारी काम कर रहे हैं। बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक एवं बीएलए 2 की नियुक्ति पार्टी नेतृत्व ने इस आशय के साथ किया है कि वह अपने बूथ के सभी मतदाताओं से यह जानकारी प्राप्त कर ले कि किसी का नाम एसआईआर से वंचित न रह जाए।

उन्होंने कहा कि बूथ अध्यक्ष एवं बीएलए टू की विशेष जिम्मेदारी है कि उनके बूथ पर विस्थापित हुए लोग एवं जिनकी मृत्यु हो चुकी है, उनका नाम किसी भी कीमत पर वोटर लिस्ट में न रहने पाए। इसके साथ साथ बीएलओ से सामंजस्य बना कर, 30 नवम्बर तक हर हाल में इस कार्य को अवश्य पूरा कर लें।

अंत में महानगर अध्यक्ष ने बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक एवं बीएलए टू को फटका पहनाकर सम्मानित किया। बैठक में चंद्रशेखर उपाध्याय ने अभी तक एसआईआर पर बूथ पर हुए कार्यों के बारे में वृत्त लिया। बैठक में प्रमुख रूप से बागेश्वरी मंडल अध्यक्ष मनोज सोनकर, महामंत्री सत्य प्रकाश जायसवाल, मनोज विश्वकर्मा, शक्ति केंद्र संयोजक अभिनव रघुवंशी, नीरज सिंह, मंडल मंत्री शशांक शर्मा, बूथ अध्यक्ष प्रतिभा गुप्ता, बीएलए टू अभिनय रघुवंशी, बूथ अध्यक्ष कृष्णकांत गुप्ता, जेपी सिंह, रणंजय सिंह, अवधेश राय, संजय उपस्थित रहे।

# दिल्ली-शामली रेल मार्ग पर दोहरीकरण के बाद दौड़ेगी नमो भारत ट्रेन: रेल मंत्री

बागपत। दिल्ली-शामली रेल रूट का दोहरीकरण का काम तेजी से चल रहा है। अगले तीन साल में इस कार्य को पूरा होने के बाद इस रूट पर नमो भारत ट्रेन भी चलाई जाएगी। इसकी घोषणा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने की है। दिल्ली शामली रेल मार्ग पर चलने वालों के लिए यह बहुत बड़ी सौगात होगी।

उत्तर प्रदेश के बागपत जिले के बड़ौत रेलवे स्टेशन पर सोमवार को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने बड़ोत से दो नई मेमू ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। फूलों से लदी दो ट्रेनों को दिल्ली और शामली के लिए रवाना किया। दैनिक यात्रियों के लिए यह एक बड़ी सौगात है। इस मौके पर रेल मंत्री ने कहा कि इस रूट पर यात्रियों को अधिक सुविधाएं मिलेंगी। यात्रियों की

### रेल मंत्री और केंदीय राज्यमंत्री जयंत चौधरी ने बड़ौत रेलवे स्टेशन पर दिल्ली-शामली रेलवे मार्ग पर दो नई ट्रेनों को दिखाई झंडी

संख्या बढ़ने से रेलवे की आय भी बढ़ेगी। इस रूट के दोहरीकरण के बाद नमो भारत ट्रेन भी चलाई जाएगी। रेल मंत्री ने कहा कि दोनों ट्रेनों के संचालन से गाजियाबाद, बागपत मुजफ्फरनगर और शामली के लोगों को फायदा होगा।

इसके अलावा रेल मंत्री और केंद्रीय राज्यमंत्री दोनों ने चौधरी कहर सिंह दिव्या पब्लिक स्कूल में स्किल इंडिया सेंटर का उद्घाटन भी किया है। इसके साथ ही रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शामली को 25 करोड़ की सौगात दी। शामली को अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल किया गया है। इस योजना के तहत शामली स्टेशन का विकास किया जाएगा। दिल्ली शामली रेल मार्ग पर नई मेमू ट्रेनों के शुरू हो जाने से बड़ौत, बागपत रोड, खेकड़ा, कांधला, शामली और आसपास के कस्बों व गांव के यात्रियों को दिल्ली आने जाने में बड़ी सुविधा मिलेगी।

यह होगा समयट्रेन संख्या 04496 बड़ौत से दोपहर 1:43 पर चलेगी और शाम को 4:10 पर दिल्ली पहुंचेगी। बीच रास्ते में इसके स्टेशन बागपत रोड, खेकड़ा लोनी और गोकलपुर सबोली होंगे। वहीं दूसरी ट्रेन 04495 शाहदरा से 2:16 पर चलेगी और 4:38 पर बड़ौत पहुंचेगी। यह स्टेशन शामली, कांधला और कासिमपुर में खेड़ी होगी।

# अयोध्या में पीएम का कार्यक्रम,एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था, अयोध्या बॉर्डर का किया निरीक्षण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**







गोण्डा । पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने अयोध्या में आयोजित होने वाले ध्वजारोहण कार्यक्रम एवं माननीय प्रधानमंत्री के आगमन के दृष्टिगत नवाबगंज-अयोध्या बॉर्डर का निरी क्षण किया। कार्यक्रम की संवेदनशीलता एवं अपेक्षित भीड़ व्यवस्थापन को ध्यान में रखते हुए महोदय द्वारा सुरक्षा तैयारियों,चेकिंग पॉइंट्स,पुलिस तैनाती तथा रूट डायवर्जन से संबं धित सभी पहलुओं का गहन मूल्यांकन किया गया।निरीक्षण के दौरान महोदय द्वारा बॉर्डर पर लगाए गए बैरियर, सीसीटीवी कैमरों, यातायात मार्गों,एंट्री-एक्जिट चेकपॉइंट्स तथा तैनात सुर क्षा बल की स्थिति का निरीक्षण कर अधिका रियों को सतर्क रहते हुए सुरक्षा में किसी भी प्रकार की कमी न रहने देने के निर्देश दिए गए साथ ही बताया गया कि प्रधानमंत्री के प्रस्ता वित कार्यक्रम को देखते हुए बॉर्डर पर आने-जाने वाले वाहनों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की सघन चेकिंग अनिवार्य रूप से की जाए तथा सुरक्षा के सभी प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए।पुलिस अधीक्षक के द्वारा लागू रूट डायवर्जन को मौके पर जाकर चेक किया तथा यातायात को सुचारू रखने हेतु आ वश्यक सुधारात्मक दिशा-निर्देश दिए।साथ ही ड्यूटी पर लगे पुलिस बल को उच्च सतर्कता, सं वेदनशीलता एवं अनुशासन के साथ ड्यूटी कर ने के निर्देश दिए,ताकि प्रधानमंत्री के आगमन तथा ध्वजारोहण कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्य वस्था पूरी तरह मजबूत बनी रहे।इसके अति रिक्त, बॉर्डर क्षेत्र में मोबाइल गश्त, इंटरसेप्शन टीम, चेकिंग पिकेट, ड्रोन निगरानी, तथा त्वरित प्रतिक्रिया दल (क्यूआरटी) को सक्रिय रहने एवं भीड़ नियंत्रण, चिकित्सा सहायता, फायर यूनिट और अन्य आपात सेवाओं के साथ समन्वय ब नाए रखने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक के द्वारा कड़े निर्देश दिए गए कि कार्यक्रम की गरि मा और महत्व को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी।सभी अधिकारी एवं कर्मचारी समय से अपने-अपने बिंदुओं पर तैनात रहकर कार्यक्रम को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं व्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराएंगे। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी तरबगंज उमेश्वर प्रभात सिंह,थानाध्यक्ष अभय सिंह सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहें।

# यातायात व्यवस्था पटरी से नीचे, पटरी पर मैकेनिक सड़क पर वाहनों का कब्जा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोंडा । नगर पालिका परिषद की मुख्य सड़क हो या फिर कस्बा क्षेत्रों की सड़कें ट्रैफिक व्यवस्था हर जगह ध्वस्त है। जहां देखो वहीं पर वाहन खड़े नजर आते हैं।स्थिति यह है कि मंडल मु ख्यालय की सबसे व्यस्त सड़क पर ही गैराज चल रहा है।यहां चार पहिया व दो पहिया वाह नों की मरम्मत की जाती है आला अधिकारी भी इसी रास्ते से गुजरते हैं,बावजूद इसके स मस्या जस के तस है। जिलाधिकारी ने वेंडिंग जोन को लेकर पहल की और बेंडिंग जोन बन कर तैयार भी हो गया है जो अब अधर में लट का हुआ है।वही न तो ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार के लिए न तो अधिकारी न ही आम लोग रूचि ले रहे हैं। यही वजह है कि एलबीएस चौराहे से गुरुनानक चौक, नगर कोतवाली व इससे आगे स्टेशन तक सड़क पर दुकानदारों का ही कब्जा है। छोटे व्यवसाइयों के साथ बड़े प्रतिष्ठानों का भी अतिक्रमण सड़क तक फैला है। कई स्थानों पर कार व बाइकों की मरम्मत सड़क पर ही की जा रही है।इससे दूसरे वाहनों की आवाजाही में मुश्किल होती है। इन्हें न तो कोई रोकने-टोकने वाला है और न ही कार्रवाई की जाती है। स्टेन रोड से लोग बलरामपुर,बहराइच,अयोध्या की तरफ जाते हैं, रोडवेज की बसें भी निकलती हैं। तब स्थिति और विकराल हो जाती है।ऐसे में स ड़क पर चल रहे राहगीर और दो पहिया वाहन चालक खासे परेशान रहते हैं।कोतवाली पुलिस और ट्रैफिक के जिम्मेदार अफसरों ने सड़क पर हो रहे कारोबार को रोकने व अव्यवस्था को सु धारने की पहल नहीं की है।हालांकि,जब वीआ ईपी का काफिला यहां से निकलता है तब पुलि स कुछ देर के लिए सड़क को व्यवस्थित करवा देती है।इसके बाद फिर से वही हालात बन जा ते हैं।कई बार इसी रोड से गंभीर मरीजों को ले जाने वाली एंबुलेंस भी फंस जाती है। लेकिन कोई सुधार नहीं हो रहा है।

## गैस मैकेनिक पर जानलेवा फायरिंग तीन नामजद एक अज्ञात सहित चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज

**गोरखपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोरेडीह निवासी हाल मुकाम कटसहरा गैस मैकेनिक के पुत्र अश्वनी गुप्ता पुत्र बजरंगी की तहरीर पर पुलिस ने आनन्द सहाय पुत्र अभिनन्दन सहाय निवासी काली जगदीश पुर थाना महुली संतकबीरनगर, शत्रुघ्न सिंह पुत्र हरिहर सिंह निवासी जमुनी कला व सुनील पुत्र अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 109, 118(1) के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोरेडीह निवासी हाल मुकाम कटसहरा अश्वनी गुप्ता पुत्र बजरंगी ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 23 नवंबर को शाम सात बजे के आसपास हमारे पिता बजरंगी अपने कटसहरा चौराहे पर स्थित दुकान पर रिपेयरिंग का काम कर रहे थे, तभी आनन्द सहाय पुत्र अभिनन्दन सहाय निवासी काली जगदीश पुर थाना महुली संतकबीरनगर, शत्रुघ्न सिंह पुत्र हरिहर सिंह निवासी जमुनी कला व सुनील पुत्र अज्ञात लोगों के साथ अपने हाथ में असलहा लेकर दुकान पर आ गए और हमारे पिता बजरंगी को दुकान से बाहर बुलाकर जान मारने की नियत से गोली चला दिए, पिता ने अपने आप को बचाने का प्रयास किया लेकिन गोली उनके बाएं हाथ के पंजे में लग गई जिससे दो अंगुलियां शरीर से अलग हो गई, जिससे पिता गंभीर रूप से घायल हो गए,जिनका इलाज गोरखपुर एक नीजी अस्पताल में चल रहा है। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष विवेक कुमार मिश्र ने बताया कि गोली लगने से घायल के पुत्र अश्वनी गुप्ता के तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# सीमा पर तैनात सैनिक ने आईजी से मिलकर हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग



**देहात कोतवाली थाना क्षेत्र के कोयली जंगल में दहशत में जी रहा है एक सैनिक का परिवार**

गोंडा । जिले में एक ऐसा परिवार है,जिसके भूत पूर्व सैनिक है,बेटा भी सेना में तैनात है।जो एक आर्मी जवान अपने पूर्व सैनिक पिता पर हुए हमला करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर के जिले के अधिकारियों के चौ खट पर माथा पटकने को मजबूर है।सैनिक के पिता पिता आनंद यादव की की हालत गंभीर है।उनका बीते आठ दिनो से लखनऊ में इलाज चल रहा है।पीड़ित आर्मी जवान अमन यादव ने घटना में शामिल सात में से पांच आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से परेशान होकर अपने परि जनों के साथ गोंडा देवीपाटन रेंज आईजी अमि त पाठक से मुलाकात की है,सैनिक अमन याद व ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए परिवार के साथ मिले।आईजी अमित पाठक ने आर्मी जवान अमन यादव और उनके परिजनों को आ श्वासन दिया है कि आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी किसी भी आरोपी को बक्शा नहीं जाएगा।उन्होंने तत्काल फोन क रके एसपी विनीत जायसवाल को कार्रवाई कर ने के निर्देश दिए है।देहात कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कोयली जंगली गांव में बीते 16 नवंबर को पंचायत के दौरान आर्मी में तैनात जवान अमन यादव के पिता पूर्व सैनिक आनंद यादव और उ नके चाचा दशरथ लाल और किशन लाल याद व पर धारदार हथियार से लोगों ने हमला करते हुए फायरिंग किया था।जहां गंभीर रूप से घाय ल अमन यादव के पिता पूर्व सैनिक आनंद याद व लखनऊ के एक निजी अस्पताल में भर्ती है जहां पर उनकी हालत नाजुक बनी हुई है जहाँ उनका इलाज चल रहा है। आईजी से मुलाकात करने के बाद मीडिया से बात करते हुए आर्मी जवान अमन यादव ने कहा कि मैं जम्मू कश्मीर में सीमा पर तैनात हूँ जहाँ मे देश की रक्षा में ल गा था।मुझे पता चला कि मेरे घर में कुछ दबंगो ने मेरे पिता पर हमला कर दिया है। मैं वहां से आया हूँ हमला करने वाले पांच आरोपी अभी भी फरार चल रहे हैं। हम लोगों को काफी डर लग रहा है। हम देश की रक्षा कर रहे हैं लेकिन हमारा परिवार यहां पर सुरक्षित नहीं है हम चा हते हैं।सरकार से कि आरोपियों पर कड़ी कार्र वाई हो और आरोपियों को गिरफ्तार करके जे ल भेजा जाए।आर्मी जवान अमन ने देहात को तवाली पुलिस पर कार्रवाई न करने का भी गं भीर आरोप लगाया है। वहीं घायल पूर्व सैनिक आनंद यादव के चचेरे भाई लाल बहादुर यादव ने बताया कि देहात कोतवाली पुलिस द्वारा सि र्फ दो आरोपियों को अब तक पकड़ा गया है। पांच आरोपी अभी भी फरार है उन्हें नहीं पक ड़ा गया है।हम चाहते हैं कि सभी आरोपियों को पकड़कर के पुलिस जेल भेजें।नामजद आरोपि यों के परिजन खुलेआम थाने के अंदर घूमते दे खे गए है।

## बाबा गंगाराम अमृत महोत्सवः शोभायात्रा से लेकर भजन संध्या तक कार्यक्रम तय

नानपारा बहराइच। आगामी 13 दिसंबर, दिन शनिवार, को गोंडा में आयोजित होने वाले अमृत महोत्सव (बाबा गंगाराम) को लेकर कमेटी की तैयारी बैठकें शुरू हो गई हैं। कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए शोभायात्रा, भजन संध्या, नृत्य-नाटिका और प्रसाद वितरण जैसे आयोजनों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही जनपद से अधिकाधिक संख्या में लोगों को कार्यक्रम में शामिल होने की अपील भी की गई। नवाबगंज गोंडा कमेटी के सुरेश बंसल ने बताया कि कोलकाता की भास्कर दा एंड पार्टी, भजन गायक नवीन जोशी, तथा कुमार शानू द्वारा भव्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। इस दौरान बाबा गंगाराम पंचदेव का भव्य दरबार बाहरी कलाकारों द्वारा सजाया जाएगा। कर्नलगंज से आए ज्ञान प्रकाश सिंघानिया ने बताया कि शोभायात्रा श्री श्याम मंदिर बड़गांव से निकलकर पुलिस चौकी होते हुए राम जानकी धर्मशाला तक पहुंचेगी। बैठक पत्रकार संदीप मुनका के आवास पर देर शाम तक चली, जिसमें माल चंद अग्रवाल, सोनू घीड़िया, विमलेश सिंघल, आशुतोष सिंहल, प्रमोद सिंघानिया, राजेंद्र, उत्कर्ष, श्याम सुंदर सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में पदाधिकारियों ने मिहिपुरवा, तिकुनिया, नानपारा, मटेरा, रीसिया और बहराइच की सभी कमेटियों से अपील की कि अधिक से अधिक लोगों से संपर्क कर उनके आने-जाने के साधन और अन्य आवश्यक जानकारियां समय से साझा कर लें।

# महिलाओं ने रखी अपनी समस्याएं, आयुक्त ने दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोण्डा । देवीपाटन मंडल में महिलाओं की सम स्याओं के त्वरित समाधान के लिए संचालित ल्लमां पाटेश्वरी शक्ति संवादङ्क कार्यक्रम के तहत सोमवार को मंडल मुख्यालय पर विशेष महिला जनसुनवाई का आयोजन किया गया।बैठक की अध्यक्षता आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने की।इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को प्रशास न के उच्च स्तर तक सीधे अपनी समस्याएं रख ने का अवसर देना और उनकी शिकायतों का प्रभावी एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित कर ना है। इस विशेष जनसुनवाई में 14 महिलाएं शामिल हुईं,उन्होंने अपनी व्यक्तिगत सामाजिक व राजस्व से संबंधित समस्याएं विस्तार से आयु क्त के समक्ष रखीं। आयुक्त ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक मामले का निस्तार ण अधिकतम दो सप्ताह के भीतर किया जाए। उन्होंने कहा कि ल्लमां पाटेश्वरी शक्ति संवाद में महिलाओं को सशक्त बनाने का एक प्रभावी मंच है।यह पहल महिलाओं की समस्याओं को प्राथमिकता पर निस्तारित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है इस दौरान अपर आयुक्त न्यायिक देवीपाटन,मीनू राणा भी उपस्थित रहीं

महिला अस्पताल पर लापरवाही का आरोप, जनसुनवाई में कई गंभीर मामलों को भी महि लाओं ने रखा।पूरे मछरहिया निवासी कोमल ने महिला अस्पताल के डॉक्टरों और स्टाफ पर गं भीर लापरवाही के आरोप लगाए।उनका कहना था कि एक अक्टूबर को जन्मे बीमार नवजात को भर्ती करने के बाद दवा व सुई देने के नाम पर पैसों की मांग की गई। पैसे न देने पर बच्चे को समय से इलाज नहीं मिला,जिसके चलते उसकी हालत बिगड़ गई और उसे निजी अस्प ताल में भर्ती कराना पड़ा।प्रार्थी ने दोषी कर्म चारियों पर कड़ी कार्रवाई और क्षतिपूर्ति की मांग की।

**सार्वजनिक मार्ग पर अवैध कब्जा,**

चांदपुर गांव की निवासी लक्ष्मी तिवारी ने शि कायत की कि उनके घर के आने-जाने वाले सा र्वजनिक रास्ते पर पिछले दो वर्षों से विपक्षियों ने कब्जा कर लिया है।उनके अनुसार,इस मा मले में ग्राम प्रधान की भी मिलीभगत है। उन्हों ने बताया कि पूर्व जिलाधिकारी ने मुख्य राज स्व अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी से जांच कराई थी, जिसमें कब्जा सही पाया गया और रास्ता खाली कराने की संस्तुति भी की गई, लेकिन स्थानीय लेखपाल और ग्राम प्रधान द्वारा गलत रिपोर्टें भेजने के कारण आदेश का पालन नहीं हो सका। लक्ष्मी तिवारी ने फिर से न्याय की गुहार लगाते हुए कहा कि सार्वजनिक मार्ग मुक्त कराना अत्यंत आवश्यक है, ताकि आवागमन सुचारू हो सके।

**वर्षों से चकमार्ग पर कब्जा**

मनकापुर के ग्राम सैदापुर निवासी ऊषा देवी ने मंडलायुक्त से चकमार्ग गाटा संख्याऽ404 को अवैध कब्जे से मुक्त कराने की मांग की। उन का आरोप है कि विपक्षी ने एकमात्र रास्ते पर कब्जा कर पेड़ लगा दिए हैं, जिससे उनका आवागमन पूरी तरह बाधित है। ऊषा देवी ने कहा कि वह दस वर्षों से तहसील दिवस, थाना दिवस, जनसुनवाई और 1076 पर कई बार शिकायत कर चुकी हैं, लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने हल्का लेखपाल सुनील प्रजापति और कानूनगो पर पक्षपात और अभद्रता का आरोप भी लगाया। पीड़िता ने रास्ता तत्काल खाली कराए जाने की मांग की।

**सीमा चिन्ह उखाड़े,धमकियां दीं;सुरक्षा की मांग**

कटरा बाजार क्षेत्र की शांति देवी ने भूमि विवाद में अपने और अपने परिवार की सुरक्षा की मांग की।उनका आरोप है कि 14 जुलाई को राजस्व टीम द्वारा की गई पैमाइश के बाद लगे सीमा चिन्ह पत्थरों को विपक्षियों ने उखाड़कर हटा दिया। विरोध करने पर उन्हें गाली-गलौज और जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं। उन्हों ने बताया कि रास्ते में गाड़ाबंदी कर उनकी आ वाजाही भी बाधित की गई है। शांति देवी ने अपने और पुत्र की सुरक्षा तथा अभियोग दर्ज कराने की मांग की।आयुक्त ने सभी मामलों पर त्वरित और निष्पक्ष कार्रवाई का आश्वासन देते हुए कहा कि महिलाओं की समस्याओं का समा धान शीघ्र और प्राथमिकता के आधार पर करा या जाएगा।

## खजनी ब्लाक प्रमुख अंशु सिंह ने सामूहिक विवाह कराया

गोरखपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । खजनी ब्लाक क्षेत्र के पूर्व ब्लाक प्रमुख स्व : सुरेन्द्र बहादुर सिंह (गुड्डू बाबु) के पुन्य तिथि के पुन्य स्मृति में निर्धन कन्याओ का सामूहिक विवाह समारोह कार्यक्रम संपन्न हुआ। जानकारी के अनुसार स्वः सुरेन्द्र बहादुर सिंह गुड्डू बाबु के पुन्य तिथि के पुन्य स्मृति में निर्धन कन्याओ का सामूहिक विवाह समारोह कार्यक्रम संपन्न हुआ। विवाह समारोह कार्यक्रम के अध्यक्ष ब्लाक प्रमुख खजनी अंशु सिंह ने अपने पति के पुन्य तिथि पर आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खजनी विधायक माननीय श्री राम चौहान रहे। कार्यक्रम में जयमाल की रस्म में वर –वधू को आशीर्वाद दिया जिसमे क्षेत्रीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे जिसमें ग्राम प्रधान, ग्राम विकास अधिकारी, बीबीसी जिला पंचायत सदस्य एवं शिक्षक व भाजपा कार्यकर्ताओ के साथ– साथ हजारों लोग उपस्थित थे। वर एवं कन्या में राधा संग शैलेश एवं सुनैना संग सरोज,व रत्न कुमारी संग मोहित, एवं प्रियंका संग मोहित जोड़े परिणय सूत्र में बंधे जो खजनी के स्थानीय नागरिक हैं। इस पुनीत कार्य योजना को कराने के लिए ब्लाक प्रमुख अंशु सिंह को हजारों लोगों ने बधाई दी ।

## आज खुले रहेंगे पोलिंग बूथ वाले परिषदीय विद्यालय

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता । जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने बताया कि जनपद बहराइच में प्रक्रियाधीन विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण एस.आई.आर. के दृष्टिगत जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर 25 नवम्बर 2025 को श्री गुरू तेग बहादुर शहीद दिवस अवकाश के दिन पोलिंग बूथ वाले समस्त परिषदीय विद्यालय खुले रहेंगे। समस्त कार्मिक जिनकी ड्यूटी विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण एस.आई.आर. में लगाई गयी है वे ससमय उपस्थित रहकर पूर्ण निष्ठा से अपने दायित्व का निर्वहन करेंगे।

## सहायिका पद के लिए 06 दिसम्बर के बाद आवेदन नहीं कर सकेंगे अभ्यर्थीः डीपीओ

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि जनपद बहराइच के शहरीध्ग्रामीण परिक्षेत्रों में संचालित बाल विकास परियोजना में आंगनबाड़ी सहायिकाओं के मानदेय आधारित रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु सीधी भर्ती प्रक्रिया के तहत वैकेन्सी मैनेजमेण्ट पोर्टल यूपी आंगनबाड़ीभर्ती पर आनलाइन आवेदन की अन्तिम तिथि 06 दिसम्बर, 2025 की मध्य रात्रि 12 बजे तक निर्धारित है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि निर्धारित अवधि के उपरान्त भर्ती पोर्टल लॉक हो जायेगा और काई भी अभ्यर्थी आवेदन नहीं कर सकेंगे।

## अखिल भारतीय सिविल सर्विसेज फुटबाल प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी विकास वर्मा एवं दुग्ध विकास विभाग में प्रधान सहायक के पद पर कार्यरत विजय शंकर का चयन अखिल भारतीय सिविल सर्विसेज फुटबाल पुरुष प्रतियोगिता में हुआ है द्य चयनित खिलाडी उत्तर प्रदेश की टीम से प्रतिभाग करेंगे द्य राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन 8 से 15 दिसम्बर 2025 तक सांताक्रुज फुटबॉल ग्राउंड एवं कैमपाल फुटबॉल ग्राउंड गोवा में किया जाएगा द्य प्रदेश की टीम में चयन होने पर जिला युवा कल्याण अधिकारी प्राची पवार क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी देवेश शुक्ला, अजय गुप्ता, अखिलेश चौधरी एवं दुग्ध विभाग से आई बी सिंह, नत्थू सिंह, अनुज कुमार यादव,शिवानंद यादव,रणजीत कुमार, मंगलम,जेपी बर्मा,अनिल कुमार तिवारी, महेश आनंद जी, कोच राकेश पासवान, विनोद कुमार,सहित सैकड़ो लोगो ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई दी ।

## दिल्ली में बदायूँ के शिक्षकों का टेट के विरुद्ध विशाल धरना प्रदर्शन

बदायूँ। अखिल भारतीय शिक्षक संघर्ष मोर्चा के बैनर तले शिक्षकों का जंतर मंतर दिल्ली में विशाल धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया 24 नबम्बर को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अंतर्गत पूरे देश के हज़ारों शिक्षक आज जंतर मंतर पर एकत्र हुए और शासन से अपील करते हुए शिक्षकों को टेट अनिवार्यता सम्बन्धी सुप्रीम कोर्ट के आदेश के सम्बंध में अध्यादेश लाकर 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टेट की अनिवार्यता से मुक्त रखने की मांग की। धरने में उत्तरप्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल(पू0मा0)शिक्षक संघ उत्तरप्रदेश के मुखिया योगेश त्यागी के नेतृत्व में पूरे प्रदेश के जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के शिक्षकों ने बड़ी संख्या में धरने में उपस्थित होकर धरने को ऐतिहासिक बना दिया।

# भारत-नेपाल बॉर्डर पर तस्करी पर लगाम, एसएसबी ने पकड़ा स्मैक तस्कर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



नानपारा, बहराइच। भारत-नेपाल सीमा पर सशस्त्र सीमा बल और मोतीपुर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में 11.7 ग्राम स्मैक के साथ एक नेपाली तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार, रविवार को सीमा चौकी बलाईगांव से सहायक उप निरीक्षक (सामान्य) होरें दिहिन्गीय छह अन्य बलकर्मियों और श्वान रॉक के साथ प्राप्त सूचना के आधार पर संयुक्त गश्त पर निकले थे। इस दौरान मोतीपुर थाना के उप निरीक्षक अमरेश कुमार गिरी व तीन अन्य पुलिसकर्मी भी टीम में शामिल थे। गश्ती दल भारत-नेपाल सीमा स्तंभ संख्या 665/01 की ओर बढ़ रहा था, तभी कच्चे रास्ते से नेपाल की ओर जाता एक संदिग्ध युवक टीम को देखकर घबरा गया और भागने लगा। दल ने घेराबंदी कर युवक को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपनी पहचान ललित बहादुर बस्नेत (25 वर्ष), पुत्र करण बहादुर बस्नेत, निवासी बन्सगढ़ी, जिला बर्दिया (नेपाल) के रूप में बताई। सख्ती से पूछताछ करने पर उसने अपने पास स्मैक होने की बात कबूल की। सूचना मिलने पर सहायक कमांडेंट कोमिरे प्रदीप गोंड मौके पर पहुंचे और उनकी मौजूदगी में पकड़े गए युवक की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसकी पैंट की दाहिनी जेब से प्लास्टिक की एक पोटली बरामद हुई, जिसमें स्मैक पाया गया। इसकी पुष्टि श्वान रॉक ने भी संकेत देकर की। अभियुक्त के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई की गई है। बरामद मादक पदार्थ और आरोपी को आगे की कानूनी कार्रवाई हेतु थाना मोतीपुर, जिला बहराइच को सुपुर्द कर दिया गया।

# युवती की गला रेतकर हत्या बाथरूम में मिली लाश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोरखपुर। झंगहा थाना क्षेत्र के जंगल रसूलपुर नंबर-2 गांव में शादी समारोह के बीच एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। ताऊ की बेटी की शादी में शामिल होने मायके आई 22 वर्षीय शिवानी निषाद की गला रेतकर हत्या कर दी गई। रात में घर लौटने पर उसकी खून से लथपथ लाश बाथरूम में मिली। घटना रविवार देर रात की है। देवरिया के रुद्रपुर थाना क्षेत्र के अवस्थी गांव की रहने वाली शिवानी 21 नवंबर को ताऊ बसंत निषाद की बेटी अमिता की शादी में शामिल होने मायके आई थी। 23 नवंबर को बारात आनी थी। समारोह उसके घर से करीब 200 मीटर दूर चल रहा था। रात लगभग 2 बजे शिवानी घर लौटी। मां ने समझा कि वह कपड़े बदलने आई है, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं आने पर मां नोहरा देवी उसे खोजते हुए घर गईं। आवाज देने पर कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। बाथरूम में झांकने पर पहले हाथ दिखा, अंदर जाने पर शिवानी खून से सनी हालत में मृत पड़ी थी। उसकी गर्दन कटी हुई थी और बाथरूम में खून बिखरा था। स्थानीय लोगों ने बताया कि शिवानी की एक उंगली भी कटी हुई थी। आशंका है कि उसने हत्यारे से काफी संघर्ष किया। मौके पर खून के छींटे और निशान साफ दिखाई दे रहे थे। हत्या की खबर मिलते ही समारोह में अफरा-तफरी मच गई। शादी की रस्में रोक दी गईं और बाद में सुबह जरूरी रस्में पूरी कर बारात विदा की गई। पुलिस को तफ्तीश में बड़ा सुराग मिला है। खोजी कुत्ता 'टोनी' बाथरूम से खून की गंध लेने के बाद घर के पीछे लगभग 500 मीटर दूर स्थित एक गली में मौजूद एक ही घर के पास तीन बार जाकर रुका। ग्रामीणों के अनुसार उस घर में रहने वाला एक युवक पहले शिवानी से बातचीत करता था। पुलिस ने उस घर के लोगों से पूछताछ की है और कुछ को थाने ले जाकर भी पूछताछ जारी है। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी धारदार हथियार भी साथ ले गया। इससे पुलिस का मानना है कि हत्या प्लानिंग के तहत हुई है। पुलिस की पड़ताल के तीन प्रमुख एंगल घर खाली देख किसी लुटेरे का घुसना और पहचान होने पर हत्या।किसी पुराने परिचित का मिलने आना और विवाद के बाद हत्या।किसी नजदीकी व्यक्ति द्वारा योजना बनाकर हत्या करना।

# डीएम ने सचिव, बीएलओ, रोजगार सेवक और सफाईकर्मी को किया निलम्बित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**खण्ड विकास अधिकारी अमेठी को दी विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि और लेखपाल को चेतावनी**

**कोहरा में घर घर गणना प्रपत्र वितरण में लापरवाही हुई उजागर**

अमेठी । जिला निर्वाचन अधिकारी संजय चौहान ने सोमवार को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत तहसील अमेठी सभागार में चल रहे डिजिटलाइज्ड कार्यक्रम का अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों व तकनीकी सहायकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने तहसील क्षेत्र अमेठी प्राथमिक विद्यालय कोहरा में पुनरीक्षण कार्यक्रम का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ एसडीएम आशीष सिंह मौजूद रहे।जिलाधिकारी ने कोहरा में प्रपत्र वितरण, एकत्रीकरण तथा डिजिटलाइज्ड किये जाने की समीक्षा की जिसकी असंतोष जनक प्रगति प्राप्त हुई जिसपर जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी अमेठी बृजेश सिंह को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के साथ ही ग्राम सभा कोहरा ग्राम पंचायत अधिकारी कीर्ति सिंह, पंचायत सहायक, रोजगार सेवक, सफाई कर्मचारी व बीएलओ को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिये। साथ ही सुपरवाइजर लेखपाल को चेतावनी जारी करने के निर्देश भी दिए। जिसके क्रम में मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह द्वारा खण्ड विकास अधिकारी को विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि देते हुये विकास खण्ड अमेठी के एसआईआर कार्यों को सुव्यवस्थित एवं समयबद्ध ढंग से प्रगति सुनिश्चित करने हेतु प्रवीण कुमार खण्ड विकास अधिकारी को विशेष प्रभार सौंपा है। जिलाधिकारी ने कहा कि यह अभियान तभी सफल होगा जब सभी अधिकारी कर्मचारी अपने दायित्वों का सक्रिय रूप से अपनी भूमिका निभाएं। उन्होंने सभी को सख्त निर्देश दिये कि वे समयबद्ध तरीके से गणना प्रपत्र वितरित करें और मतदाताओं को प्रपत्र भरने की पूरी प्रक्रिया के बारे में स्पष्ट एवं समुचित जानकारी दें। उन्होंने चेताया कि इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। जिलाधिकारी ने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को सटीक, त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाना है ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न हो और कोई अपात्र व्यक्ति सूची में शामिल न रह जाए।उन्होंने इसे लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। ज्ञातव्य है कि यह विशेष अभियान चार दिसम्बर तक संचालित किया जाएगा, जिसके दौरान बीएलओ घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित करेंगे। मतदाताओं को इन प्रपत्रों को भरकर पुनः बीएलओ को जमा करना है।

# एसडीएम ने व्यापारी नेता के साथ नगर में पैदल घूम कर व्यापारियों को मतदाता पुनरीक्षण अभियान के लिये किया जागरूक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। पूरनपुर तहसील क्षेत्र में एसआईआर के कार्य को लेकर शनिवार को एसडीएम ने अजीत प्रताप सिंह और उनकी टीम ने व्यापारी नेता हंसराज गुलाटी के साथ दुकान दुकान जाकर इस्ट्र अभियान के लिये जागरूक किया और बीएलओ द्वारा किये जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया इस दौरान बीएलओ में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा एसडीएम के निरीक्षण की खबर पहुंचते ही एसआईआर में कार्य करने वाले सतर्क हो गए एसडीएम अजीत प्रताप सिंह के साथ नायब तहसीलदार के साथ नगर में आम आदमी की तरह दुकानों और विभिन्न वार्डों में भ्रमण को निकले तो यह चर्चा का विषय बन गया इस दौरान एसआईआर में कार्य करने वाले भी सतर्क हो गए एसडीएम अजीत प्रताप सिंह ने मतदाताओं को एसआईआर की जानकारी दी उन्होंने इस दौरान बीएलओ द्वारा प्रत्येक घर घर फार्म उपलब्ध करवाए और लोगों को निर्देश दिए गए कि फार्म पूर्ण रूप से भरें, फोटो चिपकाएं और बीएलओ को वापस जमा करवाएं अभियान में गणना प्रपत्र जमा नहीं करवाने की स्थिति में जारी होने वाली ड्राफ्ट मतदाता सूची से संबंधित व्यक्ति का नाम हट सकता है एसडीएम अजीत प्रताप सिंह ने एसआईआर कार्यों की समीक्षा की इस दौरान एसडीएम ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में शामिल होना जरूरी है उन्होंने सभी बीएलओ को समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए एसडीएम ने बताया 2003 मतदाता सूची के आधार पर भारत निर्वाचन आयोग ने एसआईआर की नई व्यवस्था लागू की है जिसमें संबंधित विभागों के अधिकारी बूथ लेबिल पर तैनाती चल रही हैं एसडीएम ने बताया तहसील क्षेत्र में 387 बूथ हैं इन सब बूथों पर बीएलओ के साथ एक ऑफिसर की भी तैनाती की गई हैं उन्होंने बताया कि बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करने के साथ ही नई वोट बनाने के लिए फार्म छह फार्म भी भर सकते हैं इस दौरान उन्होंने एसआईआर की मतदाताओं को फार्म भरने की और जमा करने की जानकारी दी है इसमें उन्होंने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा एसआईआर में लापरवाही बरती न जाए उन्होंने बताया कि राजनीतिक दलों और युवा वर्गों को आगे बढ़कर एसआईआर के कार्य में बीएलओ के साथ मददगार बनने की बात कही एसडीएम ने बताया एसआईआर के कार्य को लेकर बीएलओ को कड़े दिशा निर्देश देते हुए कहा कि समय से पहले जाने वाले की समीक्षा की जा रही ऐसे लोगों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई कराई जाएगी उन्होंने समयानुसार और निष्पक्ष ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए हैं उन्होंने बताया इस कार्य में लापरवाही बरतने वालों की सूची तैयार की जा रही है जल्दी ही और ऐसे लोगों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई कराई जाएगी किसी भी मतदाता को समस्या आने पर तुरन्त लेखपाल और नायब तहसीलदार और सम्बन्धित अधिकारी को स्थान पर भेजकर समस्या का समाधान कराया जा रहा है और पूरे नगर मे अनाउंसमेंट भी कराया गया है।

# गणना प्रपत्र एकत्रित व बीएलओ ऐप पर डिजिटाइजेशन कार्य के लिये नोडल अधिकारी किये गये नामित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । जिला निर्वाचन अधिकारी संजय चौहान ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि एक जनवरी 2025 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 का कार्यक्रम जारी किया गया हैं। उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा जारी उक्त कार्यक्रम के अन्तर्गत सम्प्रति चल रहे गणना प्रपत्रों का वितरण/संग्रह कर बीएलओ ऐप पर डिजिटाइजेशन करने संबंधी कार्यों को आयोग द्वारा नियत अवधि चार नवम्बर से चार दिसम्बर तक जनपद में अवस्थित समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में विद्यमान समस्त मतदेय स्थलों पर नियुक्त किए गये बीएलओ के कार्यों (गणना प्रपत्रों का संग्रह कर बीएलओ ऐप पर डिजिटाइजेशन) को समय से पूर्ण कराये जाने हेतु सम्बन्धित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के अधिकारियों को मैनपॉवर उपलब्ध कराये जाने एवं अपनी देखरेख में उनसे गणना प्रपत्रों का डिजिटाईजेशन करवाये जाने हेतु नोडल अधिकारी नामित किया गया है। इस क्रम में उन्होंने बताया कि विधानसभावार क्रमशः तिलोई के उपजिलाधिकारी अमित कुमार सिंह व नोडल अधिकारी प्राचार्य आईटीआई जायस व मुसाफिरखाना तहसील के उपजिलाधिकारी अभिनव कनौजिया व नोडल अधिकारी प्राचार्य आईटीआई गौरीगंज एवं गौरीगंज तहसील के उपजिलाधिकारी प्रीती तिवारी व नोडल अधिकारी सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक गौरीगंज तथा अमेठी तहसील उपजिलाधिकारी आशीष सिंह व नोडल अधिकारी प्राचार्य आईटीआई अमेठी को अतिरिक्त मैनपॉवर के रूप में प्रत्येक विधानसभावार दो पालियों के लिए आईटीआई के बीस, ई-गवर्नेंस के बीस, माध्यमिक शिक्षा के दस कार्मिकों द्वारा डिजिटाईजेशन का कार्य कराने के साथ ही प्रतिदिन प्रगति से सम्बन्धित उपजिलाधिकारियों को अवगत करायेंगे। उन्होंने बताया कि समस्त अधिकारियों को आवंटित कार्यों को समय से पूर्ण कराना होगा जिसके लिए वह स्वयं उत्तरदायी होंगे तथा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य पूर्ण होने तक बिना जिला निर्वाचन अधिकारी की पूर्व अनुमति के मुख्यालय से बाहर नहीं जायेंगे उक्त आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

# खस्ताहाल सरकारी नलकूप किसानों की सिंचाई ठप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**विधायक की निष्क्रियता पर उठे सवाल**

बल्दीराय/सुल्तानपुर। जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र के हलियापुर ब्लॉक सहित विभिन्न गांवों में सरकारी नलकूप कई वर्ष से बंद पड़े हैं, जिससे किसानों के फसलों की सिंचाई पूरी तरह ठप हो चुकी है। सरकार हर वर्ष नलकूपों की मरम्मत और संचालन के लिए बजट जारी करती है, लेकिन धरातल पर योजनाएं 'फाइलों' के पन्नों' से बाहर निकल ही नहीं पातीं। नतीजतन, किसानों को सरकारी सुविधा के बजाय निजी ट्यूबवेल और डीजल पंपों पर निर्भर होना पड़ रहा है, जो महंगा सौदा साबित हो रहा है।

क्षेत्र में दक्खिन गांव, मिझूटी, पूरे सुखराज सिंह मौजा डोभियारा, डेहरियांवा, रामपुर बबुआन, हंसूई, मुकुंदपुर, तिरहुत, मेघमऊ, उमरा, जरई, कांपा सहित दर्जनों गांवों में नलकूप वर्षों से खराब पड़े हैं। इन नलकूपों के माध्यम से हजारों बीघा फसल की सिंचाई होनी चाहिए थी, लेकिन बंद पड़े नलकूप किसानों के लिए परेशानी और प्रशासनिक लापरवाही की पहचान बन गए हैं।क्षेत्रीय विधायक इस क्षेत्र से मौखिक लोक प्रियता तो हासिल कर रहे हैं लेकिन आमजनता के मूलभूत समस्याओं को परखने और निवारण के लिए ,निष्क्रिय बने है।लिहाजा क्षेत्र में बिगड़े नलकूप के वजह से किसानों की सिंचाई समस्या जस की तस बनी है। स्थानीय किसानों का आरोप है कि विधायक सुरेश पासी ने क्षेत्र के आम जनता के इस मूलभूत समस्या पर कभी ध्यान नहीं दिया।नलकूपों की मरम्मत के नाम पर बड़ा बजट आता है, मगर फर्जी वर्क ऑर्डर और कागजी खर्च दिखाकर घोटालेबाजों की जेबें गर्म होती रहती हैं। शासन स्तर पर जिम्मेदार अधिकारी बजट के उपयोग की निगरानी नहीं करते, वहीं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि भी मूक सहमति में आंखें मूंदे बैठे हैं। सरकार की लाखों रुपये की सिंचाई योजना, भ्रष्ट तंत्र और क्षेत्रीय नेतृत्व की निष्क्रियता की भेंट चढ़ चुकी है। विधानसभा क्षेत्र के विधायक और उनके प्रतिनिधियों की जिम्मेदारी बनती है कि जनता से मिले जनादेश को न्याय दें और विकास योजनाओं को जमीन पर उतारें। लेकिन नलकूपों की दुर्दशा ने विधानसभा के विकास के दावों की पोल खोल दी है। किसानों का कहना है कि यदि समय रहते नलकूप चालू नहीं हुए तो बढ़ती लागत और सिंचाई संकट से उनकी फसल खर्चीली होगी। अब किसान उम्मीद लगाए बैठे हैं कि प्रशासन और विधायक इन मशीनों को 'शोपीस' नहीं, बल्कि 'जीविका का साधन' समझकर जल्द चालू करवाएं, ताकि उनकी मेहनत और फसल बच सके।

इस बाबत बल्दीराय सर्किल के जेई केशवशरण यादव ने बताया कि मुझे यहां का चार्ज लिए डेढ़ महीने हुए हैं। नलकूपों की कमियों को अतिशीघ्र दुरुस्त किया जायेगा।

# सर्राफा व्यवसाई से लूट की वारदात पुलिस की जांच में निकली झूठी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**एसपी ने घटना का अनावरण करने वाली पुलिस टीम को दस हजार रुपये का नकद इनाम दिया**

अमेठी । थाना संग्रामपुर क्षेत्र में बीते दिनों सर्राफा व्यवसाई के साथ हुई लूट की वारदात पुलिस की जांच में झूठी पाई गई। पुलिस के साथ ही स्वाट टीम द्वारा फर्जी लूट की घटना का खुलासा किया है।उक्त घटना का अनावरण करने वाले टीम को पुलिस अधीक्षक ने दस हजार रुपये नकद प्रदान कर पुरस्कृत किया है। थाना क्षेत्र के ग्राम बडगांव निवासी जय प्रकाश सोनी पुत्र रामेश्वर प्रसाद सोनी द्वारा थाना संग्रामपुर पर लिखित तहरीर दी गयी कि वह अठारह नवम्बर की शाम लगभग साढ़े पांच बजे दुकान बंद करके घर वापस आ रहे थे कि थरिया मोड़ के पास दो मोटरसाइकिल सवार तीन व्यक्तियों ने उसे रोक कर उसकी मोटरसाइकिल की चाभी निकाल लिया तथा डिग्गी तोड़कर उसमें रखा सामान का थैला निकाल लिये और सिर पर बट्ट से मारकर थैला लेकर भाग गये थे थैले में सोने चांदी के गहने थे।उक्त सूचना पर थाना संग्रामपुर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर घटना स्थल पर तत्काल पहुंचकर मौका मुआयना करते हुये स्थानीय लोगों से पूछताछ, सीसीटीवी फुटेज व अन्य माध्यमों से साक्ष्य संकलन किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त घटना के शीघ्र अनावरण हेतु संबन्धित को आवश्यक अदेश निर्देश दिये गये थे।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना संग्रामपुर के थानाध्यक्ष अखिलेश सिंह व स्वाट सर्विलांस टीम के प्रभारी ब्रजेश कुमार सिंह द्वारा उक्त घटना के सफल अनावरण हेतु गंभीरता से जांच की जा रही थी।प्रकरण की गहनता से जांच व साक्ष्य संकलन करते हुये आवेदक जय प्रकाश सोनी एवं उसके पुत्र सौरभ से पूंछताछ की गई।पूंछताछ में आवेदक व उसके पुत्र द्वारा उक्त घटना का झूठा होना स्वीकार किया गया। आवेदक ने बताया कि उसके साथ कोई लूट व मारपीट की घटना नहीं हुई है उसकी पत्नी काफी समय से बीमार हैं, इसके अलावा उसने ग्राहकों से काफी कर्ज भी लिया था जिससे वह परेशान रहता था।इसी कारण उसने अपने पुत्र सौरभ के साथ मिलकर लूट की झूठी सूचना दिया था तथा सर पर मोटरसाइकिल की चाभी से खरोच कर चोट का निशान लगा लिया था।आवेदक द्वारा बताया गया कि उसका सारा सामान घर पर ही रखा है।

सभी सामान आवेदक के घर पर तस्दीक किया गया शत प्रतिशत सामान आवेदक के पास ही पाया गया।थाना संग्रामपुर द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।उक्त घटना के सफल अनावरण करने वाली पुलिस टीम को पुलिस अधीक्षक द्वारा दस हजार रूपये नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया है।

# पूरनपुर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**वशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान में निभाई अहम भूमिका**

पूरनपुर।पूरनपुर तहसील के शेरपुर कलां गांव के बी एल ओ अमानत रसूल को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के अंतर्गत सम्मानित किया गया है यह सम्मान जिला उपअधिकारी/तहसीलदार के निर्देशानुसार प्रदान किया गया 129-पूरनपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में शेरपुर कलां के जूनियर हाई स्कूल के बीएलओ अमानत रसूल (बीएलओ), रोजगार सेवक इश्तियाक ने सर्वाधिक गणना प्रपत्र भरवाए बीएलओ ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया एसडीएम अजीत प्रताप सिंह और तहसीलदार आशुतोष गुप्ता ने बीएलओ को अंगवस्त्र और माला पहनाकर सम्मानित किया गया तथा उनके मेहनती एवं जिम्मेदाराना कार्य की सराहना की गई उपजिलाधिकारी ने इस अवसर पर कहा कि पुनरीक्षण कार्य को सुचारु रूप से संचालित करने में बीएलओ एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं उन्होंने जोर दिया कि जो बीएलओ उत्कृष्ट कार्य करते हैं, उन्हें सम्मानित करना अत्यंत आवश्यक है। इससे न केवल मेहनत करने वालों को प्रोत्साहन मिलता है, बल्कि अन्य को भी अपने दायित्वों का पूर्ण निष्ठा के साथ निभाने की प्रेरणा मिलती है उन्होंने यह भी कहा कि जिले में मतदाता सूची के शुद्धिकरण और अद्यतन के लिए बीएलओ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनके प्रयासों से ही निर्वाचन कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित हो पाती है।

## जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त बीएलओ को दिये निर्देश शीघ्र ही करें मतदाता सूची का डिजिटलाइजेशन

सम्भल ( बहजोई) कैनविज टाइम्स संवाददाता। विधानसभा सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के अन्तर्गत जनपद में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया के निर्देशन में गणना प्रपत्रों के वितरण/ संग्रहण, डिजिटलाइजेशन आदि कार्य चल रहे हैं। विकासखण्ड असमोली के उच्च प्राथमिक विद्यालय कम्पोजिट मुरथला के बूथ न 201 जिसमें कुल मतदाता 937 हैं का बीएलओ मित्र पाल सिंह( सहायक अध्यापक पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय धुरैटा विकासखण्ड पवांसा) द्वारा जनपद में सर्वप्रथम शत प्रतिशत डिजिटाइज्ड कर दिया गया है। जिलाधिकारी द्वारा इनके इस कार्य को लेकर प्रशंसा की गयी । जिलाधिकारी ने बीएलओ मित्रपाल सिंह को सर्वप्रथम मतदाता सूची को डिजिटाइज्ड करने पर शॉल ओढ़ाकर तथा पुस्तक तथा 5100 की प्रोत्साहन देकर सम्मानित किया।जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त बीएलओ को निर्देशित करते हुए कहा कि शीघ्र ही शत प्रतिशत डिजिटलाइजेशन कार्य करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची को सबसे पहले डिजिटाइज करने वाले टॉप टेन बीएलओ को ?2100 की प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया जाएगा।

## जीआरपी की तत्परता से बिछड़ा 11 वर्षीय बच्चा सकुशल परिवार से मिला

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। रेलवे सुरक्षा के तहत चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान अभियान में जीआरपी सुल्तानपुर ने सराहनीय कार्य करते हुए एक नाबालिग बच्चे को उसके परिवार से मिलवा दिया। रविवार शाम जीआरपी कंट्रोल रूम लखनऊ से सूचना मिली कि समस्तीपुर बिहार निवासी 11 वर्षीय दिलखुश कुमार चारबाग रेलवे स्टेशन पर परिवार से बिछड़कर गलती से ट्रेन संख्या 14524 हरिहर एक्सप्रेस में सवार हो गया है। सूचना मिलते ही पुलिस उपाधीक्षक रेलवे प्रथम अमित कुमार सिंह के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष जीआरपी सुल्तानपुर भोला शंकर के नेतृत्व में जीआरपी टीम हरकत में आ गई। ट्रेन के सुल्तानपुर स्टेशन पहुंचने पर पुलिस ने बच्चे को सुरक्षित उतारकर थाने पर लाया। बच्चे ने अपना परिचय देते हुए बताया कि वह परिवार से अलग होकर गलती से ट्रेन में चढ़ गया था। जीआरपी ने तत्काल उसकी माताजी से संपर्क कर उन्हें थाने बुलाया। विधिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद बच्चे को उसकी मां की सुपुर्दगी में सौंप दिया गया। बच्चे को पाकर मां भावुक हो उठी और जीआरपी टीम के इस मानवीय प्रयास की सराहना की।

## पूरनपुर सीएचसी पर 10 बजे तक नहीं पहुंचे थे डॉक्टर, मरीज रहे परेशान

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पूरनपुर में डॉक्टरों की लापरवाही और समय पर नहीं पहुंचने की वजह से इन दिनों मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है दूर-दराज के गांवों से आये लोगों ने बताया कि इलाज कराने के लिए अस्पताल साढ़े आठ बजे आये हैं और 11 बज गये, परंतु कोई डाक्टर नहीं पहुंचे हैं. न ही कोई पूछने वाला है. स्थानीय लोगों का कहना है कि सीएचसी में सरकारी नियमों के अनुसार डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों को सुबह नौ बजे तक अपनी ड्यूटी पर उपस्थित रहना चाहिए, ताकि मरीजों का शीघ्र इलाज हो सके, लेकिन सीएचसी में यह नियम महज कागजों तक सीमित है सुबह अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों को इलाज के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है कई बार निराश होकर मरीज बिना इलाज कराये लौट जाते हैं गौरतलब है कि प्रखंड का मुख्य सरकारी अस्पताल होने के कारण आसपास के क्षेत्रों से लोग इलाज के लिए पहुंचते हैं ऐसे में डॉक्टरों का देर से आना गरीब मरीजों के लिए बड़ी समस्या बन गयी है

## बण्डा हाइवे पर तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बाइक सवार की दर्दनाक मौत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूरनपुर बण्डा मार्ग पर घुंघचिहाई पेट्रोल पम्प के नजदीक एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई पूरनपुर से बण्डा जाते वक्त युवक को प्याज से भरी पिकअप वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया स्थानीय लोगों की मदद से उसे जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डाक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया जानकारी के अनुसार मृत युवक थाना पूरनपुर क्षेत्र के गांव खमरिया पटटी निवासी 35 वर्षीय धर्नीराम के रूप में हुई

## डुप्लीकेट मतदाता सूची के सत्यापन में बरेली नंबर-1, 3.94 लाख मतदाताओं की जांच समय से पहले पूरी

बरेली । त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों की तैयारियों के बीच बरेली जनपद ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा कराए जा रहे वृहद पुनरीक्षण अभियान के तहत डुप्लीकेट मतदाताओं के सत्यापन और विलोपन की कार्रवाई में बरेली पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा। इस उपलब्धि पर जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी है।

# जिला कृषि अधिकारी की छापेमारी से खाद व्यवसायियों में मचा हड़कंप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। तहसील सदर क्षेत्र में उर्वरक प्रतिष्ठानों पर छापे डाले गए, छापेमारी के दौरान कुल 10 दुकानों का निरीक्षण किया गया किसान सेवा केंद्र भाई के निरीक्षण के दौरान स्टॉक/रेट बोर्ड तथा वितरण पंजिका सही न होने पर प्रतिष्ठान का लाइसेंस निलंबित करते हुए नोटिस दिया गया। एम पैक्स भाई के निरीक्षण के दौरान स्टॉक बोर्ड अंकित न किए जाने तथा फर्टिलाइजर स्टॉक के साथ क्रय केंद्र का उत्पाद रखे जाने के कारण सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। मौर्य फर्टिलाइजर टिकरिया, आई आई एफ एफ डी सी टिकरिया सुल्तानपुर खाद एवं बीज भंडार टिकरिया, मौर्य फर्टिलाइजर भाईं, अनुज खाद भंडार भाई की दुकान चेक की गई। आई एफ एफ डी सी बझना का लाइसेंस ओवर रेटिंग की शिकायत मिलने पर निलंबित करते जांच टीम गठित की गई है। दिनांक 23.11 को सत्येंद्र कुमार अपर जिला कृषि अधिकारी द्वारा दियरा में निरीक्षण के दौरान सहकारी संघ दियरा के अभिलेखों में गड़बड़ी पाए जाने पर उनका लाइसेंस निलंबित किया गया है तथा स्पष्टीकरण मांगा गया है। जनपद में उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता है।

## व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की मासिक बैठक में उठे सुरक्षा एवं व्यापारिक मुद्दे

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की एक बैठक पुलिस लाइन में नगर अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें व्यापारियों की समस्या पर चर्चा की गई बैठक में व्यापारियों की सुरक्षा से संबंधित मुद्दों और अन्य समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई अपर पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित व्यापारियों को भरोसा दिलाया कि पुलिस हर समय उनकी सुरक्षा के लिए तत्पर है और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी उन्होंने व्यापारियों से अपील की कि वे पुलिस का सहयोग करें और किसी भी संदेहजनक या आपात स्थिति में तुरंत सूचना दें बैठक में व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था में किए गए प्रयासों की सराहना की उन्होंने सुझाव दिए कि विशेष त्योहारों और खरीदारी के सीजन में सुरक्षा को और सुदृढ़ किया जाए पुलिस अधिकारियों ने इन सुझावों को संज्ञान में लेते हुए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की यह मासिक बैठक व्यापारियों और पुलिस के बीच समन्वय बढ़ाने और सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इससे क्षेत्रीय व्यापारियों को सुरक्षित और व्यवस्थित व्यापारिक माहौल उपलब्ध कराने में मदद मिलती है।

## एमजीयूजी के विद्यार्थी को ग्लोबल कॉन्क्लेव में मिला द्वितीय पुरस्कार

गोरखपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) के गुरु गोरक्षनाथ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आयुर्वेद कॉलेज) के बीएएमएस छात्र ईश्वर चंद गुप्ता ने अदानी ग्रुप एवं इंडियन नॉलेज सिस्टम द्वारा शांतिग्राम, अहमदाबाद में आयोजित अदानी ग्लोबल इंडोलॉजी कॉन्क्लेव 2025 में पोस्टर प्रजेंटेशन में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। पुरस्कार स्वरूप ईश्वर को प्रमाण पत्र और पचास हजार रुपये प्राप्त हुए हैं। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सुरिंदर सिंह, कुलसचिव डॉ. कुमार प्रदीप राव, आयुर्वेद कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गिरिधर वेदांतम, डॉ. सुमित, डॉ. रघुराम आचार्य, डॉ. प्रिया नायर, डॉ. साध्वी नन्दन पाण्डेय आदि ने ईश्वर चंद को बधाई दी है। कुलपति ने कहा कि इस सफलता ने पूरे विश्वविद्यालय को गौरवान्वित किया है।

## सम्पादकीय

# त्रासदी की जवाबदेही

यह खबर विचलित करने वाली है कि दिल्ली में एक सोलह वर्षीय छात्र और जयपुर में एक नौ साल की छात्रा ने स्कूल की असहज स्थितियों के चलते आत्महत्या कर ली है। निस्संदेह, ये आत्महत्या की घटनाएं एक परेशान करने वाली सच्चाई को उजागर करती हैं। भारत के स्कूल, जिनका उद्देश्य बच्चों का पालन-पोषण और सुरक्षा करना है, तेजी से ऐसे स्थानों में बदल रहे हैं जहां क्रूरता, उपेक्षा और अनियंत्रित अधिकार बच्चों के जीवन को बर्बाद कर सकते हैं। ये त्रासदियां कोई असामान्य बात नहीं हैंय ये एक असफल व्यवस्था के लक्षण हैं। तीसरी भयावह घटना महाराष्ट्र के वसई की है जहां एक तेरह साल की छात्रा को किसी कारणवश स्कूल देर से पहुंचने पर शिक्षक ने अमानवीय सजा दी। छात्रा को स्कूल बैग के साथ सौ उठक-बैठक लगाने को बाध्य किया गया। यह तथ्य नजरअंदाज करते हुए कि वह एनीमिया से पीड़ित है। छात्रा कुछ देर के बाद बेहोश हो गई और कालांतर में उसकी मौत हो गई। निस्संदेह, एक छात्र व एक छात्रा की आत्महत्या और महाराष्ट्र के वसई में छात्रा की उठक-बैठक लगाने से हुई मौत एक परेशान करने वाली सच्चाई को उजागर करती है। स्कूल जिनका उद्देश्य छात्र-छात्राओं को पालन-पोषण और सुरक्षा करना था, वे बच्चों के जीवन पर संकट की वजह बन रहे हैं। वहां शिक्षकों की संवेदनहीनता, उपेक्षा और सख्त व्यवहार कई बच्चों का जीवन बर्बाद कर सकते हैं। ये त्रासदियां असामान्य बात नहीं, ये हमारी शिक्षा व्यवस्था की असफलता की कहानी कहती है। दिल्ली में, मेट्रो स्टेशन से छलांग लगाने वाले किशोर ने अपने शिक्षकों के हाथों अपमान का हृदय विदारक वर्णन करते हुए एक पत्र छोड़ा है। उसके माता-पिता ने छात्र के उत्पीड़न का आरोप शिक्षकों पर लगाया है। उनका आरोप है कि उसे छोटी-छोटी बात पर डांटा गया, निष्कासन की धमकी दी गई और सहपाठियों के सामने मजाक उड़ाया गया। आत्महत्या करने वाले छात्र के अभिभावकों द्वारा प्राथमिकी में बताया गया कि छात्र ने मन में आने वाले आत्महत्या के विचार से काउंसलर को अवगत कराया था। लेकिन शिक्षकों ने न तो माता-पिता को सूचित किया और न ही उसे इस दिशा में सोचने से रोकने के लिये कोई सलाह दी गई। निश्चित रूप से जब कोई छात्र अपनी किसी गंभीर समस्या का जिक्र करता है तो ऐसे में उदासीनता हिंसा का एक रूप ही कही जाएगी। वहीं दूसरी ओर जयपुर में नौ वर्षीय छात्रा की मौत के मामले में सीबीएसई की जांच में संस्थागत उदासीनता का आरोप लगाया है। बताया जाता है कि पिछले 18 महीने से छात्रा अन्य छात्राओं द्वारा परेशान की जा रही थी। जिस दिन छात्रा ने आत्महत्या की, उस दिन वह अपनी सहपाठियों द्वारा लिखी गई, अश्लील सामग्री से स्पष्ट रूप से व्यथित होकर 45 मिनट में पांच बार अपनी शिक्षिका के पास शिकायत लेकर गई थी। शिक्षिका ने उसकी दलीलों को खारिज कर दिया और उलटा उसे ही डांटा। निश्चित रूप से शिक्षिका ने छात्रा की देखभाल के अपने कर्तव्य का उल्लंघन किया। कमोबेश वसई की घटना भी शिक्षक की घोर संवेदनहीनता को ही दर्शाती है, जिसने एनीमिया से पीड़ित छात्रा से बैग के साथ सौ उठक-बैठक लगवाई। हालांकि, शिक्षक को गैर-इरादतन हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है, लेकिन छात्रा का जीवन वापस नहीं लौटाया जा सकता। निश्चित रूप से तीन राज्यों में तीन विद्यार्थियों की मौत हमारी संवेदनहीन व्यवस्था को ही दर्शाती है। दरअसल, आज स्कूल में बच्चों की सुरक्षा के लिये कारगर कानून के अलावा भावनात्मक संकट की रिपोर्टिंग अनिवार्य करने की जरूरत है। स्कूलों में प्रशिक्षित परामर्शदाता होने चाहिए। साथ ही किसी बच्चे के भावनात्मक व शारीरिक शोषण रोकने के लिये सख्त दंड की व्यवस्था भी होनी चाहिए। ताकि भविष्य में किसी संभावना का यूं दुखद अंत न हो। इक्कीसवीं सदी के बच्चे नये दौर में नये सपनों की उड़ान लिए हुए हैं, वे अपनी अस्मिता व सम्मान के प्रति बेहद संवेदनशील हैं।

# फाइटर जेट क्रैश रिकॉर्ड और भारत का तेजस

आमतौर पर जब हम किसी देश की सैन्य शक्ति की बात करते हैं, तो जहन में हथियारों की संख्या, सेना का आकार और रक्षा बजट जैसे शब्द आते हैं। परंतु वास्तविकता इससे कहीं गहरी है। किसी भी वायुसेना की विश्वसनीयता केवल इस पर नहीं टिकी कि उसके पास कितने फाइटर जेट हैं, बल्कि इस पर भी निर्भर करती है कि वे कितने सुरक्षित, टिकाऊ और भरोसेमंद हैं। फाइटर जेट का क्रैश रिकॉर्ड उस देश की तकनीकी क्षमता, रखरखाव व्यवस्था, पायलट प्रशिक्षण और शोध-विकास के स्तर का महत्वपूर्ण संकेतक होता है। इसी परिप्रेक्ष्य से यदि हम अमेरिका के एफ-35, एफ-16, चीन के जे-10 और भारत के तेजस को देखें तो हमें न केवल तकनीकी तुलना मिलती है बल्कि यह भी स्पष्ट होता है कि भारत अपनी स्वदेशी क्षमता के साथ किस दिशा में आगे बढ़ रहा है। अमेरिकी फाइटर जेट : एफ-35 और एफ-16अमेरिका की वायुसेना विश्व की सबसे बड़ी और तकनीकी रूप से उन्नत मानी जाती है। उसके दो प्रमुख फाइटर जेट हैं, जिसमें एफ-35 आधुनिक स्टेल्थ, मल्टीरोल फाइटर है। इसकी दर्जनों दुर्घटनाएँ बीते सालों में दर्ज हुई हैं। इनमें से कई मामलों में तकनीकी खामी, जैसे इंजन या हाइड्रोलिक सिस्टम में समस्या तो कई में पायलट की गलती सामने आई। यहाँ एक बात समझना जरूरी है। एफ-35 बड़े पैमाने पर बनाया और विविध परिस्थितियों में उड़ाया जा रहा है, इसलिए उसके क्रैश आँकड़े केवल खराब विमान नहीं बल्कि ल्लउच्च उपयोग और जटिल तकनीक का मिश्रित परिणाम हैं। इसी तरह से एफ-16 1970 के दशक से सेवा में है। यह दर्जनों देशों में उपयोग होता है और हजारों यूनिट निर्मित हो चुकी हैं। स्वाभाविक है कि इतनी लंबी सेवा अवधि और भारी ऑपरेशनल उपयोग के कारण इसके सैकड़ों क्रैश रिकॉर्ड मिलते हैं। यह तथ्य अपने-आप में इसे असुरक्षित सिद्ध नहीं करता; बल्कि यह दिखाता है कि किसी भी प्लेटफॉर्म की दुर्घटनाओं को उसके पूरे ऑपरेशनल संदर्भ में देखना चाहिए। चीन का जे-10 : कम क्रैश, पर कम पारदर्शिताचीन का जे-10 चौथी पीढ़ी का मल्टीरोल फाइटर जेट है। चीन इसे अपने दम पर विकसित विमान के रूप में प्रचारित करता है। जे-10 के कुछ क्रैश मामलों की जानकारी सामने आई है, जिनमें पायलटों की मृत्यु भी हुई। लेकिन एक बड़ा प्रश्न यहाँ पारदर्शिता का है। चीन में सैन्य मामलों पर सूचना नियंत्रण बहुत कड़ा है। सभी दुर्घटनाएँ सार्वजनिक नहीं की जातीं और न ही विस्तृत जांच रिपोर्ट सामने आती हैं। ऐसे में केवल ल्लकम क्रैश की संख्याङ्ग देखकर यह निष्कर्ष निकालना कि जे-10, एफ-16 हमारे तेजस से अधिक सुरक्षित है, यह सही नहीं होगा। भारत का तेजस : कम क्रैश, गहरा संदेशअब आते हैं भारत के स्वदेशी फाइटर जेट तेजस पर जो हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) और डीआरडीओ जैसे भारतीय संस्थानों द्वारा विकसित चौथी पीढ़ी का हल्का लड़ाकू विमान है। तेजस की पहली उड़ान 1999 में हुई। उसके बाद से हजारों उड़ानें, कठोर परीक्षण, विभिन्न मौसमों में ऑपरेशन और वायुसेना में स्क्वाड्रन स्तर पर तैनाती हुई। इस पूरे सफर में तेजस के केवल दो क्रैश दर्ज हुए हैं। पहला 2024 में ट्रेनिंग के दौरान और दूसरा 2025 में विदेश में डेमो फ्लाइट के दौरान। लगभग ढाई दशक की विकास यात्रा, हजारों फ़्लाइट-घंटों और इतने सीमित क्रैश। यह अपने-आप में तेजस की विश्वसनीयता, डिज़ाइन गुणवत्ता और भारतीय वैज्ञानिकों की दक्षता का मजबूत प्रमाण है। इसका मतलब यह नहीं कि तेजस में कोई कमी नहीं; हर आधुनिक सिस्टम में सुधार की गुंजाइश रहती है। लेकिन समग्र तस्वीर यह बताती है कि भारत एक सक्षम एयरोस्पेस राष्ट्र के रूप में खड़ा हो रहा है। दरअसल, किसी भी विमान को समझने के लिए बेहतर तरीका है कि क्रैश-रेट प्रति 1,00,000 फ्लाइट-ऑवर देखा जाए। जो विमान लाखों फ्लाइट-घंटे पूरे कर चुका हो, उसका कुल दुर्घटना आंकड़ा स्वाभाविक रूप से अधिक होगा। एफ-16 कई दशक से सैकड़ों स्क्वाड्रन में उड़ रहा है। एफ-35 नई पीढ़ी का है, पर उच्च संख्या और जटिल मिशन वाले बेड़े का हिस्सा है। जे-10 अपेक्षाकृत सीमित संख्या और कम पारदर्शी आंकड़ों के साथ दिखता है। तेजस अभी सीमित स्क्वाड्रन में, मुख्यतः भारतीय वायुक्षेत्र में और अत्यधिक निगरानी के साथ उड़ रहा है। इस संदर्भ में तेजस की दो दुर्घटनाएँ उसके अनुशासित उपयोग और मजबूत डिजाइन की ओर संकेत करती हैं, न कि केवल कम उड़ान का परिणाम हैं। यह संतुलित और तथ्य आधारित गर्व का विषय है। भारतीय प्रतिभा से ईर्ष्या रखने वालों के प्रति हमारा दृष्टिकोणतेजस लड़ाकू विमान की सफलता न केवल भारत की तकनीकी क्षमता का प्रमाण है, बल्कि यह आत्मनिर्भर भारत की दिशा में उठाया गया एक ऐतिहासिक कदम भी है। इस उपलब्धि ने जहाँ करोड़ों भारतीयों में गर्व और विश्वास जगाया है, वहीं कुछ वर्गों को इससे असहजता भी हुई है। यह असहजता कई कारणों से उत्पन्न होती है। कुछ लोग विदेशी विमानों के पिछलग्गु हैं, कुछ वैचारिक रूप से भारत की उपलब्धियों को कमतर दिखाने की आदत में बँधे हैं और कुछ पर वैश्विक रक्षा बाजार की प्रतिस्पर्धी लॉबी का प्रभाव होता है। ऐसी आलोचनाओं को देख कर हमें दो प्रकार के दृष्टिकोण अपनाने चाहिए। सावधानीः तेजस को लेकर सोशल मीडिया पर कई बार फर्जी आँकड़े, पुराने चित्र, गलत तुलना या संदर्भहीन आंकड़े साझा किए जाते हैं। यह दुष्प्रचार जानबूझकर भ्रम पैदा करने के लिए किया जाता है। इसलिए हर दावे को तथ्यों, तकनीकी मानकों और विश्वसनीय स्रोतों के आधार पर परखना आवश्यक है। राष्ट्रीय उपलब्धियों के मामले में भावनाओं से अधिक विवेक का उपयोग करना बुद्धिमानी है। सहानुभूतिः कुछ लोग मानसिक रूप से इस सोच में फँसे होते हैं कि भारत कुछ अच्छा कर ही नहीं सकता। यह मनोवृति वर्षों की बौद्धिक गुलामी, उपनिवेशवादी प्रभाव और वैश्विक शक्तियों द्वारा बनाए गए नरेटिव का परिणाम है। ऐसे लोगों को शत्रु मानकर नहीं, बल्कि भ्रमित भारतीय समझकर संवाद करना अधिक उपयोगी होता है। तर्क, तथ्य और धैर्य - इन तीनों से उनकी गलतफहमियाँ दूर की जा सकती हैं। रक्षा बाजार और वैश्विक प्रतियोगिता की हकीकतदुनिया का रक्षा क्षेत्र केवल तकनीक का नहीं, बड़े बिज़नेस और राजनीति का भी खेल है। हथियार बनाने वाली कंपनियों के लिए यह अरबों-खरबों डॉलर का बाज़ार है। हर देश चाहता है कि उसकी कंपनी के विमान, मिसाइल, रडार दुनिया भर में बिकें। कई बार मीडिया में रिपोर्ट, वीडियो, विश्लेषण के नाम पर इस बाज़ार की अदृश्य लॉबी अपनी बात चलाती है। ऐसे माहौल में यदि भारत का तेजस एक किफायती, भरोसेमंद और स्वदेशी विकल्प के रूप में उभरता है तो यह कुछ शक्तियों की आर्थिक और राजनीतिक योजना के खिलाफ भी जाता है। इसलिए तेजस के बारे में दुष्प्रचार, उसके क्रैश को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाना या उसे हीन साबित करने की कोशिशें, यह सब केवल तकनीकी चर्चा नहीं, बल्कि बाज़ार और भू-राजनीति का हिस्सा भी हैं। आज भारत को इस खेल को समझ कर अपने डेटा को साफ-सुथरे तरीके से दुनिया के सामने रखना होगा, अपने विमानों, मिसाइलों और रक्षा उत्पादों के ट्रैक रिकॉर्ड को व्यवस्थित रूप से प्रचारित करना होगा, तभी वह एक विश्वसनीय रक्षा निर्यातक और रणनीतिक साझेदार बन सकेगा। विकसित, अखण्ड और वैभवशाली भारत की तैयारीतेजस की चर्चा केवल एक विमान की नहीं, एक बड़े राष्ट्रीय दर्शन की है। भारत आज जिस रास्ते पर चल रहा है, उसमें-चंद्रयान जैसी चंद्र अभियानों की सफलता, गगनयान की मानव अंतरिक्ष उड़ान की तैयारी, सैकड़ों उपग्रहों का सफल प्रक्षेपण, PSLV, GSLV, SSLV जैसे भरोसेमंद रॉकेट, मिसाइल तकनीक (अग्नि, पृथ्वी, ब्रह्मोस आदि), और अब तेजस जैसे स्वदेशी विमानों की श्रृंखला- ये सब मिलकर भारत को एक आत्मविश्वासी, तकनीकी रूप से सक्षम और वैश्विक स्तर पर सम्मानित राष्ट्र बना रहे हैं। यदि भारत को विकसित भारत, अखण्ड भारत (मानसिक-सांस्कृतिक रूप में), वैभवशाली भारत और वैश्विक महाशक्ति एवं मार्गदर्शक (विज्ञान-आधारित गुरुत्वकेंद्र) बनना है, तो रक्षा, अंतरिक्ष, डिजिटल तकनीक और शिक्षा - इन चारों स्तंभों पर एक साथ काम करना होगा। निष्कर्ष यह है कि अमेरिका और चीन का पैमाना अनुभव और जोखिम स्तर अलग है; पर यह भी उतना ही बड़ा सच है कि भारत ने तेजस के माध्यम से एक बहुत ऊँचा मानक स्थापित किया है। दो-तीन दुर्घटनाएँ किसी भी जटिल फाइटर जेट के जीवन चक्र का हिस्सा होती हैं, पर तेजस का समग्र रिकॉर्ड, उसकी तकनीकी परिपक्वता और स्वदेशी आधार इसे गर्व करने लायक बनाते हैं। भारत को अब भावनात्मक प्रतिक्रियाओं से ऊपर उठकर, तथ्यों, आँकड़ों और संतुलित विश्लेषण के आधार पर अपनी सफलता को समझना और दुनिया को समझाना होगा। तेजस आज केवल आकाश का रक्षक नहीं है; वह यह घोषणा भी है कि भारत की वैज्ञानिक मेधा और राष्ट्रीय संकल्प मिलकर विश्व मंच पर नई ऊँचाइयाँ छूने के लिए तैयार हैं। **–कैलाश चंद्र**

**फाइटर जेट का क्रैश रिकॉर्ड उस देश की तकनीकी क्षमता, रखरखाव व्यवस्था, पायलट प्रशिक्षण और शोध-विकास के स्तर का महत्वपूर्ण संकेतक होता है। इसी परिप्रेक्ष्य से यदि हम अमेरिका के एफ-35, एफ-16, चीन के जे-10 और भारत के तेजस को देखें तो हमें न केवल तकनीकी तुलना मिलती है बल्कि यह भी स्पष्ट होता है कि भारत अपनी स्वदेशी क्षमता के साथ किस दिशा में आगे बढ़ रहा है। अमेरिकी फाइटर जेट : एफ-35 और एफ-16अमेरिका की वायुसेना विश्व की सबसे बड़ी और तकनीकी रूप से उन्नत मानी जाती है। उसके दो प्रमुख फाइटर जेट हैं, जिसमें एफ-35 आधुनिक स्टेल्थ, मल्टीरोल फाइटर है। इसकी दर्जनों दुर्घटनाएँ बीते सालों में दर्ज हुई हैं। इनमें से कई मामलों में तकनीकी खामी, जैसे इंजन या हाइड्रोलिक सिस्टम में समस्या तो कई में पायलट की गलती सामने आई। यहाँ एक बात समझना जरूरी है। एफ-35 बड़े पैमाने पर बनाया और विविध परिस्थितियों में उड़ाया जा रहा है, इसलिए उसके क्रैश आँकड़े केवल खराब विमान नहीं बल्कि ल्लउच्च उपयोग और जटिल तकनीक का मिश्रित परिणाम हैं। इसी तरह से एफ-16 1970 के दशक से सेवा में है। यह दर्जनों देशों में उपयोग होता है और हजारों यूनिट निर्मित हो चुकी हैं। स्वाभाविक है कि इतनी लंबी सेवा अवधि और भारी ऑपरेशनल उपयोग के कारण इसके सैकड़ों क्रैश रिकॉर्ड मिलते हैं।**

# विरोध एस.आइ.आर.का या चुनाव सुधार की कवायद का

**डॉ. सुधाकर आशावादी**

लम्बे समय से देश में फर्जी मतदान का ढिंढोरा पीटकर अनेक राजनीतिक दल कभी अपनी हार का कारण ई.वी.एम. को बताते रहे, कभी कार्यपालिका के प्रशासनिक अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदान में गड़बड़ी का आरोपी प्रचारित करते रहे। मतदाता सूची में गड़बड़ के आरोपों पर ध्यान देते हुए भारत में चुनाव सुधार की प्रक्रिया हेतु विशेष गहन पुनरीक्षण हेतु चुनाव आयोग ने कमर कसी, जिसके उपरांत बिहार में चुनाव हुए। उसके बाद देश के अनेक राज्यों में एस.आइ.आर. के माध्यम से मतदाता सूची को अद्यतन करने की कवायद चल रही है। एक व्यक्ति एक मतदान अधिकार की स्पष्ट नीति के तहत एक से अधिक स्थानों पर मतदाता सूची में नाम होना या मृतक अथवा पलायन कर गए मतदाता का नाम संबंधित क्षेत्र की मतदाता सूची से हटाकर मतदाता सूची में प्रामाणिक परिवर्तन करना विशेष गहन पुनरीक्षण का प्रमुख उद्देश्य है। विडंबना यह है कि जो लोग मतदाता सूची में गड़बड़ी और वोट चोरी का आरोप लगाकर चुनाव आयोग को कठघरे में खड़ा कर रहे थे, वहीं मतदाता सूची को अद्यतन करने हेतु की जा रही एस.आइ.आर. का विरोध करके चुनाव आयोग के विरुद्ध अराजक प्रदर्शन करने से बाज नहीं आ रहे हैं। प्रथम दृष्टया यही प्रतीत होता है, कि देश के विभिन्न राज्यों में चुनाव आयोग के निर्देशन में चल रही एस.आइ.आर. में जुटे कर्मचारियों की निष्ठा और कर्तव्यपरायणता को संकीर्ण सियासत अपमानित करके देश में अराजकता का वातावरण बनाना चाहती है तथा आम आदमी को भ्रमित करने का प्रयास कर रही है। वह ईमानदारी से चुनाव सुधार प्रक्रिया के पक्ष में नहीं है। यदि चुनाव सुधार के पक्ष में होती, तो अनेक क्षेत्रीय राजनीतिक दल पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश तथा अन्य प्रदेशों में एस.आइ.आर. का विरोध न करते, बल्कि अपने कार्यकर्ताओं के माध्यम से मतदाताओं की पहचान में सहयोग करते। इतिहास साक्षी है, कि देश के दूरदराज के क्षेत्रों में बरसों तक देश में मतपत्रों के माध्यम से चुनाव कराए जाने वाली दीर्घ प्रक्रिया में आम आदमी की मतदान स्थल तक पहुँच नहीं हो पाती थी। गांवों के दबंग जातीय क्षत्रप अपनी मनमानी किया करते थे। बूथ कैप्चरिंग, मतपत्र छीनने और मतपेटियां चोरी करके चुनाव परिणामों को प्रभावित किया जाता था। मतगणना स्थल पर थकाऊ प्रक्रिया में दिन रात मतपत्रों की गिनती करके चुनाव परिणाम जारी होते थे, जिनमें गड़बड़ी की आशंका रहती थी। अब मतदान पर्यवेक्षकों, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों की देखरेख में चुनाव कर्मियों को मतदान और मतगणना के लिए विशेष प्रशिक्षण देकर निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई जाती है। इस प्रक्रिया में जुड़े कर्मियों के अथक प्रयासों से सटीक चुनाव परिणाम आते हैं, किन्तु मतदाताओं द्वारा नकारे जाने से आहत अराजक तत्व अपनी हार का ठीकरा चुनाव आयोग पर फोड़कर अपनी रातों की नींद और दिन का चैन गंवाकर चुनाव में ड्यूटी देने वाले कर्मचारियों की निष्ठा और कर्तव्यपरायणता पर ही प्रश्न चिन्ह खड़ा करने में पीछे नहीं रहते। मतदाता सूचियों में यदि गड़बड़ है तथा एक व्यक्ति का एक से अधिक मतदाता सूची में नाम है, तो इसके लिए वह मतदाता दोषी क्यों नहीं है, जो एक मत के स्थान पर अधिक मत देने का दुस्साहस करता है। आम मतदाता तो ऐसा कर नहीं कर सकता। समझा जा सकता है, कि किसी राजनीतिक दल से जुड़ा व्यक्ति ही ऐसा दुस्साहस करने की हिम्मत जुटा सकता है। बहरहाल ऐसा प्रतीत होता है, कि एस.आइ.आर. का विरोध वही कर रहे हैं, जो निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया के पक्षधर नहीं हैं। यहाँ यह भी समझना आवश्यक है कि मतदाता सूचियों का परीक्षण कर रहे बी.एल.ओ. को भी संकीर्ण मनोवृत्ति धारी संदेह के घेरे में खड़ा करने का प्रयास करने से परहेज नहीं कर रहे हैं। उनके आरोपों के अनुसार बी.एल.ओ. विपक्षी दलों के मतदाताओं के वोट काटता है। समझ नहीं आता कि इस प्रकार की सोच सियासी तत्व कैसे रख सकते हैं ? चुनाव प्रक्रिया से जुड़े प्राथमिक कर्मचारी से लेकर प्रशासनिक अधिकारी तक मतदाता सूचियों से मतदाताओं के नाम बिना किसी जांच पड़ताल के कैसे काट सकते हैं ? क्या प्राथमिक कर्मचारी मतदाता सूची का परीक्षण करने से पहले हर मतदाता से यह पूछता है, कि वह किसी राजनीतिक दल का समर्थक है ? क्या मतदान के दिन कोई मतदान कर्मी किसी खास दल के समर्थक मतदाताओं से पूछता है, कि वे किस राजनीतिक दल के पक्ष में मतदान करने आए हैं। यदि नहीं तो वोट चोरी करने और मतदाता सूचियों के परीक्षण हेतु की जाने वाली एस.आइ.आर. प्रक्रिया पर प्रश्न उठाने का औचित्य क्या है ? लगता है कि अपनी राजनीतिक जमीन खो चुके राजनीतिक दल अपनी नैतिक हार स्वीकार कर चुके हैं तथा जनता के बीच में अपना अस्तित्व सुरक्षित न पाने के कारण देश में अराजकता का वातावरण बनाने का प्रयास कर रहे हैं।

## सेहत मंत्र

# रेड वाइन से होता है दिमाग दुरुस्त


अक्सर लोगों को जब खुशियां मनाने का मन करता है तो वह मदिरा का प्रयोग करते हैं। वहीं, अधिकतर महिलाएं रेड वाइन का इस्तेमाल करती हैं। ऐसे में अगर आपको लगता है कि रेड वाइन का सेवन करना सेहत के लिए नुकसानदायक है तो आपको इस रिपोर्ट को जरा ध्यान से पूरा पढ़ना चाहिए। एल्जाइमर और याददाश्त बढ़ाने के लिए अक्सर रेड वाइन का जिक्र होता है। बता दें कि, जब एक भारतीय वैज्ञानिक ने इस समस्या को लेकर शोध किया तो उसने पाया कि रेड वाइन में ऐसे तत्व मौजूद होते हैं जो एल्जाइमर की समस्या को धीरे-धीरे खत्म करने में मददगार साबित होते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक शोध में पाया गया था कि रेड वाइन में मौजूद प्रोटीन रिजर्वेराट्रॉल एपोई4 और स?रटी1 नामक तत्व होते हैं जो एल्जाइमर जैसी समस्याओं से लड़ने में एक कारगर हथियार की तरह काम करते है। दरअसल, एपोई4 नामक प्रोटीन की अधिकता की वजह से एल्जाइमर का खतरा ज्यादा होता है। ऐसे में रेड वाइन में मौजूद प्रोटीन रिजर्वेराट्रॉल एपोई4 इसे रोकने में मदद करता है। जिसकी वजह से इसका खतरा कम हो जाता है। रेड वाइन एपोई4 को रोकने में कारगर होता है ऐसे में एल्जाइमर और याददाश्त संबंधी बीमारी के इलाज में मदद मिल जाती है। लेकिन, बिना किसी डॉक्टर की सलाह के इसका इस्तेमाल कतई न करें। क्योंकि शास्त्रों में लिखा है कि अति सर्वत्र वर्जयेत। ऐसे में कोई भी कदम उठाने से पहले एक बार अपने डॉक्टर से विचार-विमर्श कर लें। वहीं, एक भारतीय मूल के अमेरिकी वैज्ञानिक ने दावा किया था कि रेड वाइन का इस्तेमाल करने वाले, बिना सेवन करने वालों की तुलना में अधिक दिन तक जीवित और स्वस्थ रहते हैं। जब इस विषय में वैज्ञानिकों ने गहराई से शोध किया तो पाया कि रेड वाइन में रेसवेराट्रोल पाया जाता है जो शरीर में सूजन को कम करने में मदद करता है। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि रेड वाइन के इस्तेमाल से याददाश्त और एल्जाइमर की बीमारी में सुधार के मौके काफी मिल जाते हैं और इसके इलाज में तकलीफ नहीं होती है।

## धर्म मंत्र

# समस्या पैदा करने वाले नहीं न्यायप्रधान देवता हैं शनि

आमतौर पर धारणा है कि शनि समस्या प्रदान करने वाले देवता हैं जबकि वास्तविकता यह है कि शनि न्यायप्रधान देवता हैं। शनि सभी के साथ न्याय करते हैं। भारतीय समाज में शनि को लेकर बहुत-सी भ्रातियां हैं। शनि की साढ़े साती को लेकर विशेष उत्सुकता व भय का वातावरण रहता है। आजकल ज्योतिष की विभिन्न पत्रिकाओं की भरमार है। टीवी चैनलों पर भी ज्योतिष आधारित बहुत से कार्यक्रम आते रहते हैं। जिनमें से अधिकांश ज्योतिषी केवल और केवल शनि को लेकर भय का वातावरण ही पैदा करते हैं। वर्तमान में भारत में दो मंदिरों की विशेष बाढ़ आयी है। एक तो साईंबाबा की और दूसरा शनि मंदिरों की। हर शनिवार को शनि मंदिरों में भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ता है। अधिकांश मंदिरों में देखा गया है कि टीवी पर ज्योतिषियों द्वारा शनि के प्रभाव से होने वाले संकटों से बचाव के लिए जो उपाय बताये जाते हैं। भक्तगण वही उपाय मंदिरों में करने के लिए पहुंचते हैं। जिसमें कुछ को तो अपनी राशि आदि का ज्ञान होता भी है लेकिन कुछ लोग अपनी नाम राशि से ही उपाय करने के लिए या फिर भय के संदेह के कारण भी शनि मंदिरों में जाते हैं। वैसे शनि कल्याणकारी और परोपकारी देवता भी हैं। शनि वास्तविक दण्डाधिकारी भी हैं। ज्योतिष के अनुसार यदि आपकी कुण्डली में शनि अशुभ गोचर में आ गये हैं तो सर्वाधिक कष्ट उठाना पड़ता है। भारत में विद्वानों के बीच शनि की पूजा को लेकर विवाद भी छेड़े गये तथा उन पर विभिन्न माध्यमों में गर्मागर्म बहसें भी हुयी हैं।

## पर्यटन



# धर्मशाला में घूमने ही नहीं, शॉपिंग के लिए भी है बहुत कुछ

धर्मशाला हिमाचल प्रदेश की कंगड़ा घाटी का प्रमुख पर्यटन स्थल है। धर्मशाला के एक ओर जहां धौलाधार पर्वत श्रृंखला है वहीं दूसरी ओर उपजाऊ घाटी व शिवालिक पर्वतमाला है। यहां दलाई लामा का स्थायी निवास और तिब्बत की निर्वाचित सरकार का मुख्यालय स्थापित होने से यह स्थल विश्व पर्यटन मानचित्र पर उभर कर आ गया है। धर्मशाला शहर को दो भागों में बांटा जा सकता है। एक- निचला धर्मशाला, जहां कोतवाली बाजार स्थित है तथा दूसरा-ऊपरी धर्मशाला, जिसे मैक्लोडगंज के नाम से जाना जाता है। धर्मशाला देवदार के वृक्षों से आच्छादित क्षेत्र है। यहां की जलवायु, मनभावन वातावरण एवं नैसर्गिक सौंदर्य पर्यटकों के मन में अपनी गहरी छाप छोड़ देता है। बर्फ से सदा ढकी रहने वाली धौलादार की चोटियां एवं चंबा की खूबसूरत पर्वतमालाएं धर्मशाला से साफ दिखती हैं। धर्मशाला में धूप, हिमपात व इंद्रधनुष के एक साथ दर्शन किये जा सकते हैं। मैक्लोडगंज तिब्बती बस्तियों के कारण छोटा ल्हासा के नाम से भी जाना जाता है। यहां तिब्बती कलात्मक वस्तुएं बेची जाती हैं। इस बाजार में कई तिब्बती रेस्तरां भी हैं, जहां परम्परागत तिब्बती व्यंजन खाने को मिलते हैं। मैक्लोडगंज में एक वृहद प्रार्थना चक्र है। यहां तिब्बत के धर्म गुरु दलाई लामा का निवास तथा निर्वासित सरकार का मुख्यालय भी है। ट्रैकिंग में रुचि रखने वाले लोगों के लिए यहां गाइड भी उपलब्ध हैं। भगसूनाथ डल झील के समीप स्थित है। यहां भगसूनाथ का मंदिर है। धर्मशाला से यह स्थान लगभग 11 किलोमीटर दूर है। सेंट जान चर्च भी देखने योग्य जगह है। धर्मशाला-मैकलोडगंज मार्ग के बीच में स्थित यह चर्च पत्थरों से बनी हुई है तथा इसे लार्ड एल्यिन की याद में बनाया गया है। हरे?भरे वृक्षों से आच्छादित इस चर्च की रंगीन कांच की खिड़कियां पर्यटकों का मन मोह लेती हैं। त्रियूंड एक आकर्षक पिकनिक स्थल है। आप यहां से आकाश छूते धौलादार पर्वत का दीदार कर सकते हैं।

# एसआईआर : डीएम शशांक द्वारा बूथों के निरीक्षण का सिलसिला जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का अभियान का जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिला मजिस्ट्रेट बाराबंकी शशांक त्रिपाठी ने निरीक्षण कर एसआईआर कार्य के प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने सोमवार को विधानसभा बाराबंकी(सदर) क्षेत्र के कंपनीबाग में इरम कान्वेंट इंटर कॉलेज के कई बूथों का निरीक्षण किया। यहां पर भाग संख्या 328 पर 936 मतदाताओं में से 125 मतदाताओं के एसआईआर फॉर्म भरे जा चुके थे, भाग संख्या 329 में पंजीकृत मतदाता 889 जिसमें से आज तक 200 फॉर्म कंप्लीट हुए। भाग संख्या 346 में 1307 मतदाताओं में से 110 के फॉर्म ही भरे गए। कार्य में शिथिलता पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि कार्य

**अच्छे कार्य के लिए सम्मानित होंगे बीएलओ : डीएम**

**ऑन लाइन फॉर्म फीडिंग की गति बढ़ी**

में तेजी लाई जाए जिससे समय पर कार्य पूर्ण हो सके। जिलाधिकारी ने कहा कि इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए, अन्यथा संबंधित कर्मी दंडित किए जाएंगे।

पूनम वर्मा और जितेंद्र कुमार बने बेस्ट बीएलओ

मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का अभियानअभियान में विधानसभा हैदरगढ़(अ. जा.) के भाग संख्या -52 प्राथमिक विद्यालय कोटवा में बीएलओ का कार्य

कर रही पूनम वर्मा सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय पहला मजरे सेमरी ने अपने बूथ के सभी 844 मतदाताओं के एसआईआर आवदेनों की फीडिग का कार्य पूर्ण कर लिया है इसके अलावा इसी विधान सभा क्षेत्र के बूथ संख्या -15 प्राथमिक विद्यालय-कमला पहाड़ापुर में बीएलओ का कार्य कर रहे सहायक अध्यापक जितेंद्र कुमार ने भी अपने बूथ के कुल 326 सभी मतदाताओं के एसआईआर आवेदनों की शत प्रतिशत फीडिग कार्य पूर्ण कर लिया है।

दोनों बीएलओ को जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी ने बेस्ट बीएलओ के खिताब से नवाजा है।

कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश

जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट ने बूथों पर भरे हुए आवेदन फॉर्मो का अवलोकन किया और सम्बंधित बीएलओ से बीएलओ एप्प पर उसकी फीडिंग से सम्बंधित स्थिति की जानकारी ली।

**लापरवाही करने वालों पर कार्यवाही के निर्देश : डीएम**

जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी ने कहा कि एसआईआर कार्य में लगे सभी कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी निभाये जिससे समय पर कार्य पूर्ण हो सके।

एसआईआर का कार्य महत्वपूर्ण है, जनता भी निभाये अपनी भागीदारी

जिलाधिकारी ने कहा कि एसआईआर कार्य महत्वपूर्ण कार्य है। इस कार्य के लिये मतदाता भी अपनी जिम्मेदारी समझते हुए बीएलओ का सहयोग करें।

**अच्छा कार्य करने वाले बीएलओ होंगे सम्मानित : डीएम**

सोमवार को बूथों के निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला अधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी ने कहा की जनपद स्तर पर अच्छा कार्य करने वाले बीएलओ सम्मानित किया जाएगा।

ऑन लाइन फॉर्म फीडिग की बढ़ी रफ्तार

जिलाधिकारी को बीएलओ ने बताया कि अब एप्प अच्छे से कार्य कर रहा है जिससे फॉर्म की फीडिंग में तेजी आई है। इन चार बीएलओ ने किए उत्कृष्ट कार्य एसआईआर का कार्य में बीएलओ रेनू वर्मा रोजगार सेवक ग्राम पंचायत नरगिसमऊ विधानसभा बाराबंकी(सदर), दिनेश कुमार सहायक अध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय उचिटा, विधानसभा जैद्पुर, अमित कुमार रोजगार सेवक ग्राम पंचायत न्योछना, विधानसभा जैद्पुर, अनिल कुमार रोजगार सेवक ग्राम पंचायत सतबिसावां विधानसभा जैद्पुर, ने दिनांक 23 नवंबर को एसआईआर अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

# इन्द्र बने अयोध्या के संयोजक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शिक्षक ए आर पी इंद्रजीत सिंह

बाराबंकी। एकेडमिक रिसोर्स पर्सन्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश ने नगर क्षेत्र बाराबंकी के ए.आर.पी इन्द्रजीत सिंह को अयोध्या मण्डल का मण्डल संयोजक नियुक्त किया है।संगठन की प्रादेशिक कार्यकारिणी ने उनके लगन निष्ठा और उत्कृष्ट कार्य को देखते हुए यह दायित्व सौंपा।जारी पत्र के अनुसार वे आगामी एक माह में अयोध्या बाराबंकी और सुल्तानपुर जिलों में संगठन के निर्वाचन कराते हुए इसकी सूचना प्रदेश संगठन मंत्री को उपलब्ध कराएंगे।प्रदेश अध्यक्ष केशव प्रताप शाही और महामंत्री प्रवीण चौधरी ने उन्हें बधाई देते हुए पूर्ण विश्वास जताया कि वे दायित्व का निर्वहन ईमानदारी और तत्परता से करेंगे।नियुक्ति पत्र की प्रतिलिपि संबंधित अधिकारियों और संगठन इकाइयों को भी भेजी गई है।

## व्यापारियों का बढ़ता विश्वासः उद्योग व्यापार संगठन का सदस्यता अभियान बना मिसाल

हैदरगढ़ बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । नगर में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन द्वारा एक बार फिर सदस्यता अभियान चलाया गया, जिसके अंतर्गत प्रमुख व्यापारियों को संगठन की सदस्यता प्रदान की गई। अभियान ने न सिर्फ व्यापारियों को एकजुट किया, बल्कि संगठन की मजबूती और बढ़ती लोकप्रियता का प्रमाण भी दिया। उम्मीद जताई गई कि सभी सदस्य संगठन को और अधिक सशक्त बनाएंगे तथा संगठनात्मक गतिविधियों में कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग करेंगे। समूचे बाराबंकी जिले में जिला अध्यक्ष इंजीनियर जैदीप सिंह सिद्धू तथा हैदरगढ़ अध्यक्ष योगेश द्विवेदी की नेतृत्व क्षमता की व्यापक सराहना हो रही है। जिला अध्यक्ष द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी को श्री द्विवेदी ने पूरी निष्ठा से निभाते हुए संगठन को नई दिशा दी है। उनके प्रयासों से न केवल संगठन लगातार आगे बढ़ रहा है, बल्कि व्यापारियों में भी संगठन से जुड़ने का उत्साह निरंतर बढ़ रहा है। संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से चलाया गया यह सदस्यता अभियान लगातार सफल हो रहा है और बड़ी संख्या में व्यापारी संगठन से जुड़ रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष योगेश द्विवेदी लंबरदार, उपाध्यक्ष शादाब अहमद मूवीमैन, संगठन मंत्री युसूफ खान, संगठन मंत्री आशुतोष वैश्य, संयुक्त मंत्री अंकित साहू, मीडिया प्रभारी विष्णु शुक्ला, लेखाकार आकाश तिवारी सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## निरीक्षण में गैर हाजिर मिले शिक्षामित्र व शिक्षक

रामसनेहीघाट बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकासखंड बनीकोडर के खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार राय ने सोमवार को प्राथमिक विद्यालय घाटमपुर,प्राथमिक विद्यालय मवईया, कंपोजिट विद्यालय बेलिया गजपतिपुर और रामसनेहीघाट सेकेंड विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्राथमिक विद्यालय घाटमपुर में दो शिक्षामित्र मीरा व अनिल श्रीवास्तव और प्राथमिक विद्यालय मवईया के प्रधानाध्यापक सत्य प्रकाश वर्मा अनुपस्थित मिले। जिनका एक दिन का वेतन काटने के आदेश तथा शिक्षा की गुणवत्ता और साफ सफाई में सुधार के निर्देश दिए गए।

## शटर काटकर मोबाइल दुकान में हजारों की चोरी

मसौली कैनविज टाइम्स संवाददाता । अति व्यस्तम शहाबपुर चौराहे पर बीती रात्रि अज्ञात चोरो ने एक मोबाइल की दुकान का ताला तोड़कर दुकान मे रखी 90 हजार की नगदी सहित मात्रा मे नये पुराने मोबाइल उठा ले गये जो दुकान मे लगे सीसीटीवी कैमरे मे कैद हो गये है । बताते चले कस्बा शहाबपुर निवासी मो. रकीब पुत्र मो. शफीक की शहाबपुर चौराहे पर नये पुराने मोबाइल की दुकान है बीती रात्रि करीब ढाई बजे अज्ञात चोरो ने दुकान के शटर का ताला तोड़कर दुकान मे रखी 90 हजार की नगदी सहित भारी मात्रा मे नये एव पुराने मोबाइल उठा ले गये सोमवार की सुबह दुकान पहुंचे मो. रकीब ने देखा कि दुकान के शटर का ताला टूटा हुआ है और नगदी सहित मोबाइल गायब है जो दुकान मे लगे सीसीटीवी मे चोरो के फुटेज कैद हो गये है जिसकी सूचना थाने पर दी गयी सूचना पर पहुंची मसौली पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जाँच शुरु कर दी है।

## ध्वज को दूर से देखना ही एक देवता को देखने के समान है : गोविंद देव गिरि

अयोध्या। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि महाराज ने सोमवार को राम विवाह के दिन 25 नवंबर को होने वाले ध्वजारोहण समारोह के संबंध में कहा कि वह पल आ गया है, जब हम कह सकते हैं कि भगवान श्री राम लला के जन्मस्थान पर मंदिर का निर्माण अब पूरी तरह पूरा हो गया है। ध्वज फहराना सर्वोच्च क्षण माना जाता है। हमारे परंपराओं में ध्वज की महिमा अपार है। मंदिर के ऊपर एक शिखर है लेकिन शिखर के ऊपर ध्वज है। केवल ध्वज को दूर से देखना ही एक देवता को देखने के समान है। ध्वज के विभिन्न अधिवास पर यज्ञशाला में ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंददेव गिरि भी उपस्थित रहे। सोमवार को ध्वज स्नपन पद्धति में औषधि अधिवास, गंधाधिवास, शर्करा अधिवास, जलाधिवास कराया गया। इसका उद्देश्य ध्वज, पूजन-द्रव्य तथा स्थल को शुद्ध करके उनमें दिव्यता का आवाहन करना है।

## बेटों ने रिश्ते को किया कलंकित : शादी के अपशगुन में अटक गया माँ का प्यार , 50 मीटर दूर पड़ा रहा माँ का शव, देखने नहीं गया बेटा

जौनपुर। उत्तर प्रदेश के जौनपुर में वृद्धा आश्रम में एक ऐसी घटना सामने आई है, जिसने न केवल मानवता को शर्मसार कर दिया बल्कि माता-पिता और बेटे-बेटियों के रिश्ते को भी अपमानित कर दिया। वृद्धा आश्रम में रह रहे माता-पिता में से माता की मौत हो गई तो बेटे बेटियां उनकी लाश इसलिए घर लाने के तैयार नहीं थे कि घर की शादी में अपशकुन हो जाएगा। फिर जब लाश आई तो एक बेटा दूर से देखता और रिश्तेदारों ने भी बेटों की हां में हां मिलाते हुए अंतिम संस्कार विधि विधान से नहीं कराया। यह मामला जौनपुर का है, जहां के एक वृद्धा आश्रम में गोरखपुर का एक दम्पति जीवन यापन करते थे। वृद्धा आश्रम संचालक रवि चौबे ने इस मामले में सोमवार को हिंदुस्थान समाचार प्रतिनिधि को बताया कि हमारे वृद्धा आश्रम में निवासरत गोरखपुर निवासी बुजुर्ग पति पत्नी में 20 नवंबर को पत्नी मौत हो गयी। हम लोग दाह संस्कार करने जा रहे थे। लेकिन लोगों ने कहा कि घर पर सूचना दे दीजिये। मृतका के पति ने अपने छोटे बेटे को इसकी सूचना दी , छोटा बेटा बोला कि भइया से बात करके बताता हूँ। 23 नवंबर को मृतक के पोते की शादी थी। लेकिन बुजुर्ग को तब पता चला जब मृतका के पति को उसके छोटे बेटे ने फोन करके बताया कि भइया मना कर रहे हैं और बोले हैं कि शादी का माहौल मातम में बदल जायेगा।

मृतका के पति ने कहा कि अब मैं शव बिल्कुल वहां नहीं ले जाऊंगा। यहीं अंतिम संस्कार करूँगा। लेकिन घर में शादी का माहौल था तो इनकी बेटियां भी आयी थीं। बातों बातों में उन्हें पता चला तो उन्होंने अपनी माँ के अंतिम दर्शन करने व शव यहां लाने की जिद करने लगी। उनके बेटे ने फोन करके कहा कि आप लाश को चार दिन फ्रीजर में रखवा दीजिये। शादी बीतने के बाद हम आकर शव को ले जायेंगे। लेकिन लड़कियों की जिद के नाते दोबारा फोन करके उनके छोटे बेटे ने कहा कि आप जौनपुर से एम्बुलेंस करके शव को गोरखपुर भेज दें। हम उनका अंतिम संस्कार यहीं कर देंगे और लोग अंतिम दर्शन भी कर लेंगे।

आश्रम संचालक रवि चौबे ने बताया कि जब गोरखपुर शव को भेजा गया तो एम्बुलेंस से मेरा एक स्टाफ साथ गया। जब मृतका के घर पर शव पहुंचा तो बड़ा बेटा दूर से देखता रहा लेकिन माँ के शव के पास नहीं आया। उसी समय लोगों की प्रतिक्रिया सामने आई कि जलायेंगे नहीं दफनायेंगे । जब मृतका के पति ने इस बात को सुना तो वो बोले कि हम जौनपुर फिर ले जाकर अंतिम संस्कार करेंगे। मृतका के पति ने कहा कि आप लोगों ने मेरे साथ धोखा किया है। मृतका के पति के उपर दबाव बना कर धोखे से नदी के किनारे शव को दफना दिया गया। हिन्दू रीति रिवाज के साथ अंतिम संस्कार नहीं हो सका। भावुक होकर बुजुर्ग ने बताया कि मृतका आ??खिरी बार अपने पोते पोती को देखना चाहती थी। उनकी लालसा पूरी नहीं हो सकी और दादी अपने पोते के ?सिर पर सजने वाला सेहरा देखने से पहले ही दुनिया छोड़कर चली गयी।

# अयोध्या में ध्वजारोहण आज बाराबंकी से संत समूह रवाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निंदूरा बाराबंकी। विश्व हिन्दू परिषद प्रखंड निंदूरा कार्यालय पर सोमवार को एकत्रित संतों का बृहद समूह अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ। धाम को रवाना होने से पूर्व विश्व हिन्दू परिषद अध्यक्ष निंदूरा अमित गुप्ता एवं बजरंग दल संयोजक मुकेश सिंह ने सभी संतों को चंदन तिलककर व माल्यार्पण किया।भगवान श्रीराम के जयघोष के साथ संत समूह अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ।

संयोजक मुकेश सिंह ने बताया कि अयोध्या मंदिर में होने वाले ध्वजारोहण कार्यक्रम के लिए 24 आमंत्रण पत्र डाक एवं संगठन के माध्यम से आए थे, जिन्हें एक सप्ताह पूर्व ही चयनित लोगों को वितरित कर दिया गया था। इनमें से 19 आमंत्रित लोग सोमवार सुबह अयोध्या के लिए रवाना हुए। जबकि पाँच लोग निजी कारणों से नहीं जा सके।

**''25 नवंबर को राम मंदिर में भव्य ध्वजारोहण''**

अयोध्या में 25 नवंबर को आहुत भव्य ध्वजारोहण कार्यक्रम की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। पूरा अयोध्या धाम दुल्हन की तरह सजाया गया है। इस अवसर पर राम मंदिर के शिखर पर प्रधानमंत्री द्वारा ध्वज स्थापित करेगे। इसके साथ ही मंदिर परकोटा के छह अन्य मंदिरों में भी ध्वज फहराए जाएंगे। जिनका कार्य समारोह के विशिष्ट अतिथियों द्वारा किया जाएगा।

''समारोह में प्रवेश की विशेष व्यवस्था''

निमंत्रण पत्र के अनुसार सभी आमंत्रित अतिथियों को रामपथ स्थित बिरला धर्मशाला के सामने स्थित रामानंद द्वार से प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश प्रातः 8 बजे से 10 बजे तक रहेगा, जिसके बाद द्वार बंद कर दिया जाएगा। अतिथियों से अनुरोध किया गया है कि वे अपने निमंत्रण पत्र के साथ आधार कार्ड अवश्य लेकर आएं। निंदूरा क्षेत्र से महंत मोनू दास पांडेय (धर्माचार्य, विश्व हिन्दू परिषद), बालक राम शर्मा, महेश साहू, जागेश्वर रावत, अजय कश्यप, राधेश्याम गोस्वामी सहित कई श्रद्धालु आमंत्रितों में शामिल रहे।

## फर्जी अंकपत्र देने के आरोप में प्रोफ़ेसर के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज

मुरादाबाद। थाना कटघर क्षेत्र के रामनगर मझरा निवासी एक छात्र को बीएससी की फर्जी अंकपत्र मिलने पर पिता ने कटघर थाने में सुखदेई स्मारक महाविद्यालय के प्रोफ़ेसर के खिलाफ सोमवार को धोखाधड़ी की प्राथमिकी दर्ज कराई है। सीओ कटघर ने बताया कि मामले में जांच शुरु कर दी गई हैं, विवेचना में जो तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

रामनगर मझरा निवासी शिवरंजन सैनी ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल को प्रार्थनापत्र देकर अवगत कि उसने अपने पुत्र लोकेश कुमार सैनी का बीएससी (एग्रीकल्चर) में ठाकुरद्वारा के रत्तूपुरा स्थित सुखदेई स्मारक महाविद्यालय में एडमिशन (सत्र 2020-21) कराया था। 11 सितंबर को कॉलेज के प्रोफ़ेसर महेंद्र सिंह ने लोकेश के व्हाट्सएप पर बीएसी एग्रीकल्चर अंतिम वर्ष की अंकपत्र भेज दिया। लोकेश ने मार्कशीट देखा तो उसे कुछ संदेह उत्पन्न हो गया। छात्र ने रुहेलखंड विवि की वेबसाइट पर जाकर चेक किया तो पता चला कि उस मार्कशीट का कोई डिटेल उपलब्ध नहीं है।

# एसआइआर ! जन जागरण दृष्टिगत समाजवादी पार्टी की पहल सराहनीय

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। प्रदेश में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एस आइआर 2025) को लेकर गांव से शहर तक आमजन हलकान है। तथाकथित देव तुल्य मतदाताओं की अधिकारी कर्मचारी सुनने को तैयार नहीं। जमीदार की तरह ब्लू आते हैं और किसी एक दरवाजे पर बैठ जाते हैं। इस सूची में नाम नहीं दूसरी सूची देखो दूसरा ब्लू होगा ऐसे नाना प्रकार की समस्याएं मतदाताओं के सामने सुरसा की भांति मुंह बाए खड़ी है। ऊपर से सरकारी दबाव आखिरी तारीख का हउवा भी है। ऐसे में समाजवादी पार्टी संगठन मैदान में आया है। जन-जागरण का जो काम सरकारी स्तर पर होना चाहिए, सपा ने प्रारंभ किया है। जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय में मे कार्यकर्ताओं की एक बैठक आयोजित कर उन्हें कार्य दायित्व सौंपते हुए कहा गया है कि सूची में किसी भी मतदाता का नाम छूटने न पाए इसके लिए आपको बूथ स्तर पर मतदाता सूची के शुद्धिकरण एवं मतदाताओं के नाम जुड़वाने के लिए पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष ब्लॉक अध्यक्ष एवं संबंधित बूथ के पार्टी के बूथ लेवल एजेंट बीएलए एवं चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित बी एल ओ के साथ तालमेल बनाते हुए मतदाताओं के फॉर्म भरवाना सुनिश्चित करना हम सभी पदाधिकारियों की जिम्मेदारी है। सपा जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद व जिला महासचिव हिमांशु यादव ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को गति प्रदान करने के लिए ब्लॉक स्तर पर पार्टी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपने के लिए आयोजित बैठक में प्रदेश एवं जिला पदाधिकारियों को विधानसभा एवं ब्लॉक स्तर पर जिम्मेदारी सौंपा है।

प्रशंसनीय बात यह है किआज की बैठक में जिलेभर से पार्टी पदाधिकारी दिशा अध्यक्ष से लेकर ब्लॉक अध्यक्ष सम्मिलित हुए। पार्टी प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान के मुताबिक

सरताज चौधरी, गुरु प्रसाद उर्फ लल्लन वर्मा, चौधरी अदनान, प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य फरजान उस्मानी, सूरज यादव ''गामा'', सुरेश चंद्र गौतम, मौलाना इस्राईल, प्रदेश सचिव युवजन सभा तुषार यादव, जिला कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह, जिला महासचिव हिमांशु यादव, वर्मा जिला उपाध्यक्ष नसीम कीर्ति, राजेश वर्मा, डॉक्टर एमएल साहू, रिजवान संजय, कामता प्रसाद यादव, युवजन सभा अध्यक्ष आशीष सिंह आर्यन, यूथ बिग्रेड जिला अध्यक्ष शाफ़े जुबेरी, प्रदेश महासचिव युवजन सभा शैलेश यादव, प्रदेश सचिव युवजन सभा अखिलेश यादव, जिला अध्यक्ष लोहिया वाहिनी प्रवीण यादव पम्मू प्रदेश सचिव यूथ ब्रिगेड राजीव सिंह राजा, महिला सभा अध्यक्ष पूनम यादव, जिला अध्यक्ष बाबा साहब वाहिनी संदीप प्रजापति, जिला अध्यक्ष शिक्षक सभा ओम कुमार वर्मा, जिला सचिव रामसमुझ यादव, विधानसभा अध्यक्ष हैदरगढ़ परशुराम यादव, विधानसभा अध्यक्ष सदर विनय यादव, विधानसभा अध्यक्ष कुर्सी सुरेश यादव, विधानसभा अध्यक्ष रामनगर जयसी राम यादव आज भारी संख्या में पदाधिकारी व सक्रिय कार्यकर्ता सम्मिलित हुए ?।

## तमिल केवल एक भाषा नहीं, बल्कि भारत की सामूहिक बौद्धिक और सांस्कृतिक चेतना का अभिन्न अंग : डॉ. जगदीसन टी

एजेंसी

**आर्य महिला पी.जी. कॉलेज में काशी तमिल संगमम 4.0 पर व्याख्यान**

वाराणसी । उत्तर प्रदेश के वाराणसी में काशी तमिल संगमम के चौथे संस्करण की तैयारियों के साथ इसके प्रति जागरूकता अभियान भी चल रहा है। सोमवार को चेतगंज स्थित आर्य महिला पीजी कॉलेज में प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति पुरातत्व विभाग की ओर से काशी तमिल संगमम 4.0 के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण शैक्षिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के भारतीय भाषा विभाग में सहायक प्रोफ़ेसर जगदीसन टी. ने कहा कि तमिल केवल एक भाषा नहीं, बल्कि भारत की सामूहिक बौद्धिक और सांस्कृतिक चेतना का अभिन्न अंग है। उन्होंने ङ्गसंगमम्ङ्क की भावनाऽअर्थात विचारों, परंपराओं और संस्कृतियों के समन्वय को भारत की एकात्मता की मूल शक्ति बताया। इस संदर्भ में तमिल सीखने के महत्त्व को भी बताया। उन्होंने तमिल भाषा की प्राचीनता, ज्ञान-परंपरा तथा भारतीय सांस्कृतिक विरासत में उसके योगदान का उल्लेख किया। डॉ. जगदीसन ने संस्कृतऽतमिल साहित्यिक संवाद, दक्षिण भारत की सांस्कृतिक परंपराओं तथा भारतीयता की बहुलतावादी अवधारणा पर भी महत्वपूर्ण विचार साझा किए। डॉ. जगदीसन ने ङ्गलेट्स लर्न तमिलः व्हाई इंडिया नीड्स टू लर्न तमिल फॉर संगमम् ऑफ आइडियाज़ ऑफ इंटीग्रेशन व्याख्यान में संस्कृतऽतमिल साहित्यिक संवाद, दक्षिण भारत की सांस्कृतिक परंपराओं को विस्तार से बताया। प्रोफ़ेसर विश्वनाथ मिश्र ने कोऑर्डिनेटर, आइक्यूएसी ने इस तरह के आयोजनों को भारत की सांस्कृतिक एकता के लिए महत्वपूर्ण बताया। इसके पहले कालेज की प्राचार्या प्रोफ़ेसर रचना दुबे ने स्वागत भाषण दिया। एसोसिएट प्रोफ़ेसर डॉ रंजना मालवीय ने मुख्य वक्ता का परिचय दिया। डॉक्टर बिंदु लहरी ने भी विचार रखा। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं तथा शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और मुख्य वक्ता से विविध प्रश्न पूछे।

## धर्म ध्वजा फहरने के साक्षी बनेंगे 40 बुंदेले, रामभक्त अयोध्या के लिए हुए रवाना

महोबा। उत्तर प्रदेश के महोबा जिले से सोमवार को 40 राम भक्तों की टोली अयोध्या धाम के लिए रवाना हुई। यह टोली श्रीराम मन्दिर के पूर्ण होने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा फहराई जाने वाली धर्म ध्वजा के साक्षी बनेंगे। जाने वाले भक्तों में उत्साह देखने मिला है। रामभक्त राम भजन गाते गुनगुनाते हुए अयोध्या जी के लिए निकले हैं। अयोध्या धाम में श्रीराम मन्दिर के पूर्ण होने पर मंगलवार को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी धर्म ध्वजा फहराएंगे। वीर भूमि से भी 40 राम भक्तों को यह सौभाग्य प्राप्त हुआ है। विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार शिवहरे ने श्रीराम भक्तों को नरसिंहकुटी मन्दिर से अयोध्या धाम के लिये प्रस्थान किया। सभी रामभक्तों का भव्य स्वागत कर श्री राम नाम की पट्टिका एवं मिष्ठान खिलाकर विदा किया गया। इस मौके पर लक्ष्मी नारायण, हिंदू जागरण मंच के प्रांत के कार्य अध्यक्ष नीरज, दुर्गा वाहिनी की प्रांत संयोजक प्रियांशी, विभाग सह मंत्री मयंक कुमार, रणविजय, धीरेंद्र, विपिन, रवि सोनी, प्रमोद कुशवाहा, दुर्गा वाहिनी की जिला संयोजिका हिमांशी एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# श्री राम के नारों के उदघोषों के साथ रवाना हुआ भक्तों का जत्था


कैनविज टाइम्स संवाददाता




रामनगर बाराबंकी। श्री राम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र नरेंद्र मोदी आज धर्म ध्वज फहराएंगे। ध्वजारोहण समारोह में रामनगर तहसील क्षेत्र के विशेष आमंत्रित रामभक्तों का जत्था रामनगर बुढ़वल चौराहे से अयोध्या के लिए रवाना हुआ। उससे पूर्व रामनगर बस स्टेशन पर विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री राहुल कुमार,प्रचार प्रमुख एसपी शुक्ल प्रखंड अध्यक्ष रमाकांत बब्लू वर्मा आदि ने माल्यार्पण एवं पुष्प वृष्टि कर स्वागत किया। इसी प्रकार विंदौरा चौराहे पर पुष्पेंद्र सैनी ने माल्यार्पण कर राम भक्तों का स्वागत अभिनंदन किया गया। अयोध्या धाम के इस आयोजन में रामनगर तहसील क्षेत्र के सुरवारी के शिवकुमार व राजाराम कनौजिया,रामनगर कस्बा के चंद्र प्रकाश चौरसिया, राजेन्द्र प्रसाद मौर्य, रामशंकर वर्मा,रामावती,विशम्भर दास,बृजेश शर्मा,अर्चना गिरि, अरविंद बारी, राममूर्ति निषाद,सत्य प्रकाश वर्मा,शिवराम सैनी, प्रेम चंद्र कनौजिया,अजय कनौजिया, कृष्ण मुरारी पाल,पिंटू कनौजिया, रामसजीवन,अंकित भारती आदि आज श्री राम जन्मभूमि मंदिर के ध्वजारोहण कार्यक्रम के प्रत्यक्ष साक्षी बनेंगे।

# मार्को यानसन के छह विकेटों ने भारत को 201 रन पर समेटा

एजेंसी




गुवाहाटी। मार्को यानसन (छह विकेट) और साइमन हार्मर (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन सोमवार को भोजनकाल के बाद भारतीय टीम को 201 रनों के स्कोर पर समेटकर 288 रनों की बढ़त के साथ मैच पर अपना शिकंजा कस लिया। भारत से पहली पारी में 288 रन से आगे रहने के बावजूद दक्षिण अफ्रीका ने फॉलोऑन नहीं कराया और दूसरी पारी में खेलने का फैसला किया। मेहमान टीम ने खराब रौशनी के कारण समय से पहले खेल रोके जाने तक बिना कोई विकेट खोये 26 रन बना लिए हैं और अपनी बढ़त 314 रन पहुंचा दी है। स्टंप्स के समय रायन रिकलटन 13 और एडन मारक्रम 12 रन बनाकर क्रीज पर थे।

इससे पहले भोजनकाल के बाद 79वें ओवर में हार्मर ने वॉशिंगटन सुंदर को एडम मारक्रम के हाथों कैच आउटकर दक्षिण अफ्रीका को आठवीं सफलता दिलाई। वॉशिंगटन सुंदर और कुलदीप यादव के बीच आठवें विकेट के लिए 72 रनों की साझेदारी हुई। वॉशिंगटन सुंदर ने 92 गेंदों में दो चौके और एक छक्का लगाते हुए 48 रनों की पारी खेली। भारत का आठवां विकेट194 के स्कोर पर गिरा। इसी स्कोर पर यानसन ने एक छोर थामे जुझारू बल्लेबाजी कर रहे कुलदीप यादव को आउट कर भारत को नौवां झटका दिया। कुलदीप यादव ने 134 गेंदों में तीन चौके लगाते हुए 19 रन बनाये। इसके बाद यानसन ने 84वें ओवर की पांचवीं गेंद पर जसप्रीत बुमराह (पांच) को विकेटकीपर काइल वेरेन के हाथों कैच आउटकर कर 201 के स्कोर पर भारत की पहली पारी का अंत कर दिया। भारतीय टीम की शुरूआत तो अच्छी रही थी, जब राहुल और जायसवाल ने अर्धशतकीय साझेदारी की। लेकिन इसके बाद उनका कोई भी बल्लेबाज क्रीज पर नहीं टिक सका। मार्को यानसन की अगुवाई में दक्षिण अफ्रीका ने बेहतरीन गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए भारतीय बल्लेबाजो को कोई भी मौका नहीं दिया। कुलदीप और वॉशिंगटन के बीच अर्धशतकीय साझेदारी जरूर हुई, लेकिन वह नाकाफी रही। इससे पहले झटकों से उबरते हुए वॉशिंगटन सुंदर (नाबाद 33) और कुलदीप यादव (नाबाद 14) ने दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों का डटकर सामना करते हुए भोजनकाल तक भारत का स्कोर सात विकेट पर 174 रन पहुंचा दिया था। चायकाल के बाद मार्को यानसन ने दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों पर जवाब हमले का प्रयास कर रहे कप्तान ऋषभ पंत (सात) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद यानसन ने नीतीश कुमार रेड्डी (10) और रवींद्र जडेजा (छह) को आउट कर भारत को संकट में डाल दिया। ऐसे संकट के समय वॉशिंगटन सुंदर और कुलदीप यादव ने मोर्चा संभाला और जुझारू बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए रन बटोरे।

# टोक्यो समर डेफ्लिंपिक्स में भारत की प्रांजली प्रशांत धूमल ने 25 मीटर पिस्टल में जीता स्वर्ण

एजेंसी



टोक्यो। भारत की प्रांजली प्रशांत धूमल ने जापान की राजधानी टोक्यो में 25वें समर डेफ्लिंपिक्स में सोमवार को महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीत लिया। यह उनका दूसरा स्वर्ण और इस संस्करण का तीसरा पदक है। फाइनल में प्रांजली ने 34 अंकों के साथ पहला स्थान हासिल किया। यूक्रेन की हलीना मोसीना (32 अंक, रजत) दूसरे स्थान पर रहीं । कोरिया की जीवॉन जिऑन ने 30 अंकों के साथ कांस्य जीता। उन्होंने भारत की अनुया प्रसाद को शूट-ऑफ में मात दी। अनुया चौथे स्थान पर रहीं। इससे पहले प्रांजली अभिनव देशवाल के साथ 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं। अभिनव ने पुरुषों की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में भी स्वर्ण जीता। फाइनल में प्रांजली ने शुरुआत से ही बढ़त बनाई। पहले सीरीज में उन्होंने पांच में से चार शॉट्स में निशाना साधा और नौवीं सीरीज तक बढ़त बनाए रखी। इस दौरान वह मोसीना के साथ 30-30 अंकों पर बराबरी पर रहीं। दसवीं और अंतिम सीरीज में प्रांजली ने चार सटीक शॉट लगाए। मोसीना केवल दो ही शॉट लगा सकीं। इसी के साथ भारतीय निशानेबाज ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। क्वालिफिकेशन में भी भारतीय निशानेबाजों का दबदबा रहा। प्रांजली ने शीर्ष दो स्थानों में जगह बनाते हुए फाइनल के लिए क्वालीफाई किया और विश्व डेफ क्वालिफिकेशन रिकॉर्ड तथा डेफ्लिंपिक्स रिकॉर्ड तोड़ते हुए इतिहास रच दिया। उन्होंने 573-14ब का स्कोर बनाया, जो उनके अपने ही पिछले वर्ष हैनोवर में हुए वर्ल्ड डेफ शूटिंग चैंपियनशिप में बनाए गए विश्व रिकॉर्ड से बेहतर है। अनुया प्रसाद 569-15ब के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। भारतीय निशानेबाज अब तक डेफ्लिंपिक्स में कुल 16 पदक जीत चुके हैं। इनमें सात स्वर्ण, छह रजत और तीन कांस्य शामिल हैं। शूटिंग स्पर्धाओं का समापन कल होगा। कल पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा के पदक तय किए जाएंगे।

# वेस्टइंडीज़ के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए न्यूज़ीलैंड की टीम घोषित, केन विलियमसन की वापसी

एजेंसी




वेलिंगटन। न्यूज़ीलैंड ने वेस्टइंडीज़ के खिलाफ 2 दिसंबर से क्राइस्टचर्च के हेगली ओवल में शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच के लिए अपनी 14 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम में सबसे बड़ा नाम है केन विलियमसन की वापसी, जो जुलाई में ज़िम्बाब्वे के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से बाहर थे और पिछले वर्ष दिसंबर के बाद पहली बार टेस्ट टीम का हिस्सा बन रहे हैं। विलियमसन तैयारी के तहत प्लंकेट शील्ड के दूसरे राउंड में नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स के लिए भी खेलेंगे। तेज़ गेंदबाज़ जैकब डफी, ज़ैक फॉल्क्स और ब्लेयर टिकनर को भी पहले टेस्ट के लिए टीम में शामिल किया गया है। डफी और फॉल्क्स ने ज़िम्बाब्वे के खिलाफ अपना टेस्ट डेब्यू किया था, जिसमें फॉल्क्स ने 9/75 के शानदार आंकड़े दर्ज किए–जो किसी भी न्यूज़ीलैंडर के लिए टेस्ट डेब्यू पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। टिकनर मार्च 2023 के बाद पहली बार टेस्ट सेटअप में लौट रहे हैं। ऑलराउंडर डैरिल मिशेल भी टीम में शामिल हैं, जो वेस्टइंडीज़ के खिलाफ पहले ग्क्रमें लगी ग्रोइन चोट से उबर चुके हैं। दूसरी ओर, काइल जेमीसन और ग्लेन फिलिप्स अभी पूरी तरह फिट नहीं हैं और नियंत्रित रेड-बॉल रिटर्न-टु-प्ले योजना के तहत अपनी फिटनेस पर काम कर रहे हैं। मैट फिशर, विल ओ'रूर्के और बेन सियर्स भी क्रमशः पिंडली, पीठ और हैमस्ट्रिंग चोटों से उबर रहे हैं।

# डेविस कप 2025: इटली ने स्पेन को हराकर रचा इतिहास, लगातार तीसरी बार जीता खिताब

एजेंसी




बोलोनिया। इटली ने रविवार को स्पेन को 2-0 से हराकर शानदार अंदाज़ में लगातार तीसरा डेविस कप खिताब अपने नाम किया। बोलोनिया में खेले गए फाइनल में इटली के लिए माटेयो बेरेटिनी और फ्लावियो कोबोली ने अपने-अपने सिंगल्स मैच जीते और टीम को चैंपियन बना दिया।

जोशीले घरेलू दर्शकों के समर्थन से उत्साहित बेरेटिनी ने पहले मुकाबले में पाब्लो कारेनो बुस्टा को 6-3, 6-4 से मात दी। इसके बाद कोबोली ने शानदार वापसी करते हुए जाउमे मुन्नार को 1-6, 7-6(5), 7-5 से हराकर टीम के लिए जीत पक्की कर दी। यह जीत इटली का कुल चौथा डेविस कप खिताब है। इससे पहले टीम 1976, 2023 और 2024 में चैंपियन बनी थी। साथ ही, यह पहला मौका है जब 1971 के बाद किसी देश ने लगातार तीन डेविस कप खिताब जीते हों। दोनों टीमों के स्टार खिलाड़ी इस फाइनल में नहीं खेले–स्पेन के कार्लोस अल्कराज तथा इटली के यानिक सिनर और लोरेंजो मुसेट्टी बाहर रहे। बावजूद इसके बेरेटिनी और कोबोली ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम की उम्मीदों को पूरा किया। टीम के कप्तान फिलिपो वोलांड्री ने भावुक होकर कहा, ्रयह लगातार तीसरा खिताब है। मैं रो रहा हूं। पहले दो खिताबों पर नहीं रोया था। यह अविश्वसनीय है। हमारी टीम बहुत बड़ी है–सिनर, मुसेट्टी, अर्नाल्दी जैसे खिलाड़ी भी इसका हिस्सा हैं। पहले सेट में शुरुआती कुछ गेम कड़े रहे, लेकिन बेरेटिनी ने 5-3 की बढ़त लेते हुए सेट अपने नाम किया। दूसरे सेट में भी उन्होंने निर्णायक समय पर ब्रेक हासिल कर मैच 6-4 से जीत लिया। 29 वर्षीय बेरेटिनी ने मैच में 13 ऐस और 21 विनर लगाए। वह डेविस कप में लगातार अपनी 11वीं सिंगल्स जीत दर्ज कर गए। बेरेटिनी ने कहा, हम एक दूसरे से बहुत प्यार करते हैं। यह एक बड़ा परिवार है। और अब चलो फ्लावियो, इसे खत्म करो! दूसरे मुकाबले में मुन्नार ने 5-0 की बढ़त लेकर पहला सेट 6-1 से जीत लिया। लेकिन 23 वर्षीय कोबोली ने हार नहीं मानी और दूसरे सेट में कड़ा संघर्ष करते हुए सातवें सेट प्वाइंट पर सेट अपने नाम किया। निर्णायक सेट में भी मुकाबला कंटे का रहा। कोबोली ने 6-5 पर ब्रेक हासिल कर मैच जीत लिया और पूरे स्टेडियम में जश्न का माहौल फैल गया। कोबोली ने जीत के बाद कहा, इस एहसास को बयां करना मुश्किल है। मैं इस रात को जीने का सपना देखता था। मुझे नहीं पता कि मैंने कैसे जीत लिया। आज मैं बस दिल से खेला और विश्व चैंपियन बन गया। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने भी टीम को बधाई देते हुए लिखा, दृढ़ता, प्रतिभा और जुनून–इटली फिर डेविस कप का चैंपियन!

## विश्व कप में हिस्सा लेने के लिए भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम सैंटियागो, चिली रवाना

बेंगलुरु। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम, कप्तान ज्योति सिंह के नेतृत्व में, एफआईएच महिला जूनियर हॉकी विश्व कप 2025 में भाग लेने के लिए सैंटियागो, चिली रवाना हो गई। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट 1 से 13 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। 20 सदस्यीय भारतीय टीम, जिसमें दो विकल्प खिलाड़ी भी शामिल हैं, रविवार रात केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से रवाना हुई। भारत को पूल 'सी' में जर्मनी, आयरलैंड और नामीबिया के साथ रखा गया है। टीम अपना अभियान 1 दिसंबर को नामीबिया के खिलाफ शुरू करेगी, जिसके बाद 3 दिसंबर को जर्मनी से और 5 दिसंबर को आयरलैंड से मुकाबला होगा। प्रत्येक पूल की शीर्ष टीमें 7 से 13 दिसंबर तक खेले जाने वाले नॉकआउट चरण में प्रवेश करेंगी।

## जयपुर पोलो टीम ने जीता कश्मीर चैलेंज कप

**जयपुर।** कश्मीर चैलेंज कप रविवार को अपने असली अंजाम पर पहुंच गया, जब जयपुर पोलो टीम, जिसकी लीडरशिप जयपुर के महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह कर रहे थे, ने राजस्थान पोलो क्लब में हुए एक रोमांचक मैच में कनोटा पोलो को 9–5 से हरा दिया। जयपुर के लिए, उनके कैप्टन,महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह, और साउथ अफ्रीकी पोलो के स्टार लांस वॉटसन ने पूरे टूर्नामेंट में अपना शानदार फ़ॉर्म जारी रखा, और एक के बाद एक चार और पांच गोल किए। टूर्नामेंट की शुरुआत में एक ही पूल में रहने के बाद दोनों टीमों के बीच यह तीसरी भिड़ंत थी, जिसमें सभी मैच जयपुर के पक्ष में गए। जयपुर ने जबरदस्त शुरुआत की, लांस वॉटसन ने शुरू में ही दो गोल (1:25 और 6:35) करके अपनी टीम को 2–0 की बढ़त दिला दी। दूसरी ओर, कनोटा पोलो शुरुआती पीरियड में गोल नहीं कर पाई। दूसरे चक्कर में, जयपुर ने अपनी रफ़्तार जारी रखी, जब लांस वॉटसन ने एक और गोल (3:35) करके स्कोर 3–0 कर दिया। जब कनोटा पोलो लय में नहीं लग रहा था, तो उन्होंने अशोक चांदना (4:00) और डिनो धनखड़ (6:40) के गोलों से जवाबी हमला किया, लेकिन जयपुर अभी भी गेम के आधे समय तक 3–2 से आगे था। तीसरे चक्कर में दोनों तरफ से तेजी से गोल हुए। महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह ने दो गोल (1:20 और 5:40) किए, और लांस वॉटसन ने 4:10 पर एक और गोल किया। कनोटा ने हुर्र अली (5:46 और 6:35) के दो गोलों से वापसी की। चक्कर के आखिर में, स्कोर जयपुर 7ऽकनोटा 4 था। आखिरी चक्कर जयपुर का था क्योंकि उन्होंने कंट्रोल बनाए रखा, महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह जयपुर ने 0:54 पर फिर से गोल करके बढ़त को 8–4 कर दिया। हुर्र अली ने 1:40 पर कनोटा का आखिरी गोल किया, लेकिन लांस वॉटसन के आखिरी मिनट के गोल ने मैच को जयपुर के पक्ष में 9–5 से पक्का कर दिया। इस जीत के साथ, जयपुर ने इंडियन पोलो सीजन में अब तक अपनी ट्रॉफी की संख्या चार कर ली है, जबकि अभी आधे से ज़्यादा सीजन बाकी है।

## वियतजेट का भारतीय यात्रियों के लिए मूल किराये में 100 प्रतिशत तक छूट का ऑफर

**नयी दिल्ली।** वियतनाम की विमान सेवा कंपनी वियतजेट ने भारतीय यात्रियों के लिए ''थैंक योरसेल्फ विद फ़ेस्टिव फ्लाइट्स ऽ लेट्स वियतजेट'' की घोषणा की है जिसके तहत टिकट बुकिंग पर मूल किराये में 100 प्रतिशत तक छूट की पेशकश की गयी है। ऑफर के तहत 05 जनवरी से 27 मई तक की यात्रा के लिए बुकिंग 24 नवंबर से 30 नवंबर तक की जा सकेगी। शत–प्रतिशत तक की छूट सिर्फ मूल किराये के लिए मान्य होगी, और कर तथा शुल्क का पूरा भुगतान यात्रियों को करना होगा। बुकिंग यदि सार्वजनिक अवकाश के दिनों या पीक पीरियड के लिए की जाती है तो ऑफर का लाभ नहीं मिल सकेगा।

# भारतीय अर्थव्यस्था के वित्त वर्ष 2025–26 में 6.5 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान : एसएंडपी

एजेंसी




नई दिल्ली। अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर अच्छी खबर है। वैश्विक रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 में भारतीय अर्थव्यवस्था के 6.5 फीसदी और अगले वित्त वर्ष 2026-27 में 6.7 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान जताया है। रेटिंग एजेंसी ने सोमवार को जारी ने अपनी 'इकोनॉमिक आउटलुक एशिया-पैसिफिक रिपोर्ट' में कहा, ''हमारा अनुमान है कि भारत की सकल घरेलू उतपाद (जीडीपी) 31 मार्च, 2026 को समाप्त चालू वित्त वर्ष 2025-26 में 6.5 फीसदी और अगले वित्त वर्ष 2026-27 में 6.7 फीसदी की दर से बढ़ेगी।एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने कहा कि कर कटौती और मौद्रिक नीति में ढील से उपभोग आधारित वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा। एजेंसी के मुताबिक भारत का वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद चालू वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल से जून अवधि में पांच तिमाहियों में सबसे तेज 7.8 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान है। रेटिंग एजेंसी ने कहा, ''माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की कम दरें मध्यम वर्ग के उपभोग को बढ़ावा देंगी। इस वर्ष शुरू की गई आयकर कटौती एवं ब्याज दरों में कटौती का पूरक बनेंगी। इन बदलावों से चालू वित्त वर्ष 2025-26 और अगले वित्त वर्ष 2026-27 में निवेश की तुलना में उपभोग वृद्धि का एक बड़ा चालक बन सकता है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.8 फीसदी रहने का अनुमान जताया है, जो पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की 6.5 फीसदी की वृद्धि दर से बेहतर है। चालू वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) के जीडीपी के आधिकारिक आंकड़े 28 नवंबर को जारी होने वाले हैं।


**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक / पी.एस., उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य/उ.रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-LKO-LLJ-OH-560-25-1 (Advertising -Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 13.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 29.11.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 29.11.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-BSB-DigiL-103-25-1(Misc-Static Services -Digital lockers at station) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 13.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 29.11.2025 समय10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 29.11.2025 समय 10:40 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-PYGS-MCK-64-24-1(Misc-Static-Services -Digital Mobile Charging Kiosks) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 13.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 29.11.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 29.11.2025 समय 10:50 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-PRG-MCK-65-24-1(Misc-Static-Services -Digital Mobile Charging Kiosks) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 13.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 29.11.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 29.11.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-PRG-THDPK-92-24-3(Misc-Static-Services -Travel Help Desk/Travelers information and Promotional Kiosk) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 13.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 29.11.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 29.11.2025 समय 11:10 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-LKO-THDPK-94-24-1(Misc-Static-Services- Travel Help Desk /Travelers information and Promotional Kiosk) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 13.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 29.11.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 29.11.2025 समय 11:20 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-PRG-PSKsk-90-24-1(Misc-Static-Services-Pooja Samagri Kiosk) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 13.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 29.11.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 29.11.2025 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-Int-248107-1-25-1(Advertising-Train Interior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 18.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 03.12.2025 समय 13:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 03.12.2025 समय 13:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-LKO-ML-OH-591-25-1 (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 18.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 03.12.2025 समय 13:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 03.12.2025 समय 13:40 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-LKO-TPNR-OH-594-25-1 (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 18.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 03.12.2025 समय 13:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 03.12.2025 समय 13:50 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-LKO-BBK-OH-587-25-1 (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 18.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 03.12.2025 समय 13:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 03.12.2025 समय 14:00 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-IntExt-96839-1-24-1 (Advertising-Train Interior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 18.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 03.12.2025 समय 13:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 03.12.2025 समय 14:10 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-IntExt-174932-1-24-1(Advertising-Train Interior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 18.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 03.12.2025 समय 13:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 03.12.2025 समय 14:20 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-IntExt-108892-1-24-1(Advertising-Train Interior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 18.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 03.12.2025 समय 13:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 03.12.2025 समय 14:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-IntExt-132756-1-24-1(Advertising-Train Interior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 18.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 03.12.2025 समय 13:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 03.12.2025 समय 14:40 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-IntExt-131082-1-24-3(Advertising-Train Interior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 18.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 03.12.2025 समय 13:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 03.12.2025 समय 14:50 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-IntExt-109933-1-24-1(Advertising-Train Interior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 18.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 03.12.2025 समय 13:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 03.12.2025 समय 15:00 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-IntExt-250808-1-24-2(Advertising-Train Interior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 18.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 03.12.2025 समय 13:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 03.12.2025 समय 15:10 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-IntExt-121998-1-24-2(Advertising-Train Interior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 18.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 03.12.2025 समय 13:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 03.12.2025 समय 15:20 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-IntExt-155465-1-24-1(Advertising-Train Interior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 18.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 03.12.2025 समय 13:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 03.12.2025 समय 15:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-IntExt-155464-1-24-1(Advertising-Train Interior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 18.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 03.12.2025 समय 13:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 03.12.2025 समय 15:40 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-IntExt-197330-1-24-1(Advertising-Train Interior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 18.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 03.12.2025 समय 13:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 03.12.2025 समय 15:50 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-LKO-PRG-OH-602-25-1 (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 04.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 04.12.2025 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-BSB-PSKsk-96-24-1(Misc-Static-Services-Pooja Samagri Kiosk) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 04.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 04.12.2025 समय 11:40 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-LKO-LKO-OH-548-25-2 (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 21.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 09.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 09.12.2025 समय 12:10 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-LKO-DigiL-66-24-4(Misc-Static-Services-Digital lockers at station) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 21.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 09.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 09.12.2025 समय 12:20 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-BOY-RCR-143-25-1(Misc-Static-Services -Rail Coach Restaurant) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 21.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 09.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 09.12.2025 समय 12:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-PFM-RCR-133-25-1(Misc-Static-Services-Rail Coach Restaurant) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 21.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 09.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 09.12.2025 समय 12:40 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-AME-RCR-142-25-1(Misc-Static-Services-Rail Coach Restaurant) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 21.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 09.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 09.12.2025 समय 12:50 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-LKO-RCR-140-25-1(Misc-Static-Services-Rail Coach Restaurant) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 21.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 09.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 09.12.2025 समय 13:00 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

3646/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# स्मार्ट, सतत, लाभकारी कृषि विकसित भारत 2047 का आधार बनेगी : चौहान

एजेंसी



नयी दिल्ली। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि स्मार्ट, सतत और लाभकारी कृषि विकसित भारत 2047 का आधार बनेगी इसलिए कृषि को कम संसाधनों में अधिक उत्पादन और बेहतर भविष्य के लिए ज्यादा संरक्षण देने की जरूरत है।

श्री चौहान ने तीन दिवसीय छठे अंतरराष्ट्रीय शस्य विज्ञान कांग्रेस को सोमवार को यहां पूसा परिसर में शुरुआत की। विज्ञान कांग्रेस में दुनिया के कई देशों से आये 1,000 से अधिक प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने देश में कृषि को ज्यादा उपयोगी बनाने के लिए वैज्ञानिकों से शोध का लाभ सीधे किसानों तक पहुंचाने का प्रयास करने का आह्वान करते हुए कहा कि शोध का मूल आधार किसानों की प्राथमिक समस्या का समाधान होना चाहिए। उन्होंने वैज्ञानिकों से बायो-फोर्टिफाइड तथा जीनोम-एडिटेड किस्में विकसित करने का आह्वान करते हुए कहा कि 2047 का आधार बनने के लिए किसानों, युवाओं और विज्ञान को मिलकर काम करने की जरूरत है। श्री चौहान ने 'दलहन आत्मनिर्भरता मिशन' की महत्ता और देश में दलहन उत्पादन बढ़ाने एवं अधिक प्रयास की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा कि उन्हें पूरा भरोसा है कि आने वाले समय में देश दलहन के मामले में भी आत्मनिर्भर बनेगा। उन्होंने यह भी कहा कि दलहन-तिलहन में अन्य फसलों की तुलना में वायरस अटैक अधिक होता है इसलिए ऐसे प्रयास करने होंगे कि उत्पादन के साथ ही इसकी मात्रा खेत में बढ़े सके।

# घुसपैठियों के सहारे सत्ता पाने का सपना देखने वालों को मुंह की खानी पड़ेगी : भाजपा

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का विरोध करने वालों को करारा जवाब देते हुये सोमवार को कहा कि घुसपैठियों के सहारे सत्ता पाने का सपना देखने वालों को मुंह की खानी पड़ेगी। पार्टी प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने भाजपा मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि एसआईआर का विरोध करने वाले लोकतंत्र को बंधक बनाने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन देश की जनता उनके मंसूबों को सफल नहीं होने देगी। इस अवसर पर श्री त्रिवेदी ने भाजपा के पूर्व सांसद एवं प्रसिद्ध अभिनेता धर्मेंद्र को भारतीय कला और सिने जगत में उनके योगदान को याद करते हुये उन्हें श्रद्धांजलि भी अर्पित की। भाजपा प्रवक्ता ने झारखंड सरकार के मंत्री इरफान अंसारी के उस बयान पर पलटवार किया है जिसमें उन्होंने कहा था, ''अगर कोई बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) मतदाता सूची पर कोई जानकारी लेने आये तो उसे बंधक बना लो।'' श्री त्रिवेदी ने श्री अंसारी के बयान को लोकतंत्र को बंधक बनाने की साजिश बताया। उन्होंने कहा कि इसी तरह पश्चिम बंगाल में बीएलओ को धमकाने का मामला सामने आया है। श्री त्रिवेदी ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी एसआईआर को लेकर इसी तरह का नजरिया और बयान देकर इसका विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव को पारदर्शी बनाने में अगर कोई सबसे बड़ी बाधा है तो इंडिया गठबंधन और उसके सहयोगी दल के नेता हैं। उन्होंने कहा कि मुर्शिदाबाद में तृणमूल कांग्रेस के नेता हुमायूं कबीर ने कहा कि वह बाबरी मस्जिद बनवाएंगे, इस पर इंडिया गठबंधन की तरफ से किसी तरह की आपत्ति नहीं आयी है। श्री त्रिवेदी ने कहा कि एसआईआर पारदर्शी और निष्पक्ष चुनाव के लिये जरूरी है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर ने भी हर छह माह में मतदाता सूची के संशोधन की बात पर बल दिया था। श्री त्रिवेदी ने कहा कि देश में बंगलादेशी घुसपैठियों का मामला ममता बनर्जी ने 2005 में संसद में उठाया था और उस समय पश्चिम बंगाल में बढ़ते घुसपैठ को लेकर आक्रोश जाहिर किया था। उन्होंने सवाल उठाया कि अब एसआईआर का विरोध करने वाली ममता बनर्जी उस समय सही थीं या अब सही हैं।

श्री त्रिवेदी ने कहा कि एसआईआर इसलिये जरूरी है ताकि कोई घुसपैठिया भारत की सत्ता को प्रभावित न कर सके। उन्होंने कहा, ''मैं यह साफ कर देना चाहता हूं कि बाहर से आये घुसपैठियों के सहारे सत्ता पाने का सपना देखने वालों को मुंह की खानी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है कि बाहरी लोगों के सहारे सत्ता में आने का प्रयास करने वाले मीर जाफर और जयचंद को सत्ता तब भी नहीं मिली थी और ऐसा सोचने वालों को अब भी सत्ता नहीं मिलेगी।

# पचास से ज्यादा देशों में कार्यक्रम कर दुनिया भर में गीता का संदेश पहुंचाएगा विदेश मंत्रालय: जयशंकर

नयी दिल्ली। विदेश मंत्री डॉक्टर एस जयशंकर ने भगवद गीता को धार्मिक सीमाओं से परे बताते हुए कहा है कि विदेश मंत्रालय 50 से भी अधिक देशों में कार्यक्रमों का आयोजन कर गीता का संदेश दुनिया भर में पहुंचाएगा।

विदेश मंत्री ने सोमवार को कुरुक्षेत्र में 0वें अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में अपने संबोधन में कहा कि यह पवित्र ग्रंथ धार्मिक सीमाओं से परे है और यह सही जीवन जीने, अंदरूनी ताकत और आध्यात्मिक स्पष्टता के लिए एक 'यूनिवर्सल गाइड' है। इसकी शिक्षाएँ लोगों के मन को रोशन करती रहती हैं और बदलती दुनिया में मार्गदर्शन तथा ज्ञान देती हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष विदेश मंत्रालय इस महोत्सव को अंतराष्ट्रीय बनाने के लिए हरियाणा सरकार, कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड, और साझीदार राज्य मध्य प्रदेश तथा दूसरे संगठनों के साथ मिलकर काम कर रहा है। इस प्रयास में प्रमुख संगठन के तौर पर मंत्रालय ने दुनिया भर में गीता के संदेश के प्रसार में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि मंत्रालय ने विदेशों में भारतीय मिशनों के साथ मिलकर जाने-माने विदेशी विद्वानों की पहचान की है जो इस महोत्सव में हिस्सा लेंगे और अपने विचार साझा करेंगे। प्रदर्शनी के लिए भगवद गीता के 25 से ज़्यादा अनूदित संस्करण इकट्ठा किए गए हैं, जो अलग-अलग संस्कृति और भाषाओं तक इसकी पहुंच के बारे में बताते हैं। उन्होंने कहा कि मंत्रालय दुनिया भर में 50 से ज़्यादा मिशन में कार्यक्रम और प्रदर्शनियों का आयोजन कर रहा है जो गीता के 'यूनिवर्सल मैसेज' को पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि गीता की शिक्षाएँ मानवता का ज़्यादा शांतिपूर्ण, उद्देश्यपरक और ज्ञान की ओर मार्गदर्शन करती हैं।

# रिजिजू ने की भूटान के प्रधानमंत्री से मुलाकात

एजेंसी



थिंपू। केंद्रीय संसदीय एवं अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने सोमवार को यहां भूटान के प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग तोबगे से में मुलाकात की।

श्री रिजिजू के नेतृत्व में एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों को भारत वापस ले जाने के लिए भूटान पहुंचा है। भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष सार्वजनिक प्रदर्शनी के लिए भूटान ले जाये गये थे। श्री रिजिजू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपडेट साझा करते हुए लिखा, ''बुद्ध के पवित्र अवशेषों के प्रति भूटान की सच्ची श्रद्धा से मैं अत्यंत प्रभावित हूँ, जो हमारे लोगों के बीच सद्भाव और जुड़ाव को प्रेरित करते रहते हैं। इन पवित्र अवशेषों को मंगलवार को भारत वापस ले जाया जाएगा। यह भारत और भूटान के बीच गहरे सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संबंधों को रेखांकित करता है और भूटान के लोगों से इस प्रदर्शनी को मिले अपार सम्मान को दर्शाता है। भूटान के लोगों की अपार श्रद्धा दोनों देशों की साझा आध्यात्मिक विरासत का प्रमाण है। भारत सरकार का संस्कृति मंत्रालय भूटान के अनुरोध को स्वीकार करके गौरवान्वित है, जिससे अधिक से अधिक श्रद्धालुओं को आशीर्वाद प्राप्त करने का अवसर मिला है। इस आयोजन ने दोनों देशों के बीच मैत्री और पारस्परिक सम्मान के संबंधों को और मजबूत किया है। यह प्रदर्शनी भारत-भूटान संबंधों में एक ऐतिहासिक घटना है, जो साझा बौद्ध विरासत का उत्सव मनाती है तथा विश्वास और सहयोग के विशेष बंधन को मजबूत करती है। 9 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पवित्र अवशेषों के 10 दिवसीय सार्वजनिक प्रदर्शन के दौरान गर्मजोशी भरे और सम्मानजनक स्वागत के लिए भूटान के नेतृत्व और जनता का आभार व्यक्त किया था। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ये अवशेष शांति, करुणा और सद्भाव की शाश्वत शिक्षा के प्रतीक हैं और दोनों देशों के बीच साझा आध्यात्मिक विरासत को मजबूत करते हैं। नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय संग्रहालय से लाए गए इन अवशेषों को 8 से 18 नवंबर तक भूटान में प्रदर्शित किया गया, जिससे दोनों पड़ोसी देशों के बीच सांस्कृतिक संबंध और प्रगाढ़ हुए। इसके पहले भूटान के प्रधानमंत्री ने पवित्र अवशेषों को भूटान भेजने की सुविधा प्रदान करने के लिए भारत के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस प्रदर्शनी ने शांति, करुणा और एकता का संदेश दिया और भूटान और भारत के बौद्ध धर्म पर आधारित मजबूत संबंधों की पुष्टि की। यह भारत की अपनी बौद्ध विरासत को वैश्विक स्तर पर साझा करने की व्यापक पहल का हिस्सा है। इससे पहले मंगोलिया, थाईलैंड, वियतनाम और रूस के कलमीकिया क्षेत्र में ऐसी प्रदर्शनियां लगाई जा चुकी है। यह आयोजन पिपरहवा रत्न अवशेषों की भारत वापसी के बाद हुआ, जिसे प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रीय गौरव का क्षण बताया। प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में 11 और 12 नवंबर को भूटान की अपनी राजकीय यात्रा संपन्न की, और दोनों देशों के बीच घनिष्ठ साझेदारी और उच्च-स्तरीय आदान-प्रदान की परंपरा को और गहरा करने के प्रयासों को जारी रखा।

# बाढ़ प्रभावित डेयरी किसानों की मदद के लिए संयुक्त पहल

एजेंसी



पंजाब। बाढ़ के दौरान दूषित पानी और गंदगी के कारण डेयरी पशुओं में विभिन्न प्रकार के संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ जाता है, जिससे डेयरी किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है। ऐसे में समय पर चिकित्सीय सहायता, जागरूकता और आवश्यक उपचार किसानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है। इसी उद्देश्य से नव ज्योति सेवा संस्थान और कंपनी ने मिलकर बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में विशेष जागरूकता अभियान और इलाज संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराईं। टीम ने विभिन्न गांवों में जाकर पशुओं की स्वास्थ्य जांच की, आवश्यक दवाइयाँ वितरित कीं और किसानों को संक्रमण रोकथाम से जुड़े महत्वपूर्ण निर्देश भी दिए। इसके साथ ही पशुओं के रहने के स्थानों की सफाई, पोषण प्रबंधन तथा दुग्ध उत्पादन प्रभावित न हो, इसके लिए वैज्ञानिक तरीकों की जानकारी भी प्रदान की गई। इस सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम में कंपनी की ओर से गगनदीप सिंह, डॉ. मिशुल चौहान तथा मलकीत सिंह सहित कई सदस्य सक्रिय रूप से शामिल रहे। टीम ने बाढ़ से प्रभावित किसानों की समस्याओं को करीब से समझा और उनके समाधान के लिए हर संभव सहयोग प्रदान किया। किसानों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि बाढ़ के बाद ऐसी सेवाओं की सबसे अधिक आवश्यकता होती है, क्योंकि संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है और पशुओं का उपचार समय पर मिलना बेहद जरूरी होता है। संस्थान और कंपनी का यह संयुक्त प्रयास बाढ़ प्रभावित किसानों को राहत और सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। इस पहल से किसानों को न केवल अपने पशुओं को संक्रमण से बचाने में मदद मिलेगी बल्कि उनके डेयरी व्यवसाय को पुनः सुचारु रूप से संचालित करने में भी महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। यह पहल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने और किसानों को संकट की स्थिति में सहारा देने के उद्देश्य को मजबूती से आगे बढ़ाती है।

# कनाडा का नवाचार और भारत की क्षमता के मिलने से खुलेंगे नये अवसर : गोयल

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि कनाडा का नवाचार और भारत की क्षमता मिलकर दोनों के लिए नये अवसर पेश करेगी।

श्री गोयल ने यहां भारत-कनाडा व्यापार चैंबर को संबोधित करते हुए कहा कि जरूरी खनिज, खनिज प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी, हरित ऊर्जा, परमाणु ऊर्जा और आपूर्ति श्रृंखला में विविधता लाने के भारत के प्रयास में कनाडा के साथ सहयोग की काफी गुंजाइश है। उन्होंने कहा कि भारत के पास कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), क्वांटम कंप्यूटिंग, मशीन लर्निंग और अगली पीढ़ी के डाटा सेंटर जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों के लिए सबसे तेजी से बढ़ रही मानव क्षमता है। कनाडा और भारत को नैसर्गिक सहयोगी बताते हुए श्री गोयल ने कहा कि दोनों देशों को 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम के तहत जरूरी खनिज, हरित ऊर्जा, वैमानिकी, रक्षा और विनिर्माण सहित सहयोग के विशेष क्षेत्रों की पहचान करनी चाहिये। कनाडा का नवाचार और भारतीय क्षमता मिलकर दोनों देशों के लिए बड़े अवसर पैदा कर सकती है।

केंद्रीय मंत्री ने बिजनेस-टू-बिजनेस (बी-2-बी) सहयोग को बढ़ाने के लिए सीईओ फोरम (मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के फोरम) को फिर से शुरू करने और भारत के आने वाले एआई सम्मेलन में कनाडा के हिस्सा लेने की अपील की। उन्होंने संयुक्त नवाचार पर जोर देते हुए बताया कि हाल ही में केंद्र सरकार ने अनुसंधान एवं विकास के लिए 12 अरब डॉलर के फंड की घोषणा की है। उन्होंने जी20 सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के बीच हुई बैठक का जिक्र करते हुए बताया कि दोनों नेता एक बड़े वृहद आर्थिक सहयोग समझौते के लिए बातचीत शुरू करने और 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने पर सहमत हुए। उन्होंने कहा कि इस समझौते की पहल दोनों देशों के बीच भरोसे को दिखाता है, निवेशकों का भरोसा मजबूत करता है और आपसी सम्मान के आधार पर मुद्दों को सुलझाने के लिए एक मजबूत ढांचा प्रदान करता है। श्री गोयल ने चैंबर को इस बात से अवगत कराया कि भारत अब ''पांच कमजोर अर्थव्यवस्थाओं'' से निकलकर दुनिया की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो गया है।

# डीके शिवकुमार ने मुख्यमंत्री परिवर्तन को लेकर मांगा लिखित आश्वासन

एजेंसी

बेंगलुरु। कर्नाटक के उप-मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कथित तौर पर सरकार गठन के समय मुख्यमंत्री परिवर्तन को लेकर किये गये वादे की याद दिलाते हुए लिखित आश्वासन मांगा है। इस कथित मांग से कांग्रेस नीत सरकार को लेकर अनिश्चितता बढ़ गई है और राज्य की राजनीति में खलबली मच गई है।

इस कथित मांग की पुष्टि हालांकि न तो अखिल भारतीय कांग्रेस समिति (एआईसीसी) और न ही राज्य नेतृत्व द्वारा की गई है, लेकिन इससे सत्तारूढ़ पार्टी के शीर्ष स्तर में बढ़ते अविश्वास के बारे में अटकलों को तेज कर दिया है।

पार्टी के अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, श्री शिवकुमार की यह कथित माँग सरकार गठन के समय सत्ता को साझा करने पर हुई पहले की मौखिक चर्चा से उपजी है। वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने हालांकि ऐसी किसी सहमति को लेकर कोई पुष्टि नहीं की है।

नेतृत्व परिवर्तन का यह मुद्दा उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के बीच बढ़ती दूरी की ओर इशारा करता है। कर्नाटक की राजनीति में तब इस मुद्दे ने तब और हवा पकड़ ली, जब नागा संतों के एक समूह ने श्री शिवकुमार के निवास का दौरा किया, जिसमें से काशी के एक संत ने कथित तौर पर उन्हें मुख्यमंत्री बनने का आशीर्वाद दिया। यह हालांकि प्रतीकात्मक है, लेकिन इस दौरे ने कथित नेतृत्व विवाद के इर्द-गिर्द राजनीतिक चर्चाओं को तेज कर दिया है।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता और राज्य के ऊर्जा मंत्री केजे जॉर्ज ने रविवार को मुख्यमंत्री सिद्धारमैयाऔर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात की और बाद में श्री शिवकुमार के साथ भी एक अलग बैठक की। पार्टी सूत्रों ने हालांकि इन बैठकों को नियमित मुलाकात मात्र बताया और श्री जॉर्ज की मध्यस्थता की भूमिका को खारिज कर दिया। इस बीच, श्री सिद्धारमैया के खेमे ने अपनी ताकत की पुष्टि करने के प्रयास तेज कर दिए हैं। पिछले दो दिनों में मुख्यमंत्री के बेटे डॉ. यतींद्र सिद्धारमैया ने मुख्यमंत्री के लिए समर्थन मजबूत करने के ख्याल से उत्तर कन्नड़ जिले में व्यक्तिगत रूप से कांग्रेस विधायकों से मुलाकात की है।

दूसरी ओर, श्री शिवकुमार के समर्थक विधायकों के समूह लगातार दिल्ली का दौरा कर रहे हैं। छह-सात विधायकों का एक और जत्था रविवार शाम को एआईसीसी महासचिव केसी वेणुगोपाल से मिलने के लिए रवाना हुआ। कथित तौर पर महासचिव ने पिछली मौखिक सहमति पर चिंता व्यक्त की। हालांकि, पार्टी नेतृत्व ने ऐसी किसी व्यवस्था की पुष्टि करते हुए कोई बयान जारी नहीं किया है।

## पेज एक का शेष

### श्रीराम मंदिर के...

शंकराचार्य द्वार से प्रवेश कर श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में स्थित सप्त ऋषि मंदिर पहुंचेगा जहां वह विधि विधान से सप्त ऋषि मंदिर में पूजन करेंगे और यहीं से परिसर में स्थित ग्रीन हाउस में जायेंगे। प्रधानमंत्री के लिए 45 मिनट का समय सुरक्षित रखा गया है। राममंदिर परिसर में प्रधानमंत्री का स्वागत श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपतराय और राममंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेन्द्र मिश्र करेंगे। श्री मोदी परकोटा एवं श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में स्थित सभी मंदिरों में दर्शन करेंगे। प्रधानमंत्री राममंदिर के शिखर पर मंदिर के पिछले भाग में बने मंच से ध्वजारोहण करेंगे। शुभ मुहुर्त 11 बज कर 55 मिनट से 12 बजे का है। इसी समय प्रधानमंत्री राममंदिर शिखर पर सेना की उपस्थिति में ध्वज फहराएंगे। ध्वजारोहण समारोह के बाद मंदिर के मुख्य प्रवेश स्थल के बगल मंच से आमंत्रित अतिथियों को संबोधित करेंगे।

### सात हजार सुरक्षा...

की गई है 14 एसपी स्तर के अधिकारी, 30 एएसपी, 90 डिप्टी एसपी, 242 इंस्पेक्टर, 1060 एसआई, 80 महिला एसआई, 3090 पुरुष हेड कांस्टेबल, 448 महिला हेड कांस्टेबल। इनके अलावा ट्रैफिक व्यवस्था के 16 टीआई, 130 टीएसआई, 820 ट्रैफिक सिपाही भी मुस्तैद रहेंगे। साथ ही एटीएस कमाण्डो की दो, एनएसजी स्नाइपर की दो, एंटी ड्रोन यूनिट की एक टीम की ड्यूटी भी लगाई गई है। बम निरोधक दस्ते की नौ टीम, 15 स्पॉट चेक टीम, 105 दरवाजा नुमा मेटल डिटेक्टर, 380 हाथ वाले मेटल डिटेक्टर के साथ चार साइबर कमाण्डो भी मुस्तैद रहेंगे।

### जस्टिस सूर्यकांत...

मंत्री अमित शाह, कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, भारी उद्योग और इस्पात मंत्री एच डी कुमारस्वामी, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे पी नड्डा, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह सहित अन्य प्रमुख केन्द्रीय मंत्री और हस्तियां मौजूद रहीं।

### राजनीतिक दलों को मिले ...

बुद्धिमत्तापूर्ण और पूरी तरह से सूचित निर्णय लेने से वंचित रह जाते हैं। शीर्ष अदालत ने केंद्र, निर्वाचन आयोग और अन्य को नोटिस जारी कर याचिका पर जवाब मांगा है। याचिका में निर्वाचन आयोग को यह निर्देश देने की भी मांग की गई है कि वह किसी राजनीतिक दल के पंजीकरण और चुनाव चिन्ह के आवंटन के लिए एक शर्त के रूप में यह निर्धारित करे कि कोई भी राजनीतिक दल नकद में कोई राशि प्राप्त नहीं कर सकता। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि मामले को चार सप्ताह बाद सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा। शुरुआत में, पीठ ने याचिकाकर्ता खेम सिंह भाटी की ओर से वकील स्नेहा कलिता के साथ पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता विजय हंसारिया से पूछा कि उन्होंने पहले उच्च न्यायालय का रुख क्यों नहीं किया। पीठ ने कहा, 'उच्च न्यायालय को इस पर विचार करने दीजिए। हंसारिया ने कहा कि यह याचिका देश भर में सभी राजनीतिक दलों और उन्हें मिलने वाले वित्तपोषण से संबंधित है।' पीठ ने याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति जताते हुए निर्वाचन आयोग, केंद्र और भाजपा तथा कांग्रेस जैसे कई राजनीतिक दलों सहित अन्य को नोटिस जारी किए। याचिका में आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 13ए के खंड (डी) को असंवैधानिक करार देते हुए रद्द करने की मांग की गई है और साथ ही उच्चतम न्यायालय के 2024 के फैसले का भी हवाला दिया गया है, जिसमें चुनावी बांड योजना को रद्द कर दिया गया था। वकील जयेश के उन्नीकृष्णन के माध्यम से दायर याचिका में कहा गया है, 'याचिकाकर्ता यह निर्देश चाहता है कि राजनीतिक दल उन्हें कोई भी धनराशि देने वाले व्यक्ति का नाम और अन्य सभी विवरण उजागर करें तथा कोई भी धनराशि नकद में प्राप्त न की जाए, ताकि राजनीतिक चंदे में पारदर्शिता बनी रहे। अधिनियम की धारा 13ए राजनीतिक दलों की आय से संबंधित विशेष प्रावधान से जुड़ा है। याचिका में कहा गया कि अधिनियम में धारा 13ए जोड़ी गई है और राजनीतिक दलों को मिलने वाली जमानत राशि पर ब्याज, मकान/संपत्ति से आय, अन्य स्रोतों से आय, तथा स्वैच्छिक चंदे के रूप में मिलने वाली किसी भी रकम को कुल आय की गणना से मुक्त रखा गया है। याचिका में यह निर्देश देने की भी मांग की गई है कि निर्वाचन आयोग सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के फॉर्म 24ए (चंदा विवरण) की जांच करे और जिन चंदों में दाता का पता या पैन नहीं दिया गया है, उस राशि को संबंधित दलों से वापस जमा करवाए। याचिका में केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) को पिछले पांच वर्षों के दौरान आयकर अधिनियम की धारा 142 और 143 के तहत राजनीतिक दलों द्वारा दाखिल आयकर रिटर्न और ऑडिट रिपोर्ट की जांच करने का निर्देश देने की भी मांग की गई है।

### 'ही-मैन' धर्मेंद्र...

मीडिया पर एक लंबे, भावुक पोस्ट के जरिए उन्हें श्रद्धांजलि दी। इंस्टाग्राम पर लिखे संदेश में करण जौहर ने कहा कि धर्मेंद्र का जाना वास्तव में एक युग का अंत है। करण ने लिखा, ''यह एक युग का अंत है३ एक बहुत बड़े मेगास्टार का जाना३ मुख्यधारा के सिनेमा में हीरो का असली अवतार३ अविश्वसनीय रूप से सुंदर और रहस्यमय स्क्रीन प्रेजेंस। वह हमेशा भारतीय सिनेमा के एक वास्तविक लीजेंड रहे हैं और रहेंगे। उन्होंने आगे कहा कि धर्मेंद्र न केवल पर्दे पर बल्कि असल जिंदगी में भी उतने ही महान थे, ''सबसे बढ़कर वह सबसे अच्छे इंसान थे। हमारी इंडस्ट्री में हर कोई उन्हें बेहद प्यार करता था। उनके पास सबके लिए सिर्फ प्यार, अपनापन और सकारात्मक ऊर्जा थी। उनका आशीर्वाद, उनका आलिंगन और उनकी गर्मजोशी बेहद याद आएगी। आज हमारी इंडस्ट्री में एक बड़ा खालीपन है३ एक ऐसी जगह जिसे कोई भी कभी नहीं भर सकता। हमेशा एक ही रहेंगे, एकमात्र धरमजी। हम आपसे बहुत प्यार करते हैं सर। हम आपको बेहद याद करेंगे। आज स्वर्ग धन्य हो गया है। अभी ना जाओ छोड़कर३ कि दिल अभी भरा नहीं३ ओम शांति।'' धर्मेंद्र को 31 अक्टूबर 2025 को रेगुलर चेकअप के लिए ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालांकि शुरुआत में उनकी हालत स्थिर थी, लेकिन धीरे-धीरे स्थिति गंभीर होती चली गई। उन्हें सांस लेने में लगातार कठिनाई हो रही थी। 10 नवंबर को उनकी हालत नाजुक होने के बाद पूरा परिवार अस्पताल पहुंच गया था, हेमा मालिनी, सनी देओल, ईशा देओल, अभय देओल, करण देओल और राजवीर देओल सभी उनके पास मौजूद थे। परिवार, डॉक्टर और फैंस सब कामना कर रहे थे कि वह ठीक होकर फिर से घर लौट आएं, लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। धर्मेंद्र का फिल्मी सफर किसी सपने जैसा रहा, एक ऐसा सफर, जिसकी शुरुआत 1960 में रिलीज हुई फिल्म 'दिल भी तेरा हम भी तेरे' से हुई थी। एक नौजवान, जो सिर्फ कैमरे से नहीं बल्कि दिलों से बात करने के लिए पैदा हुआ था। अगले ही साल वह 'बॉय फ्रेंड' में सपोर्टिंग रोल में नजर आए, और वहीं से उनके अंदर का असली सितारा चमकने लगा। उनकी आंखों की मासूमियत, उनकी मुस्कान की सादगी और उनकी भारी आवाज का जादू धीरे-धीरे भारतीय सिनेमा पर पूरी तरह छा गया। कुछ ही सालों में धर्मेंद्र ऐसे मुकाम पर पहुंच गए, जहां पहुंचना सिर्फ एक्टर्स के बस की बात नहीं, वह सिर्फ मेहनत, जुनून और ईमानदार लगन का नतीजा होता है। लगभग 65 वर्षों तक धर्मेंद्र ने लगातार बड़े पर्दे पर अपनी मौजूदगी का जादू चलाया। यह वह दौर था जब हर साल उनकी किसी न किसी फिल्म का इंतजार होता था, और थिएटरों में भीड़ सिर्फ एक नाम की वजह से उमड़ती थी, धर्मेंद्र। उन्होंने रोमांस भी किया तो दिल जीत लिया, कॉमेडी की तो हर डायलॉग पर हंसी गूंज उठी, और जब एक्शन किया तो लोग सीटियां बजाना नहीं रोक पाए। उनकी बहुमुखी प्रतिभा की मिसाल आज भी दी जाती है। धर्मेंद्र की सुपरहिट फिल्मों की सूची इतनी लंबी है कि उसे गिनते-गिनते वक्त लग जाए, लेकिन कुछ फिल्में ऐसी हैं जो भारतीय सिनेमा की रीढ़ बन चुकी हैं। 'शोले' (1975) में वीरू बनकर उन्होंने दोस्ती और मस्ती दोनों को एक नए रूप में पेश किया। 'चुपके-चुपके' में प्रोफेसर परिमल त्रिपाठी के किरदार में उनकी कॉमिक टाइमिंग आज भी लोग मिसाल के तौर पर याद करते हैं। 'सीता और गीता' (1972), 'धरमवीर' (1977), 'फूल और पत्थर' (1966), 'जुगनू' (1973) और 'यादों की बारात' (1973) इन फिल्मों का जिक्र किए बिना हिंदी सिनेमा का इतिहास अधूरा है। धर्मेंद्र सिर्फ एक सुपरस्टार नहीं थे, वह दर्शकों की भावनाओं के बेहद करीब थे। उनकी रोमांटिक इमेज ने लड़कियों का दिल जीत लिया, उनकी एक्शन हीरो की छवि ने उन्हें 'ही-मैन' बनाया, और उनकी कॉमिक टाइमिंग ने उन्हें हर घर का चेहरा बना दिया। लोग सिर्फ उनकी फिल्में नहीं देखते थे, बल्कि उन्हें अपना मानते थे। स्क्रीन पर धर्मेंद्र का आना मतलब पूरा हॉल तालियों और सीटियों से गूंज उठना और वही स्टारडम की असली परिभाषा है। उन्होंने हर जॉनर में अपना लोहा मनवाया, हर रोल को पूरी ईमानदारी के साथ जिया, और अपने काम से साबित किया कि असली सितारा वही होता है जो दिलों में बस जाता है। धर्मेंद्र का सफर सिर्फ 65 साल का करियर नहीं था वह भारतीय सिनेमा का एक स्वर्णिम अध्याय था, जो हमेशा-हमेशा के लिए इतिहास में दर्ज रहेगा। धर्मेंद्र के चाहने वालों के लिए एक और भावनात्मक पल हाल ही में आया, जब फिल्म 'इक्कीस' से उनका नया मोशन पोस्टर जारी किया गया। इस पोस्टर में धर्मेंद्र की आवाज भी सुनाई देती है, जिसने फैंस को भावुक कर दिया है। अगस्त्य नंदा स्टारर यह फिल्म 25 दिसंबर को रिलीज होगी और यही धर्मेंद्र की आखिरी फिल्म मानी जा रही है। उनकी आवाज और उनकी मौजूदगी इस फिल्म के ज़रिए फैंस को एक बार फिर उनसे जोड़ देगी।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हाजीपुर औद्योगिक क्षेत्र की औद्योगिक इकाइयों का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को हाजीपुर औद्योगिक क्षेत्र का भ्रमण कर औद्योगिक इकाइयों यथा न्यू जील सीजनल वियर प्राइवेट लिमिटेड, कॉम्पीटेंस एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड एवं ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड का निरीक्षण किया। भ्रमण के क्रम में मुख्यमंत्री ने न्यू जील सीजनल वियर प्राइवेट लिमिटेड का निरीक्षण कर वहां तैयार किये जा रहे विभिन्न प्रकार के वस्त्रों एवं कार्यरत कर्मियों की संख्या आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री ने टेलरिंग के काम में लगे कर्मियों से बातचीत कर औद्योगिक इकाई की ओर से उन्हें दी जाने वाली सुविधाओं के संबंध में भी जानकारी ली। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने हाजीपुर औद्योगिक क्षेत्र अंतर्गत



कॉम्पीटेंस एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कॉम्पीटेंस एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड में बनाये जा रहे विभिन्न प्रकार के जूतों से संबंधित बाजार, कच्चे माल आदि के संबंध में प्रबंधन से विस्तृत जानकारी ली। हाजीपुर औद्योगिक क्षेत्र स्थित ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड का भी मुख्यमंत्री ने निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि यहां मुख्य रूप से बिस्कुट और कुकीज़ का निर्माण होता है, जो पूरे भारत के साथ-साथ विदेशों में भी भेजे जाते हैं। यह कंपनी ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड का हिस्सा है, जो बिस्कुट, ब्रेड और डेयरी उत्पादों के निर्माण के लिए जानी जाती है। मुख्यमंत्री ने हाजीपुर औद्योगिक क्षेत्र के इन औद्योगिक इकाइयों में चल रही उत्पादन गतिविधियों, उद्योग विस्तार की संभावनाओं तथा रोजगार सृजन से जुड़े मुद्दों सहित अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री ने औद्योगिक विकास को और अधिक गति देने के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए, जिससे कि ज्यादा से ज्यादा रोजगार का सृजन हो सके। हाजीपुर कलस्टर बिहार का एक प्रमुख औद्योगिक केंद्र है, जिसमें हाजीपुर औद्योगिक क्षेत्र और निर्यात प्रोत्साहन औद्योगिक पार्क सहित कुल 9 औद्योगिक क्षेत्र सम्मिलित हैं। इस क्लस्टर में अब तक 289 औद्योगिक इकाइयों को भूमि आवंटित की जा चुकी है। क्लस्टर में 291.83 एकड़ भूमि आवंटित है तथा 304.11 एकड़ भूमि आवंटन के लिए उपलब्ध है।

# बिहार के पंचायती राज मंत्री ने विभागीय कार्यप्रणाली का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार सरकार के पंचायती राज विभाग के मंत्री दीपक प्रकाश ने सोमवार को कार्यालय प्रारम्भ होने के उपरांत विभाग के सभी प्रशाखाओं का निरीक्षण किया। मंत्री के इस निरीक्षण का उद्देश्य विभागीय कार्य संस्कृति को सुदृढ़ करना, समयबद्ध उपस्थिति सुनिश्चित करना तथा कार्य निष्पादन की गुणवत्ता को और बेहतर बनाना था। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने सबसे पहले संबंधित शाखाओं में पहुंचकर पदाधिकारियों एवं कर्मियों की उपस्थिति की जांच की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सभी कर्मचारी समय से कार्यालय आएं तथा सौंपे गए कार्यों को निष्ठा एवं पारदर्शिता के साथ पूरा करें। मंत्री ने कहा कि विभाग की दक्षता सीधे पंचायत स्तर तक पहुंचने वाली योजनाओं और सेवाओं को प्रभावित करती है, इसलिए कार्यालयी अनुशासन से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। मंत्री दीपक प्रकाश ने विभिन्न शाखाओं का भ्रमण करते हुए कर्मचारियों से सीधे बातचीत भी की। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों से परिचय प्राप्त किया और उनके कार्य दायित्वों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बेहतर कार्य वातावरण, स्पष्ट दिशानिर्देश और सहयोगपूर्ण तंत्र से ही सरकारी योजनाओं का लाभ आम जन तक समय पर पहुंच सकता है। निरीक्षण के अंत में मंत्री ने पुनः सभी कर्मचारियों को दक्षता, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व के साथ कार्य करने की अपील की तथा विभागीय कार्यों को और सुदृढ़ बनाने के लिए सतत समीक्षा की बात कही।



# ट्रैवल एजेंट के खिलाफ शिकायत पर कथित निष्क्रियता के बाद युवक ने आत्महत्या की

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फगवाड़ा। पंजाब में सुल्तानपुर लोधी के पास कर्मजीतपुर गाँव के एक युवक ने रविवार को एक ट्रैवल एजेंट के खिलाफ पुलिस में दर्ज शिकायत पर कथित तौर पर कोई कार्रवाई न होने पर आत्महत्या कर ली। एजेंट ने उसे विदेश भेजने का वादा करके उससे 25 लाख रुपये लिए थे। इस मामले ने पुलिस विभाग में गंभीर चिंता पैदा कर दी है क्योंकि मृतक ने एक सुसाइड नोट में ट्रैवल एजेंट और एक डीएसपी दोनों को अपनी मौत के लिए ज़िम्मेदार ठहराया है।

जानकारी के अनुसार, कर्मजीतपुर निवासी गुरप्रीत सिंह ने दो साल पहले विदेश यात्रा की व्यवस्था के लिए डडविंडी गाँव के एक ट्रैवल एजेंट को 25 लाख रुपये दिए थे। हालाँकि, लंबे इंतज़ार के बाद भी एजेंट ने न तो उसे विदेश भेजा और न ही पैसे वापस किए। देरी और धोखाधड़ी के संदेह से परेशान होकर, गुरप्रीत ने दो महीने पहले कपूरथला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को एक लिखित शिकायत दी थी। बाद में यह मामला डीएसपी (एनडीपीएस) सुखपाल सिंह रंधावा को सौंप दिया गया। शिकायत को जाँच के लिए भेजे जाने के बावजूद, गुरप्रीत और उसके परिवार ने आरोप लगाया कि कोई प्रगति नहीं हुई। उसके पिता बूटा सिंह ने कहा कि उन्होंने अपने बेटे के लिए न्याय की माँग करते हुए कई बार पुलिस के विभिन्न कार्यालयों का दरवाजा खटखटाया, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। लंबे समय तक देरी और समाधान न होने से गुरप्रीत कथित तौर पर बेहद निराश हो गया। गुरप्रीत ने घर पर ही ज़हरीला पदार्थ खा लिया। उसकी हालत तेज़ी से बिगड़ी और उसे एक निजी अस्पताल ले जाया गया। उसकी हालत और बिगड़ने पर उसे जालंधर के एक अन्य निजी अस्पताल में रेफर कर दिया गया, जहाँ बाद में उसकी मौत हो गई।

# हर्षिल में सामुदायिक रेडियो स्टेशन का शुभारंभ, सीमांत क्षेत्रों में संचार की नई क्रान्ति

कैनविज टाइम्स संवाददाता

उत्तरकाशी। भारत -चीन सीमा से सटे हर्षिल वैली के सीमांत गांवों के लिए संचार के क्षेत्र में एक बड़ा कदम उठाते हुए भारतीय सेना ने जिला प्रशासन के सहयोग से राइका हर्षिल में सामुदायिक रेडियो स्टेशन का विधिवत लोकार्पण किया।

वाइब्रेंट विलेज योजना के तहत स्थापित रेडियो स्टेशन का उद्घाटन उत्तरी भारत क्षेत्र के जनरल ऑफिसर कमांडिंग, लेफ्टिनेंट जनरल एवीएसएम डी.जी.मिश्रा ने बालिका से फीता कटवाकर किया। रेडियो स्टेशन के संचालन से उपला टकनोर क्षेत्र के आठ सीमांत गांव अब देश-दुनिया से सीधे जुड़ सकेंगे। सीमावर्ती गांवों को अब जानकारी,मनोरंजन और आपात संदेशों के लिए एक सशक्त और भरोसेमंद माध्यम प्राप्त हुआ है। बता दें कि सामरिक और आपदा की दृष्टि से सीमांत क्षेत्रों में सामुदायिक रेडियो स्टेशन अति महत्वपूर्ण भूमिका निभाईयेगा। आपदा के दौरान संचार सेवा और सड़क कनेक्टिविटी से उक्त सीमांत क्षेत्र के गांव देश दुनिया से अलग



थलग पड़ जाते थे। पांच अगस्त 2025 और वर्ष 2021-13 की आपदा के दौरान महिनों तक यहां सड़क संचार व्यवस्था ठप रही। सरकारी योजनाओं कृषि,बागवानी व शिक्षा,स्वास्थ्य व आपदा प्रबंधन स्थानीय संस्कृति,लोककला और मनोरंजन से जुड़ी जानकारी नियमित रूप से प्रसारित की जाएगी। ग्रामीणों ने इस पहल पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि अब उन्हें समय पर विश्वसनीय सूचना और आपात संदेश आसानी से प्राप्त हो सकेंगे। लोकार्पण के अवसर पर लेफ्टिनेंट जनरल डी.जी.मिश्रा ने कहा कि सेना सीमावर्ती क्षेत्रों में सामुदायिक रेडियो स्टेशन स्थापित करने के प्रयासों को निरंतर आगे बढ़ा रही है, ताकि यहां के लोगों को अपनी बात रखने और अपनी संस्कृति व जीवन-शैली को देश तक पहुँचाने का अवसर मिल सके। उन्होंने कहा कि इन स्टेशनों के माध्यम से देश के अन्य हिस्सों के लोग भी जान पाएंगे कि सीमांत क्षेत्रों में रहने वाले लोग किस प्रकार जीवन जीते हैं,उन्हें कौन-कौन सी सुविधाएं मिल रही हैं और यहां किस तरह विकास हो रहा है। लेफ्टिनेंट जनरल मिश्रा ने बताया कि सेना द्वारा इससे पहले जोशीमठ और पिथौरागढ़ में सामुदायिक रेडियो स्टेशन स्थापित किए जा चुके हैं, जबकि हिमाचल प्रदेश में भी ऐसे स्टेशन संचालित हो रहे हैं। स्थानीय लोगों ने इन पहलों से काफी लाभ पाया है और इसकी सराहना भी की है। उन्होंने कहा कि आपदा की स्थितियों में या किसी महत्वपूर्ण सूचना के समय यह रेडियो स्टेशन लोगों को समय पर सचेत करने में अत्यंत प्रभावी साबित होंगे। उन्होंने कहा कि यह नया सामुदायिक रेडियो स्टेशन न केवल संचार तंत्र को मजबूत करेगा,बल्कि सीमांत गांवों की आवाज़ को दूर-दूर तक पहुँचाने का एक सशक्त मंच बनेगा। लोकार्पण कार्यक्रम में ब्रिगेडियर वीएसएम एमएस डिल्लों, कर्नल हर्षवर्धन सिंह शेखावत, लेफ्टिनेंट कर्नल टिज़्यू थॉमस, मुख्य शिक्षा अधिकारी अमित कोटियाल, खंड विकास अधिकारी डॉ.अमित ममगाईं, खंड शिक्षा अधिकारी हर्षा रावत,ग्राम प्रधान बगोरी, रंजीता डोगरा, सुचिता रौतेला,शशि कपूर सहित राजस्व के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने गुरु तेग बहादुर के बलिदान दिवस पर दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। सिखों के नौवें गुरु, 'हिन्द दी चादर' श्री गुरु तेग बहादुर के बलिदान दिवस पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने सोमवार को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने गुरु साहिब के अद्वितीय साहस, त्याग और मानवाधिकारों की रक्षा के लिए दिए गए सर्वोच्च बलिदान को नमन किया। दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर लिखा है कि महान संत, असाधारण योद्धा, धर्म एवं मानवता के रक्षक, 'हिन्द दी चादर' के नाम से प्रख्यात सिखों के नौवें गुरु श्री तेग बहादुर महाराज को उनके बलिदान दिवस पर कोटिशः नमन एवं विनम्र श्रद्धांजलि। उन्होंने कहा कि अधर्म, अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध अविराम संघर्ष का प्रतीक, उनका तपस्वी जीवन पूरी मानव सभ्यता के लिए प्रेरणा-पुंज है। उल्लेखनीय है कि, सिखों के नौवें गुरु, गुरु तेग बहादुर की शहादत को इस बार 350वीं वर्षगांठ के रूप में मना रहे है।

# पुलिस के साथ मुठभेड़ में सोनू खत्री गैंग का एक वांछित बदमाश घायल

जालंधर। पंजाब में गोराया के कमालपुर गाँव में सोमवार को पुलिस मुठभेड़ में सोनू खत्री गैंग का एक वांछित बदमाश घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि जवाबी कार्रवाई के दौरान आरोपी गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी के बाएँ पैर में गोली लगी और उसे बाद में हिरासत में ले लिया गया। पुलिस ने बताया कि उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) हरविंदर सिंह विर्क ने बताया कि आरोपी कई महीनों से फरार था और उसकी गिरफ्तारी क्षेत्र में आपराधिक नेटवर्क के खिलाफ चल रहे अभियानों में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। उन्होंने कहा कि गोपी लंबे समय से फरार था और नशीले पदार्थों की तस्करी, मारपीट और अन्य आपराधिक गतिविधियों सहित कम से कम पाँच मामलों में वांछित था।

# बजरंगबली की मूर्ति क्षतिग्रस्त, ग्रामीणों ने काटा बवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

भागलपुर। जिले मधुसूदनपुर थाना क्षेत्र के मनोहरपुर मोड़ के समीप स्थित बजरंगबली मंदिर में असामाजिक तत्वों ने मूर्ति को क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में आक्रोश फैल गया। मंदिर परिसर में स्थापित मूर्ति पूरी तरह क्षति-ग्रस्त पड़ी मिली। जिसके बाद लोगों ने हंगामा करना शुरू करदिया, इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश की। ग्रामीणों ने आरोपियों की पहचान कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। गांव के युवक सोनू कुमार ने बताया कि वे सभी सालों से सुबह यहां फिजिकल ट्रेनिंग के लिए आते हैं, लेकिन सोमवार सुबह जब मंदिर के पास पहुंचे तो देखा कि मूर्ति पूरी तरह तोड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत दुखद और



अस्वीकार्य घटना है। सोनू ने बताया कि उन्होंने पुलिस को इसकी जानकारी देकर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। गांव के ही मुरारी यादव ने बताया कि वे प्रतिदिन की तरह मंदिर में पूजा करने आए थे, लेकिन आज मूर्ति को पूरी तरह क्षतिग्रस्त देखकर स्तब्ध रह गए। उन्होंने कहा कि ऐसी हरकतें गांव की धार्मिक आस्था पर कुठाराघात हैं और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। घटना किसने किया है, इसकी जानकारी किसी को नहीं है। फिलहाल पुलिस मौके पर जांच कर रही है। मौके पर पहुंचे सिटी एसपी शुभांक मिश्रा सीटी डीएसपी राकेश कुमार ने भी जांच की। एसपी ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल जा रहा है। जल्द अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# भीषण सड़क दुर्घटना में एक छात्र की मौत, अन्य घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फगवाड़ा। पंजाब में फगवाड़ा के ईस्टवुड के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार देर रात दो ट्रकों और एक मोटरसाइकिल के बीच हुई एक भीषण टक्कर में एक निजी विश्वविद्यालय के छात्र की मौत हो गई और एक अन्य छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि यह घटना फगवाड़ा में राष्ट्रीय राजमार्ग-1 पर चहेरू गाँव के पास हुई, जहाँ कई वाहनों की आपस में हुई टक्कर के बाद भीषण आग लग गई। इस अफरा-तफरी के बीच, राजमार्ग से गुजर रहा एक ट्रक भी आग की चपेट में आकर क्षतिग्रस्त हो गया। इस हादसे में मोटरसाइकिल सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्भाग्य से, उनमें से एक, जिसकी पहचान केरल निवासी अस्मिर रऊफ के रूप में हुई, ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल के शवगृह में भेज दिया है। रऊफ जालंधर-फगवाड़ा राजमार्ग पर स्थित एक निजी विश्वविद्यालय में एयरपोर्ट मैनेजमेंट का कोर्स कर रहा था। उनके साथी विनायक उर्फ सुरेश, जो स्वयं भी एक छात्र है, के पैर में फ्रैक्चर हो गया और उसे सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां सरकारी डॉक्टरों की देखरेख में उसका इलाज चल रहा है। सतनामपुरा थाने के एसएचओ हरदीप सिंह ने सोमवार को बताया कि जब हादसा हुआ, उस समय फगवाड़ा से जालंधर की ओर जाने वाला यातायात पहले से ही एक दुर्घटना के कारण बेहद धीमी गति से चल रहा था, जहाँ पुलिस राहत कार्यों में लगी हुई थी।

# अस्सी गंगा क्षेत्र में पिछले 20 वर्षों में 125 गंभीर दुर्घटनाए दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

उत्तरकाशी। कलेक्ट्रेट भवन के सभागार में जंगली जानवरों के लागातार हो रहे हमलों को लेकर एक गोष्ठी आयोजित की गई। इस कार्यक्रम का आयोजन डॉ. कपिल यादव किंग्स कॉलेज लंदन और रॉयल होलोवे, यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन में शोधकर्ता हैं। गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण समुदायों द्वारा आजीविका के लिए घास, ईंधन लकड़ी और चारे की पत्तियाँ एकत्र करते समय आने वाली चुनौतियों और जोखिमों पर चर्चा और ध्यान आकर्षित करना था। अस्सी गंगा घाटी की आठ ग्राम पंचायतों से लगभग 40 ग्रामीणों ने इसमें हिस्सा लिया है । प्रतिभागियों ने साझा किया कि खेती और पशुपालन को बनाए रखने के लिए प्रतिदिन जंगल से संसाधन लाने में विशेष रूप से महिलाओं को कई जोखिम झेलने पड़ते हैं। घास काटते समय फिसलने या पेड़ों से पत्तियाँ तोड़ते समय गिरने जैसी घटनाएँ आम हैं, लेकिन इन पर शायद ही सरकारी स्तर पर चर्चा होती है।



इन घटनाओं को कार्य-सम्बन्धी दुर्घटनाओं के रूप में औपचारिक रूप से दर्ज नहीं किया जाता, इसलिए उत्तराखंड में घास, चारा और ईंधन लकड़ी लाते समय कितनी महिलाओं की मृत्यु या चोट होती है, इसका कोई सरकारी आँकड़ा उपलब्ध नहीं है। डॉ. कपिल यादव ने अपने सर्वेक्षण से प्राप्त आँकड़े साझा किए। अस्सीगंगा घाटी की लगभग 4,500 की आबादी वाली आठ ग्राम पंचायतों में पिछले 20 वर्षों में 125 गंभीर दुर्घटनाएँ दर्ज की गईं। इनमें से 40 दुर्घटनाओं में मृत्यु हुई, और इनमें से 24 मौतें घास काटते समय फिसलकर गिरने से हुईं।उन्होंने बताया कि जहाँ भालू हमलों पर कभी-कभी मीडिया में आ जाता है, वहीं घास और चारा लाने जैसी रोज़मर्रा की गतिविधियों के दौरान होने वाली मौतें और चोटें अदृश्य बनी रहती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यह पहल उनकी तरफ से एक छोटा सा पहला प्रयास है, और आशा है कि राज्य इस विषय को समझने और दर्ज करने की आवश्यकता पर संज्ञान लेगा। सेकू के ग्राम प्रधान गौरव रावत ने कहा कि यह डेटा ग्रामीण महिलाओं की कठिनाइयों को सामने लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। दसरा की प्रधान बीना राणा ने कहा, ञ्भले ही घस्यारी महिलाएँ रोज़ दिखती हैं, लेकिन उनकी मुश्किलों और चोटों पर कोई चर्चा नहीं होती।ङ्क नाल्ड की आँस्था पंवार ने कहा, ञ्जंगल सिर्फ पेड़ का नहीं है, हमें पेड़ और घास–दोनों चाहिए। चर्चा में यह सामने आया कि ग्रामीण पलायन को समझने और रोकने के लिए गाँवों में रहने वाली महिलाओं के कार्य और जोखिमों को पहचानना और समर्थन देना आवश्यक है। प्रतिभागियों ने चरागाह विकास, महिलाओं द्वारा रोजाना इस्तेमाल किए जाने वाले रास्तों की मरम्मत और आक्रामक वनस्पतियों पर नियंत्रण जैसी ज़रूरतों पर जोर दिया।

# अतिरिक्त आयुक्त ने दैनिक प्रसंस्करण आंकड़ों तथा कचरे के निस्तारण की समग्र प्रगति का मूल्यांकन किया

अमृतसर। पंजाब में अमृतसर नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त सुरिंदर सिंह ने सोमवार को भागतावाला डंप साइट पर चल रहे बायोरिमेडिएशन कार्य की समीक्षा की और दैनिक प्रसंस्करण आंकड़ों तथा कचरे के निस्तारण की समग्र प्रगति का मूल्यांकन किया। अतिरिक्त आयुक्त ने कार्यकारी कंपनी को निर्देश दिए कि बायो-रिमेडिएशन कार्य को और तेज किया जाए, पर्याप्त मशीनरी व मानव संसाधन तैनात किए जाएं, कार्य बिना बाधा जारी रखा जाए तथा साइट पर स्वच्छता और सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने परियोजना को समय पर पूरा करने पर विशेष जोर दिया, जिससे आसपास के क्षेत्रों को दीर्घकालिक पर्यावरणीय राहत मिल सके। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त आयुक्त ने दैनिक प्रसंस्करण आंकड़ों तथा कचरे के निस्तारण की समग्र प्रगति का मूल्यांकन किया। साइट के आंकड़ों के अनुसार 31 अक्टूबर तक कुल 29,445 टन लेगेसी वेस्ट प्रक्रिया की जा चुका था, जबकि एक नवंबर से 23 नवंबर 2025 के बीच अतिरिक्त 38,576 टन कचरे का निस्तारण किया गया।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063